

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 22 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –217 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23




महाभारत के संग्राम की तरह दिखाई दे रहा राजस्थान चुनाव : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र
■ गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं पृष्ठ 6
■ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान की 'जेल सुनवाई' को किया अवैध घोषित
■ आसियान चाहता है कि भारत आरसीईपी में शामिल हो पृष्ठ 7
सूर्य कुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में होंगे भारत के कप्तान पृष्ठ 8

### नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त




■ दिल्ली, मुंबई व लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी शामिल

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि जब्त की गई संपत्ति में एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई है। इस कंपनी में सोनिया-राहुल की 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी मामले में ईडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। 2 और 3 अगस्त को ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया था।

**नेहरू ने शुरू किया था नेशनल हेराल्ड अखबार**

जिस नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मामले में सोनिया और राहुल को ईडी ने समन भेजा है, उसे 1938 में जवाहर लाल नेहरू ने 5 हजार स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर शुरू किया था। इस अखबार का प्रकाशन असोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) द्वारा किया जाता था। आजादी के बाद ये अखबार कांग्रेस का मुखपत्र बन गया। एजेएल इस अखबार का प्रकाशन तीन भाषाओं में करता था। अंग्रेजी में 'नेशनल हेराल्ड' के अलावा हिंदी में 'नवजीवन' और उर्दू में 'कौमी आवाज।' धीरे-धीरे अखबार घाटे में चला गया और कांग्रेस से मिले 90 करोड़ रुपए के कर्ज के बावजूद 2008 में बंद हो गया। 2010 में यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नामक नया ऑर्गेनाइजेशन बना, जिसने नेशनल हेराल्ड को चलाने वाले एजेएल का अधिग्रहण कर लिया।

**चुनाव में निश्चित हार से ध्यान हटाने की कोशिश : कांग्रेस**

ईडी की इस कार्रवाई पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ईडी के एजेएल संपत्तियों की कुर्की की खबरें प्रदेशों में चल रहे चुनावों में निश्चित हार से ध्यान हटाने की उनकी हताशा को दिखाती है।' उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के गठबंधन सहयोगी सीबीआई, ईडी या आईटी इनकी (बीजेपी) की हार को चुनाव में नहीं रोक सकता। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, वहीं राजस्थान और तेलंगाना में चुनाव होना है. पांचों राज्यों में हुए इलेक्शन का परिणाम 3 दिसंबर को आएगा।

# एनआईए की अपील सुप्रीम कोर्ट में खारिज

## अब छग पुलिस करेगी झीरम हमले की जांच



**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।इसके साथ ही मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया है। जितेंद्र मुदलियार ने नक्सल हमले में षड्यंत्र की जांच करने एफआईआर दर्ज कराया था।


एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर कहा था कि छत्तीसगढ़ पुलिस जांच नहीं कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर एनआईए की अपील को ख़ारिज कर दिया।सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि शीर्ष न्यायालय के फ़ैसले के बाद अब छत्तीसगढ़ पुलिस षड्यंत्र के एंगल की जांच कर सकती है।

यह घटना 13 मई 2013 में हुई थी। कांग्रेस ने पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया था। इस यात्रा का बस्तर में आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा सहित कई बड़े नेता शामिल थे। कांग्रेस नेताओं का यह काफिला जब झीरम घाटी से गुजर रहा था तब नक्सलियों ने हमला कर दिया। इस घटना में 30 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें कांग्रेस नेता और सुरक्षा कर्मी सहित अन्य शामिल थे।

**इस आधार पर जांच करना चाह रही है राज्य पुलिस**

राज्य सरकार का कहना है कि एनआईए ने अपनी जांच में षडयंत्र के एंगल की जांच नहीं की है। इसी आधार पर राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद 2018 में नए सिरे से जांच की प्रक्रिया शुरू करी गई। सरकार ने एसआईटी का गठित की, लेकिन एनआईए ने दस्तावेज देने से मना कर दिया। एनआईए का तर्क था कि वह मामले की जांच कर रही है और चालान भी पेश कर चुकी है।

**झीरम कांड के पीड़ितों को मिलेगा न्याय : भूपेश**



झीरम कांड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के लिए न्याय का दरवाज़ा खोलने जैसा करार दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि अब छत्तीसगढ़ पुलिस इसकी जांच करेगी। किसने, किसके साथ मिलकर क्या षडयंत्र रचा था, सब साफ़ हो जाएगा।झीरम के शहीदों को एक बार फिर श्रद्धांजलि।एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।इस फैसले के चंद घंटे बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि झीरम कांड दुनिया के लोकतंत्र का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड था। इसमें हमने दिग्गज कांग्रेस नेताओं सहित 32 लोगों को खोया था। उन्होंने कहा कि कहने को एनआईए ने इसकी जांच की, एक आयोग ने भी जांच की, लेकिन इसके पीछे के वृहत राजनीतिक षडयंत्र की जांच किसी ने नहीं की। छत्तीसगढ़ पुलिस ने जांच शुरु की तो एनआईए ने इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था। आज रास्ता साफ़ हो गया है।

### सार संक्षेप

**सेंट्रल जीएसटी एक्टिव मोड में 6000 व्यापारियों को भेजा नोटिस**

**रायपुर**। चुनाव खत्म होते ही सेंट्रल जीएसटी भी एक्टिव मोड में है। जीएसटी ने उन व्यापारियों पर शिकंजा कसा है, जिन्होंने बकाया टैक्स जमा या रिटर्न दाखिल नहीं किया है। ऐसे 6000 से अधिक कारोबारी की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी की जा रही है। इस तरह से बड़ी संख्या में एक साथ नोटिस जारी होने की वजह से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

**बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 फीसदी हुआ**

**पटना**। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को 'बिहार आरक्षण संशोधन विधेयक-2023' को मंजूरी दे दी। इस विधेयक को मंजूरी देने के बाद इसे सरकार को लौटा दिया। बिहार में अब सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगा।

**सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसम्बर तक बढ़ी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी, जिन्हें अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कई दस्तावेज जमा करना लंबित है और आरोपी व्यक्तियों के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल किया जाना है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने जुलाई में ईडी द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामले में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया।

**मेघालय में शुरू हुआ भारत-अमेरिका संयुक्त अभ्यास**

**नई दिल्ली**। भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' मंगलवार को मेघलय के उमरोई में संयुक्त प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी दल का प्रतिनिधित्व प्रथम विशेष बल समूह (एसएफजी) के कर्मियों द्वारा किया जाता है, जबकि भारतीय सेना दल का नेतृत्व पूर्वी कमान के विशेष बल के कर्मियों द्वारा किया जाता है।

**2020 दिल्ली दंगे: सबूतों के अभाव में 7 लोग हुए बरी**

**नई दिल्ली**। साल 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को सात आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अगुवाई वाली अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान में आगजनी, तोड़फोड़ और चोरी में

### राजस्थान में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा



■ घर की महिला मुखिया को हर साल मिलेंगे 10 हजार रुपए
■ चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा

**जयपुर**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश की जनता के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयपुर में कांग्रेस के वार रूम से ये घोषणात्र जारी किया।

कांग्रेस ने अपने घोषणात्र में राज्य के किसानों, महिलाओं और युवाओं सभी को साधने का प्रयास किया है। इनमें किसानों, युवाओं से लेकर महिलाओं को ध्यान में रखकर ऐलान किए गए हैं। घोषणापत्र में वादा किया गया है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घर की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा भी किया गया।

**महिलाओं के हाथ मजबूत किए जाएंगे**

कांग्रेस ने घोषणापत्र में वादा किया है कि पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में प्रदेश की महिलाओं को भी साधने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने वादा किया है कि गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 किया जाएगा। साथ ही ➤➤ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➤

# नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर युवक को दी मौत की सजा

■ बैनर फेंककर लगाया मुखबिरी का आरोप



**कांकेर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम गोमे में नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर ग्रामीण युवक को मौत की सजा देने की सूचना दी है। नक्सलियों ने घटनास्थल पर बैनर भी फेंका है।

जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने ग्राम गोमे में जनअदालत लगाकर हत्या करने की बात कही है. मृतक युवक का नाम अमर सिंह उइका बताया जा रहा है. नक्सलियों ने घटनास्थल पर बैनर भी फेंका है।युवक अमर सिंह पर डीआरजी के लिए मुखबिरी कर दो ग्रामीणों की हत्या करने का नक्सलियों ने आरोप लगाया है. इस घटना की जिम्मेदारी रावघाट एरिया कमेटी ने ली है। वहीं इस मामले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा है कि घटना की जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

### राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# पीएम का मतलब है पनौती मोदी



■ कहा- हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे

**उदयपुर**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पनौती बता दिया है। राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि पीएम का मतलब है पनौती मोदी। उन्होंने विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे। उन्हें हरवा दिया। इसके साथ ही राहुल ने उद्योगपति अडानी को जेब काटने वाला बताया और कहा कि मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अडानी का काम आपकी जेब काटना है। राहुल ने मंगलवार को बाड़मेर के बायतु और उदयपुर के वल्लभनगर में जनसभा को संबोधित किया।

राहुल ने कहा कि ये नफरत और हिंसा क्यों फैलाते हैं और इनको क्या फायदा होता है। मैं आज ये समझाने आया हूं। जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो क्या करते हैं? ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आपसे बात करता है और दूसरा आपकी जेब काटकर ले जाता है। यही काम मोदी और अडानी कर रहे हैं।

**शाह, राजनाथ के बच्चे इंग्लिश स्कूलों में पढ़ते हैं**–राजस्थान में सरकार की ओर से खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे भाजपा नेताओं के बच्चे अच्छे इंग्लिश स्कूलों में पढ़ते हैं। लेकिन, वे आदिवासी बच्चों को नहीं पढ़ना देना चाहते। मैं चाहता हूं कि आदिवासी युवा अगर पायलट बनना चाहता है, अमेरिका जाना चाहता है तो ये उसका हक है।

**पीएम मोदी ने राजस्थान में किया रोड शो**

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी राज्य राजस्थान के बीकानेर शहर में एक रोड शो किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोड शो जूनागढ़ से शुरू होकर गोकुल में खत्म हुआ। सुरक्षा के लिए कम से कम 250 अधिकारी और 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी थे। प्रधानमंत्री के लिए सड़क के किनारे सात स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच लगाए गए थे, जहां कलाकारों ने 'कालबेलिया' नृत्य किया। राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों के लिए एक ही चरण में 25 नवंबर को मतदान होगा।

### ध्वनि प्रदूषण को लेकर सख्त हुआ हाईकोर्ट

# शहरों में साइलेन्स जोन घोषित कर डीजे को प्रतिबंधित करना चाहिए



**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। डीजे से हो रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट ने स्वत-संज्ञान लिया है। इस जनहित याचिका के साथ हस्तक्षेप याचिका पर हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस अरविंद कुमार चन्देल की डबल बेंच ने शासन को प्रकरण में कार्रवाई की जानकारी देने कहा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि, शहरों में साइलेन्स जोन घोषित कर डीजे प्रतिबंधित करना चाहिए।

डीजे के कानफोड़ू शोर से हो रही दिक्कतों पर चीफ जस्टिस ने 2 माह पूर्व 29 सितंबर को स्वत-संज्ञान लिया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा मामले में पूर्व के आदेशों का उल्लेख करते हुए इनके पालन के संबन्ध में मुख्य सचिव को रिपोर्ट देने का अंतरिम आदेश पारित किया था।

सुनवाई के दौरान युगल पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को यह बताने को कहा कि उत्सवों के अवसर के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे द्वारा उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के खतरे को खत्म करने के लिए क्या प्रयास किए कोर्ट ने इस संबंध में एक विस्तृत शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस पर शासन ने नियम बनाकर डीजे प्रतिबन्धित करने की जानकारी दी।चीफ जस्टिस ने माना कि, अफसर ध्वनि प्रदूषण के खतरे को रोकने में कोई भी प्रयास करने में विफल रहे हैं।

# फंड न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

## आरआरटीएस प्रोजेक्ट को 415 करोड़ दे दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) प्रोजेक्ट को फंड न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिलली सरकार से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मंगलवार 21 नवंबर को कहा कि सरकार एक हफ्ते के अंदर 415 करोड़ रुपए दे। अगर नहीं दिया तो दिल्ली सरकार के विज्ञापन बजट पर रोक लगाकर फंडिंग दे देंगे। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच अब 28 नवंबर को मामले की सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि विज्ञापनों पर आपका तीन साल का बजट 1100 करोड़ और इस साल का बजट 550 करोड़ है। आपके पास विज्ञापनों के लिए पैसा है, लेकिन आपके पास उस परियोजना के लिए पैसा क्यों नहीं है, जो लोगों को बेहतर सुविधा देगी। अगर विज्ञापन पर पैसे खर्च किए हैं तो विकास कार्यों पर भी करें।साथ ही कोर्ट ने दिल्ली सरकार से 2 हफ्ते में एक एफिडेविट फाइल करने को कहा है। साथ ही इसमें पिछले 3 वित्तीय वर्ष के दौरान विज्ञापनों पर किए गए खर्च की डिटेल देने का निर्देश दिया है।

**हाईस्पीड रेलवे सर्विस देने का है प्रोजेक्ट**–आरआरटीएस प्रोजेक्ट के जरिए दिल्ली को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ा जाना है। इसके तहत हाईस्पीड कंप्यूटर बेस्ड रेलवे सर्विस दी जाएगी।

### उत्तरकाशी टनल हादसा

# 41 मजदूरों का पहली बार वीडियो आया सामने



**उत्तरकाशी**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे के दसवें दिन मंगलवार को 41 मजदूरों का पहली बार वीडियो सामने आया। सभी मजदूर ठीक हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद रेस्क्यू टीम का उत्साह भी बढ़ गया है। अब सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग होगी, जिसकी पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके लिए ओडिशा से सेना के हेलीकॉप्टर से मोटे पाइप लाकर सिलक्यारा टनल पहुंचाए गए हैं। कोटियाला से बड़ी वर्टिकल मशीन बोर (ड्रिलिंग) करने के लिए सिलक्यारा लाई गई है। अब इन भारी भरकम पाइप और वर्टिकल मशीन को टनल के ऊपर पहाड़ी पर ले जाकर ड्रिलिंग होगी।

**ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञ कर रहे नेतृत्व**–ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड कर रहे हैं। टनल के ऊपर पहले ही ड्रिलिंग वाला स्थान चिन्हित किया जा चुका है। रेस्क्यू टीम पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने को तैयार है। वर्टिकल मशीन सुरंग के ऊपर से नीचे की तरफ ड्रिलिंग करेगी। इस मशीन की खासियत है कि यह बड़े एरिया में ड्रिलिंग करती है।

### राजनीति

**छोटे दल असमंजस में आ रहे हैं नजर, गठबंधन को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे**

# बिहार में छोटे दल तय नहीं कर पा रहे 'सियासी मित्र'

**पटना, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लगभग सारी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन, प्रदेश के छोटे दल अब तक सियासी मित्र को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। इस बीच, अपने वोट बैंक को जोड़ कर रखने और दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने को लेकर सभी दल प्रयास जरूर कर रहे हैं, लेकिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं।**

*विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने 101 दिनों की संकल्प यात्रा के जरिए अपने वोट बैंक को जोड़ने की कोशिश की तो पूर्व सांसद पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर संघर्ष करते नजर आ रही है।*

*बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नजर भी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों पर लगी है। बसपा ने अनिल कुमार को बिहार प्रभारी बनाकर पार्टी में जान फूंकने की कोशिश की है। कुमार भी बक्सर, भोजपुर, रोहतास सहित कई जिलों में बसपा को मजबूत करने में जुटे हैं। ये दल हालांकि किस गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेंगे इसकी तस्वीर अब तक साफ नहीं कर सके हैं।*

*वीआईपी 6 दिसंबर को मुजफ्फरपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है, जिसमे संभावना व्यक्त की जा रही है कि वीआईपी इस दिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते खोले। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति हालांकि यह भी कहते हैं कि किस गठबंधन के साथ जाना है, इसका फैसला पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को करना है।*

*उन्होंने आगे कहा कि वीआईपी निषादों के आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है और यही मुद्दा है जो गठबंधन भी तय करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी अपनी ताकत है और यह सभी राजनीतिक दल जानते हैं।*

*बसपा के बिहार प्रभारी अनिल कुमार भी गठबंधन को लेकर विशेष कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व पार्टी को बिहार में मजबूत करना है, जिस पर तेजी से काम चल रहा है।*



CMYK

# देश

उवाच "सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में कांग्रेस विधायक सिकेरा को शामिल करना निराशाजनक है। राजनीतिक वादों से समझौता किए जाने, लोगों के विश्वास को धोखा देने की यह याद दिलाता है। कांग्रेस नुवेम के मतदाताओं और गोवा के लोगों के साथ खड़ी है।

-मनिकम टैगोर, गोवा कांग्रेस प्रभारी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 14.0 |
| मुंबई | 31.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 26.0 | 25.0 |

# राजस्थान विस चुनाव में चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

## भजपा-कांग्रेस के लिए बागी उम्मीदवार व अन्य दल के प्रत्याशी बने चुनौती

**जयपुर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में राज्य की दो सौ विधानसभा क्षेत्रों में से 199 सीटों पर 25 नवम्बर होने वाले विधानसभा आम चुनाव में डेढ़ सौ से अधिक सीटों पर सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार नजर आने लगे हैं वहीं दोनों पार्टियों में बागी उम्मीदवार एवं अन्य दल के प्रत्याशियों की वजह से चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय एवं कुछ स्थानों पर चतुष्कोणीय मुकाबला होने के आसार है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जोधपुर के सरदारपुरा सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र सिंह राठौड़ से सीधा मुकाबला हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का झालरापाटन सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार राम लाल चौहान, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी का नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार विश्वराज



■ जोधपुर के सरदारपुरा सीट पर अशोक गहलोत को टक्कर दे रहे भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र राठौड़

सिंह मेवाड़, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ का चुरु जिले में तारानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी नरेन्द्र बुढ़ानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का टोंक सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का चुनाव पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया से सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इसी तरह गहलोत सरकार के कई मंत्री जिनमें कोटा उत्तर से शांति धारीवाल, बीकानेर पश्चिम से बी डी कल्ला, लालसोट से परसादी लाल मीणा, सिविल लाइंस से प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई मंत्रियों का भाजपा प्रत्याशियों से सीधा चुनावी मुकाबला हैं। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जयपुर के झोंटवाड़ा, सांसद दिया कुमारी का विद्याधरनगर, डा. किरोडी लाल मीणा का सवाईमाधोपुर एवं महंत बालकनाथ का तिजारा में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। इसके अलावा कांग्रेस एवं भाजपा के दर्जनों विधायकों एवं पूर्व विधायकों सहित कई नेताओं के बीच सीधा चुनावी मुकाबला माना जा रहा है।

इस बार चुनाव में कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही दलों में दर्जनों की संख्या में बागी उम्मीदवार सामने आएजिनमें दोनों ही दलों ने कई प्रत्याशियों के मनाने में सफल भी रहे और कई बागियों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित भी कर दिया गया लेकिन उसके बावजूद भी कई बागी चुनाव मैदान में डटे रहने के कारण पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए समस्या बने हुए हैं।

### त्रिकोणीय मुकाबले में सबसे हॉट सीट बनी चित्तौड़गढ़

इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में सबसे हॉट सीट बनी चित्तौड़गढ़ में मौजूद भाजपा विधायक चन्द्र भान सिंह आक्या पूर्व मंती एवं भाजपा उम्मीदवार नरपत सिंह राजवी एवं कांग्रेस के उम्मीदवार सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत के लिए मुश्किल बने हुए हैं। आक्या का टिकट कटने के बाद वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी भी सांसद चित्तौड़गढ से ही हैं और चित्तौड़गढ़ उनका गृह जिला होने के बावजूद श्री आक्या के समर्थन में जनसैलाब उमड़ने से सबकी नजर चित्तौड़गढ़ पर टिकी हुई हैं। इसी तरह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत श्रीमाधोपुर में भाजपा प्रत्याशी के अलावा कांग्रेस बागी बलराम यादव के चुनाव मैदान में होने से त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति में संघर्ष करते नजर आ रहे हैं।

# बिहार में छोटे दल असमंजस में

### तय नहीं कर पा रहे सियासी मित्र

**पटना,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लगभग सारी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन, प्रदेश के छोटे दल अब तक सियासी मित्र को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। इस बीच, अपने वोट बैंक को जोड़ कर रखने और दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने को लेकर सभी दल प्रयास जरूर कर रहे हैं, लेकिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने 101 दिनों की संकल्प यात्रा के जरिए अपने वोट बैंक को जोड़ने की कोशिश की तो पूर्व सांसद पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर संघर्ष करते नजर आ रही है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नजर भी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों पर लगी है। बसपा ने अनिल कुमार को बिहार प्रभारी बनाकर पार्टी में जान फूंकने की कोशिश की है। कुमार भी बक्सर, भोजपुर, रोहतास सहित कई जिलों में बसपा को मजबूत करने में जुटे हैं। ये दल हालांकि किस गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेंगे इसकी तस्वीर अब तक साफ नहीं कर सके हैं। वीआईपी 6 दिसम्बर को मुजफ्फरपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है, जिसमे संभावना व्यक्त की जा रही है कि वीआईपी इस दिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते खोले।

# मध्य प्रदेश में मतगणना की तैयारियों में जुटे राजनीतिक दल

**भोपाल,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही तीन दिसंबर की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों से कांग्रेस उम्मीदवारों को राजधानी भोपाल बुलाया है। इसी दिन सभी प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। दरअसल, कमलनाथ सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को मतगणना के दिन की ट्रेनिंग दिलवाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। 26 नवंबर को कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों को मतगणना की ट्रेनिंग देगी। इस दौरान कमलनाथ समेत सभी वरिष्ठ नेता और सभी उम्मीदवार मौजूद रहेंगे।

इस दौरान विशेषज्ञ कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों को कुछ जरूर टिप्स भी देंगे। जो मतदान के दौरान उनके काम आएंगे। कमलनाथ पहले सभी 230 प्रत्याशियों को ट्रेनिंग दिलवाएंगे। इसके बाद सभी प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर अपने-अपने बूथ एजेंटों को ट्रेनिंग देंगे। ताकि मतगणना के दिन बूथ एजेंटों को भी मतदान से जुड़ी पूरी जानकारी रहे। बताया जा रहा है कि कमलनाथ ने इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सभी तैयारियां करवा ली हैं, ताकि ट्रेनिंग के बाद आगे की प्रोसेस शुरू की जा सके। बताया जा रहा है कि वोटिंग के बाद भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एक सर्वे भी कराया है। इसमें सभी 230 विधानसभा सीटों पर हुई वोटिंग के बाद की स्थिति का अंदाजा लगाया जा रहा है। ऐसे में जिन सीटों पर मतगणना अंतिम दौर तक जाकर नतीजों पर रुकने वाली है, वहां के प्रत्याशियों को भी पहले से ही अलर्ट कर दिया गया है। इस बार प्रदेश में जमकर मतदान हुआ है। सूबे में 76 फीसदी तक वोटिंग हुई है। वहीं मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की सक्रियता बढ़ गई है।



■ कमलनाथ ने सभी 230 उम्मीदवारों को भोपाल बुलाया

■ प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर दी जाएगा विशेष प्रशिक्षण

## सार संक्षेप

### राजस्थान में मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले में मतदान दिवस 25 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश की अनुपालना में जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित कार्यालयों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम, 1881 के तहत अवकाश रहेगा। वहीं, श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा।

### तेलंगाना में वेंकटस्वामी के आवास व कार्यालयों पर छापा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आयकर विभाग अधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता विवेक वेंकटस्वामी के आवासों एवं दफ्तरों की तलाशी ली। सूत्रों ने बताया कि आयकर अधिकारियों में मंगलवार को तड़के सोमाजीगुडा हैदराद, मंचेरियाल तथा बेगमपेट में वेंकटस्वामी के दफ्तरों में छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक आयकर अधिकारियों में ये कार्रवाई उनकी कंपनी में आठ करोड़ रुपए के लेनदेन की सूचना पर की।

### मप्र चुनाव निपटते ही कुछ नेताओं को भेजा राजस्थान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतदान होने के चार दिन बाद ही कुछ उम्मीदवारों को राजस्थान चुनाव की जिम्मेदारी मिली है। अब यह नेता 25 नवम्बर तक राजस्थान में रख कर चुनाव प्रचार करेंगे। राऊ से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी को चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान के कुछ जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना के विधानसभा क्षेत्र में कुछ चुनाव सभा ली। इसके अलावा वे प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी जा रहे है। कांग्रेस विधायक महेश परमार, कुणाल चौधरी भी 2 दिन से राजस्थान में डेरा डाले हुए हैं। पंजाब के कांग्रेस अध्यक्ष राजा बरार के साथ उनकी ड्यूटी लगी हुई है।

### राजगढ़ में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ के दो मतदाताओं पर आरोप है कि उनके द्वारा निर्वाचन आयोग की गोपनीयता भंग करते हुए मतदान करने के दौरान ईवीएम मशीन की बैलेट यूनिट का फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। शिकायत रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा की गई, जिस पर छापीहेड़ा वा मलावर थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# केटीआर ने सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को दिया भरोसा

**हैदराबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरने में कथित विफलता और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लीक होने को लेकर विपक्षी कांग्रेस और भाजपा के हमले के बाद बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी.रामाराव ने सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं को आश्वासन दिया कि बीआरएस उनके साथ खड़ा है। बीआरएस की सत्ता बरकरार रहने को लेकर आश्वस्त केटीआर ने वादा किया कि वह वोटों की गिनती के एक दिन बाद 4 दिसंबर की सुबह नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से मिलेंगे। उन्होंने मुख्य रूप से अशोक नगर में रहने वाले और तेलंगाना के विभिन्न जिलों से आने वाले उम्मीदवारों से मुलाकात की। मंत्री केटीआर ने एक्स पर पोस्ट किया अशोक नगर के सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के साथ एक गहन बातचीत हुई, जो आगे बढ़ने का रास्ता खोजने की उम्मीद के साथ मुझसे मिलने आए थे। उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य उज्ज्वल है और चुनाव के तुरंत बाद मैं उनसे उनके अड्डे पर मिलूंगा। केटीआर ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद 4 दिसम्बर को अशोक नगर में सरकारी कर्मचारियों के साथ एक बैठक करेंगे, जिसमें सरकारी नौकरियों को भरने से संबंधित सभी मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।



# महाभारत के संग्राम की तरह दिखाई दे रहा राजस्थान चुनाव : कांग्रेस

## भाजपा पर लगाया गोडसे व सावरकर की विचारधारा का समर्थन करने का आरोप

**जयपुर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव महाभारत के संग्राम की तरह दिखाई दे रहा है। एक तरफ दुराचारी और अत्याचारियों की सेना खड़ी है। यह लोग गोडसे और सावरकर की विचारधारा का समर्थन कर बलात्कारियों और किसानों को कुचलवाने वाले आरोपियों को संरक्षण देते हैं। भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भारत जलाओ सेना है। कौरवों के कुकर्मियों की सेना है। वहीं, दूसरी तरफ भारती ने कांग्रेस को सत्य, अहिंसा और धर्मनिरपेक्ष लोगों की सेना बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सेना सूचना का अधिकार और राजस्थान में गरीबों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने वालों की सेना है।

उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने गरीबों को 25 लाख का मुफ्त उपचार दिया है। आमजन के लिए 10 लाख का बीमा कराया है। यह सेना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की है। राजस्थान की जनता इस बार चुनाव का रिवाज बदलेगी। अशोक गहलोत की सरकार योजनाओं की वजह से वापसी करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भगवान श्रीकृष्ण की तरह फिर से राजस्थान में राज करेंगे।



बलात्कारियों व किसानों को कुचलवाने वाले आरोपियों को संरक्षण देती है भाजपा : साधना भारती

**भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं**

साधना भारती ने कहा कि राजस्थान में भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है। पीएम मोदी कमल और खुद के चेहरे की बात कर मुख्यमंत्री बनाने के लिए कह रहे हैं। क्या वे राजस्थान के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी मुख्यमंत्री दिए हैं और आगे भी देते रहेंगे। चुनावी रणभूमि में भाजपा पहले ही परास्त हो चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। आम जनता से जो वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री राजस्थान में महिला और बेटियों की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। लेकिन, मणिपुर में बहन-बेटियों को नंगा घुमाया गया। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है, पूर्व सैनिक की पत्नी के साथ भी बर्बरता की गई। पिता के सामने बेटियों को नग्न किया गया। उस समय पीएम मोदी को दया नहीं आई।

### राजस्थान में इस बार रिवाज बदलने का दावा

**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अल्का लाम्बा ने दावा किया है कि राजस्थान में इस बार रिवाज बदलेगा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चौथी बार सरकार बनाएंगे। लाम्बा ने बातचीत में कहा कि राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में दो फाड़ है और कांग्रेस संगठन एकजुटता के साथ संगठित होकर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह डबल इंजन का डी भी नहीं बोल पाते, जहां जहां डबल इंजन सरकार है वहां का क्या हश्र हो रहा है किसी से छीपा नहीं। उन्होंने कहा कि मोदी धर्म के नाम पर वोट मांगने का काम कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री गहलोत काम के नाम पर वोट मांग रहे है। राजस्थान कांग्रेस के जारी हुए घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मतलब गारंटी, जो भाजपा के जुमला घोषणा पत्र पर भारी है। 85 पृष्ठों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने युवाओं को रोजगार, पांच लाख का युवाओं को बिना ब्याज के लोन, ओपीएस, फ्री लेपटॉप, 400 रुपए में गैस सिलेंडर के अलावा जातीय जनगणना की घोषणा प्रमुख है।

**मधिरा में आयोजित आशीर्वाद सभा में बोले केसीआर**

# लोगों के अधिकारों के लिए हुआ बीआरएस का जन्म

**मधिरा,**21 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मधिरा में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नहीं जीतेगी, कांग्रेस में एक दर्जन मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। मैं गारंटी दे रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी को बीस से कम सीटें मिलेंगी। राज्य में बीआरएस पार्टी को पुराने बहुमत से दो सीटें ज्यादा बढ़कर मिलेगी। बीआरएस सरकार दोबारा आ रही है, इसमें संदेह नहीं है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कमल राज को विधायक जिताएं, मैं दलित बंधु प्रदान करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं हर परिवार को एक दलित बंधु देने की जिम्मेदारी लेता हूं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस नेता कहते कि रायथु बंधु फंड की बर्बादी है। केसीआर, बीआरएस ने रायथु बंधु शब्द को जन्म दिया। अगर बीआरएस जीतती है तो हम किसानों के रायथु बंधु की राशि दस हजार से बढ़ाकर सोलह हजार कर देंगे। जब ओलावृष्टि हुई तो मैने फसल का नुकसान देखा तो मौके पर ही दस हजार देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस का जन्म लोगों के अधिकारों के लिए हुआ है। 1956 में, कांग्रेस पार्टी की सरकार ने हमारे तेलंगाना को जबरन आंध्र में विलय कर दिया। कांग्रेस ने 1969 में तेलंगाना आंदोलन में हमारे 400 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। 2004 में, हमारे तेलंगाना की गति को देखते हुए, उन्होंने हमारे साथ गठबंधन किया। उन्होंने गठबंधन बनाकर तेलंगाना चुनाव जीता और केंद्र और राज्य दोनों में जीत हासिल की। कांग्रेस का पूरा इतिहास धोखाधड़ी का इतिहास है। हमें देखना चाहिये कि कांग्रेस के पचास वर्षों के शासनकाल में गरीबों, किसानों और दलितों की स्थिति कैसी थी। हम सभी जानते हैं कि कांग्रेस शासन के दौरान बिजली नहीं थी और लोग मोमबत्तियां, मिट्टी के तेल के बल्ब और सूखे चावल की भूसी लेकर विधानसभा में आते थे। हमारे बीआरएस शासन के तहत पिछले दस वर्षों के दौरान, हमने यह सुनिश्चित किया है कि धान के खेत कहीं भी न सूखें। 24 घंटे बिजली और पानी आ रहा है।



■ कांग्रेस में एक दर्जन मुख्यमंत्री पद के दावेदार

■ तेलंगाना में बीआरएस सरकार बनने का किया दावा

### पार्टी के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने कहा कि यह हमारी बीआरएस सरकार है जिसने मेडिकल दुकानों, उर्वरकों और सरकारी अनुबंध कार्यों में दलितों को आरक्षण दिया है। आप बताएं कि दलित बच्चों को कांग्रेस पार्टी को वोट क्यों देना चाहिए। यदि आप इस गैर जिम्मेदार भट्टी को वोट देंगे तो आपको क्या मिलेगा। कमल राज जीतेंगे तो आपको फायदा होगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर विनम्र, शिक्षित और आपके बीच के कमल राज जीतते हैं, तो मैं हर तरह से आपका समर्थन करूंगा। आप कार चुनाव चिन्ह को वोट दें।

# केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के लिए राहत

**तिरुवनंतपुरम,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने तब राहत की सांस ली है, जब आईयूएमएल सुप्रीमो पनक्कड़ सादिकली शिहाब थंगल ने कहा कि उनकी पार्टी की यूडीएफ छोड़ने की कोई योजना नहीं है। थंगल ने कहा, हम अपने रुख से और अपने राजनीतिक विचारों में बदलाव के लिए एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। हम बैंक रूट नहीं अपनाना चाहते। और अगर कोई यह आशा कर रहा है कि हम अपने राजनीतिक विचारों को बदल देंगे, तो इसे हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में आईयूएमएल बढ़त हासिल करने की कोशिश में लगातार उतार-चढ़ाव करती रही है, खासकर जब कांग्रेस दबाव में आ गई हो। 2011 में, जब ओमन चांडी सरकार ने 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में सिर्फ दो सीटों के बहुमत के साथ अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया, तब आईयूएमएल ने अपनी ताकत दिखाई और पांचवां कैबिनेट पद हासिल किया। पिछले कुछ समय से पिनाराई विजयन की सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ वाम मोर्चा सरकार कठिन समय से गुजर रही है और आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण वे आईयूएमएल को लुभाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। सीपीआई (एम) ने कांग्रेस को अस्थिर करने की पूरी कोशिश की जब उन्होंने आईयूएमएल को फिलिस्तीन समर्थक रैली के लिए आमंत्रित किया, लेकिन आईयूएमएल द्वारा निमंत्रण स्वीकार नहीं करने का फैसला करने के बाद कांग्रेस ने राहत की सांस ली।

**आईयूएमएल ने दोहराया समर्थन**

**निर्देश** *मप्र में मतगणना को लेकर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश जारी*

# प्रदेश में मतगणना केंद्रों पर वीआईपी को नहीं मिलेगा प्रवेश

**भोपाल, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में मतगणना केंद्रों में वीआईपी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। राज्य के मंत्री हो या फिर केंद्र के मंत्री, मतगणना केंद्रों में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल प्रत्याशी या पार्टी एजेंट को ही मतगणना केंद्र में आने की अनुमति होगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने स्थिति साफ कर दी है। इसके अनुसार मंत्री, सांसद, विधायक।**

और महापौर गणना एजेंट भी नहीं बन सकेंगे। साथ ही शासकीय कर्मचारी भी पार्टियों के एजेंट नहीं बन सकेगें। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश अनुपम राजन ने भी मंगलवार को मतगणना के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राजन ने सभी जिला कलेक्टरों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग को लेकर सभी जिलों में की जा रही तैयारियों को लेकर कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर्स ने भी तैयारियों के संबंध में उन्हें अवगत करवाया। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी राजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैमरा बंद होने की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।



■ गणना एजेंट भी नहीं बन सकेंगे मंत्री, सांसद, विधायक व महापौर

इस पर कलेक्टरों ने राजन को बताया कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। पुलिस बल और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से ईवीएम की निगरानी की जा रही है। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से भी बराबर मॉनिटरिंग की जा रही है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और प्रत्याशी ईवीएम को देख पाएं, इसके लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उनके लिए परिसर में बाहर स्क्रीन लगाई गई है।

**गार्ड की भी रहेगी नो एंट्री**

मंत्रीगण केवल उस स्थिति में ही मतगणना केंद्रों में प्रवेश पा सकेंगे, जब वे खुद विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हों। वे केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात सशस्त्र गार्डों को मतगणना केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

प्रदेश में 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान हुआ है। अब तीन दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर वोटों की गिनती की जाएगी। सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और आमजन को परिणामों का इंतजार है। वहीं दूसर ओर राजधानी भोपाल में सरकारी ऑफिसों में एक बार फिर रौनक दिखाई दी। हालांकि, दफ्तरों में लोग चुनावी चर्चा में मसरूफ दिखाई दिए। इसके पहले विधानसभा चुनाव में मतदान में ड्यूटी और दिवाली के त्योहार के चलते बीते कुछ दिनों से शासकीय कार्यालयों में माहौल ठंडा था। काम काज कछुए की चाल से किया जा रहा था। लेकिन चुनाव ड्यूटी में व्यस्थ कर्मचारी अधिकारी लौट आए हैं।

## अलीजेह अग्निहोत्री, किंग और एमसी स्टेन ने मुनव्वर फारुकी को दिया अपना समर्थन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री, संगीतकार किंग से लेकर पूर्व बिग बॉस विजेता एमसी स्टेन ने बिग बॉस सीजन 17 में संगीतकार-कॉमेडिया मुनव्वर फारुकी को अपना समर्थन दिया है। संगीतकार-कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी बिग बॉस सीजन 17 में अपनी अनोखी जगह बनाते हुए अपने शानदार गेमप्ले का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुनव्वर फारुकी की लोकप्रियता सीज़न के साथ ही बढ़ रही है। उन्हें न केवल फैंस से सपोर्ट मिला है बल्कि विभिन्न मशहूर हस्तियों से भी प्यार मिला है जो उनके साथ खड़े हैं। म्यूजिशियन किंग, पूर्व बिग बॉस विजेता शिल्पा शिंदे, अभिनेता करण कुंद्रा और एली गोनी, प्रिंस नरूला, अर्जुन बिजलानी, शिव ठाकरे, पुनित पाठक और अन्य जैसी उल्लेखनीय हस्तियां आगे आई हैं।

### जलवायु परिवर्तन पर शोधकर्ताओं का अध्ययन

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों को अत्यधिक जोखिम



**गर्भावस्था से संबंधित जटिलताएं, कम वजन, समय से पहले हो सकता है जन्म**

**जिनेवा,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दुबई में जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक पार्टियों (सीओपी 28) के सम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा मंगलवार को जारी कॉल फॉर एक्शन के अनुसार, गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और बच्चों को जलवायु आपदाओं से अत्यधिक स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ता है, जिसे हमेशा उपेक्षित किया जाता है और कम करके आंका जाता है।

रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि बहुत कम देशों की जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया योजनाओं में मातृ या बाल स्वास्थ्य का उल्लेख किया गया है, इसे 'जलवायु परिवर्तन चर्चा में महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों की जरूरतों पर अपर्याप्त ध्यान देने की एक स्पष्ट चूक और प्रतीक' के रूप में वर्णित किया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज, लाइफ कोर्स के सहायक महानिदेशक ब्रूस आयलवर्ड ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हम सभी के अस्तित्व के लिए खतरा है, लेकिन गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और बच्चों को इसके सबसे गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ता है।)

उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सचेत रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता है, इसका अर्थ है कि उनके स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए अभी से जलवायु कार्रवाई करना, साथ ही यह सुनिश्चित करना कि जलवायु प्रतिक्रिया में उनकी अनूठी जरूरतों को मान्यता दी जाए।

वर्ष 2023 को विनाशकारी जलवायु आपदाओं की एक श्रृंखला द्वारा चिह्नित किया गया है। जंगल की आग, बाढ़, लू और सूखा लोगों को विस्थापित कर रहे हैं, फसलें और पशुधन मर रहे हैं और वायु प्रदूषण की स्थिति खराब हो रही है। अत्यधिक गर्म होती दुनिया में हैजा, मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियों का प्रसार बढ़ रहा है, इसके गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिनके लिए ये संक्रमण विशेष रूप से गंभीर हो सकते हैं।

शोध से पता चलता है कि नुकसान गर्भ में भी शुरू हो सकता है, इससे गर्भावस्था से संबंधित जटिलताएं, समय से पहले जन्म, कम वजन और मृत बच्चे का जन्म हो सकता है। बच्चों के लिए, परिणाम जीवन भर रह सकते हैं, इससे उनके बड़े होने पर उनके शरीर और मस्तिष्क का विकास प्रभावित होता है।

यूनिसेफ के कार्यक्रमों के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी ने बयान में कहा कि जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई अक्सर इस बात को नजरअंदाज करती है कि बच्चों के शरीर और दिमाग प्रदूषण, घातक बीमारियों और चरम मौसम के प्रति विशिष्ट रूप से संवेदनशील होते हैं। हम इसे अपने जोखिम पर करते हैं। जलवायु संकट हर बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के मौलिक अधिकार को खतरे में डाल रहा है। सीओपी28 से शुरू होने वाली तत्काल जलवायु कार्रवाई के केंद्र में बच्चों को सुनना और रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

यही वह क्षण है अंततः बच्चों को जलवायु परिवर्तन के एजेंडे पर लाना। कॉल टू एक्शन इन बढ़ते जोखिमों से निपटने के लिए सात जरूरी कार्रवाइयों पर प्रकाश डालता है। इनमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में निरंतर कटौती और जलवायु वित्त पर कार्रवाई के साथ-साथ जलवायु और आपदा से संबंधित नीतियों में गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और बच्चों की जरूरतों को विशेष रूप से शामिल करना शामिल है।

# मेरी मां ने मुझे फैशन की दुनिया से परिचित कराया : सोनम कपूर



**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। फैशनिस्टा और एक्ट्रेस सोनम कपूर अपने फैशन सेंस के समझ का श्रेय अपनी मां सुनीता कपूर को देती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह उनकी मां ही थी, जिन्होंने स्टाइल के प्रति उनके जुनून को प्रोत्साहित किया, जिसने उन्हें आज फैशन आइकन बनने के लिए प्रेरित किया है।

'नीरजा' फेम एक्ट्रेस ने कहा कि आप जानते हैं, फिल्म इंडस्ट्री में पैदा होने के कारण, आप अपने घर के अंदर और बाहर खूबसूरत लोगों को देखने के आदी हैं और मुझे लगता है कि ट्रेंड्स तय करने में फिल्मों का बहुत बड़ा हाथ है, खासकर भारत जैसे देश में। मुझे लगता है कि यही एक कारण था कि मैं फिल्म और फैशन की ओर इतना आकर्षित हुई। मेरी मां वह एक मॉडल थी, और फिर वह एक बहुत सफल फैशन डिजाइनर बन गईं, और अब वह एक जूलरी डिजाइनर हैं। सोनम ने आगे कहा कि मैं अबू जानी, संदीप खोसला, तरुण ताहिलियानी, अनामिका खन्ना, अनुराधा वकील और इन सभी अद्भुत फैशन डिजाइनरों के बीच बड़ी हुई हूं। उन्होंने मुझे टेक्सटाइल्स, इंटरनेशनल फैशन, एंब्रॉयडरी और कट्स के बारे में बहुत कुछ सिखाया है। प्रेम रतन धन पायो की एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जब मैं एक छोटी थी तब से ये चीजें मेरे अंदर आ गई थीं। उन्होंने मुझे फैशन की दुनिया से भी परिचित कराया, कई इंटरनेशनल डिजाइनरों से, न केवल फ्रांसीसी और इतालवी डिजाइनरों से, बल्कि जापानी

# 'टाइगर' फ्रेंचाइजी मेरी फिल्मोग्राफी को हमेशा चमकदार बनाए रखेगी : सलमान खान

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने कहा है कि 'टाइगर' फ्रेंचाइजी उनके दिल के बहुत करीब है और यह हमेशा उनकी फिल्मोग्राफी को और अधिक बढ़ावा देगी। निर्माताओं के अनुसार, 'टाइगर 3' दुनिया भर में 400 करोड़ रुपए की कमाई करने के लिए तैयार है।

फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए, भारतीय जासूस अविनाश सिंह राठौड़ की भूमिका निभा रहे सलमान ने कहा कि तीन 'टाइगर' फिल्में, तीन सफलता की कहानियां। 'टाइगर' फ्रेंचाइजी मेरे दिल में बसती है और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों के दिलों में भी अपनी जगह बना ली है।

उन्होंने कहा कि टाइगर फ्रेंचाइजी मेरे सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक है और निश्चित रूप से एक ब्रांड है जो मेरी फिल्मोग्राफी को हमेशा चमकदार बनाए रखेगा।

अभिनेता ने आगे उल्लेख किया कि



उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी पहली 'टाइगर' फिल्म न केवल एक ब्लॉकबस्टर 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के लिए भी आधारशिला तैयार करेगी।

सलमान ने कहा कि जब मैं 'एक था टाइगर' कर रहा था, तो मुझे नहीं पता था कि हमारा सीक्वल बनेगा, इस तथ्य को भूल जाइए कि अब हमारे पास 'टाइगर 3' का तीन सीक्वल है। यह अब एक फ्रेंचाइजी है जो 2012 से दुनियाभर के दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। किसी भी फिल्म या फ्रेंचाइजी की सफलता का प्रमाण उसकी लिखी सफलता की कहानी में है।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि 'टाइगर' फ्रेंचाइजी ने दर्शकों को एक ऐसा देसी जासूस दिया है, जैसा किसी और ने नहीं दिया है, जिस पर लोगों ने खूब प्यार बरसाया है। मैंने टाइगर को जिया है। मैं मेरे और फिल्मों के प्रति उनकी गर्मजोशी और सराहना के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं।

आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3 हिंदी, तमिल और तेलुगु सिनेमाघरों में चल रही है।

# विश्व के पहले 3डी प्रिंटेड मंदिर का 24 से सभी लोग कर सकेंगे दर्शन



**बुरुगुपल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दुनिया के पहले 3डी प्रिंटेड मंदिर में भक्त 24 नवम्बर से दर्शन कर सकेंगे। अप्सूजा इंफ्राटेक सिंपलीफोर्ज क्रिएशंस के सहयोग से चारविथा मीडोज में निर्मित दुनिया का पहला 3डी मुद्रित हिंदू मंदिर बुरुगुपल्ली, वायुपुरी, सिद्दीपेट के केंद्र में स्थित, यह प्रतिष्ठित मंदिर अग्रणी नवप्रवर्तन और सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण है। तनीरु हरीश राव, वित्त, स्वास्थ्य-चिकित्सा और परिवार कल्याण मंत्री, तेलंगाना सरकार के साथ अप्सूजा इंफ्राटेक के प्रबंध निदेशक हरि कृष्णा जीडी पल्ली, मुख्य परिचालन अधिकारी अमित घुले और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, सिंपलीफोर्ज क्रिएशन्स वसीम चौधरी ने आज मंदिर का उद्घाटन किया। महीनों तक समर्पित कार्य के बाद यह मंदिर 35.5 फीट ऊंचा और 4,000 वर्ग फीट में विस्तारित यह वास्तुशिल्प भक्ति का विस्मयकारी प्रमाण है।

परंपागत प्रतिष्ठापना कार्य पूरा होने के बाद मंदिर को 24 नवम्बर 2023 से जनता के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। तनीरु हरीश राव, वित्त, स्वास्थ्य-चिकित्सा और परिवार कल्याण मंत्री, तेलंगाना सरकार ने कहा, यह निश्चित रूप से तेलंगाना के लिए गर्व का क्षण है। दुनिया में इस तरह का 3डी मुद्रित पूजा स्थल कभी कहीं नहीं बनाया गया। अप्सूजा इंफ्राटेक के प्रबंध निदेशक हरि कृष्ण जीडी पल्ली ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नवाचार और परंपरा के तालमेल के माध्यम से दिव्य दृष्टि को जीवन में लाते हुए, सिद्दीपेट में चारविथा मीडोज में 3 डी-निर्मित हिंदू मंदिर प्रौद्योगिकी को आध्यात्मिकता के सामंजस्य से हमारे समर्पण के रूप में खड़ा है। मुख्य परिचालन अधिकारी अमित घुले ने कहा कि यह न केवल भारत में बल्कि दुनिया में अपनी तरह का पहला 3डी मंदिर है। यह निर्माण स्थल पर निर्माण की चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ संरचनात्मक आवश्यकताओं, मंदिर डिजाइन के सिद्धांतों, 3डी प्रिंटिंग आवश्यकताओं का भी ध्यान रखता है। मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी वसीम चौधरी ने कहा की, पुरी जगन्नाथ मंदिर शैली से प्रेरणा लेते हुए गोपुरम डिजाइन वास्तुशिल्प सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। निर्माण और डिजाइन में बाधाओं को दूर करते हुए मंदिर को सिंपलीफोर्ज की पेटेंट वाली 3डी प्रिंट करने योग्य निर्माण सामग्री, सिंपलीक्रीट का उपयोग सावधानीपूर्वक किया गया है।

# वैदिक विद्वानों को दिया गया 'भारतात्मा वेद पुरस्कार'



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। 20 नवम्बर, 2023 ने आदरणीय अशोक सिंघल की पुण्य स्मृति में 'भारतात्मा वेद पुरस्कार' प्रदान किया गया। गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहें। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी ने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'आज हम अपने वेदों को भूलते जा रहे हैं। वेदों में ज्ञान का भंडार है। अपने आदर्श जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपने आप को पहचानना जरुरी है। अमूल्य जीवन को पहचानने के लिए हमे दूसरों के बारे में भी जानना जरूरी है। कई विदेशी दार्शनिको, विद्वानों और चिंतकों ने भी हमारे वेद पुराणों को महान बताया है।'

भारतात्मा पुरस्कार वितरण समारोह श्री सत्य साई सभागार, लोधी रोड, प्रगति विहार, नई दिल्ली, में सायं 5:00 बजे प्रारंभ हुआ। यह पुरस्कार वितरण समारोह परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरिजी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ। भारतात्मा पुरस्कार की यह सातवीं शृंखला है। उत्तम वेदविद्यालय की श्रेणी में श्री शंकर मठ, श्री कांची कामकोठी पीठम, थिरुविडइमरुदूर, उत्कृष्ट वेदविद्यार्थी श्रेणी में वेदमूर्ति पद्मनाभ विवेक जोशी तथा आदर्श वेदाध्यापक शेणी में वेदाध्यापक वेदमूर्ति श्री विष्णुभट्टला नागशंकर वेंकट लक्ष्मी नारायण घनपठी को पुरस्कृत किया गया।

# अनुराग ठाकुर ने की विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा

**पणजी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को आईएफएफआई के उद्घाटन के दौरान घोषणा की कि विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि 30 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है।



मंत्री ने कहा कि देश में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन 30 करोड़ रुपए (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक) की बढ़ी हुई सीमा सीमा और महत्वपूर्ण भारतीय सामग्री (एसआईसी) के लिए अतिरिक्त 5 प्रतिशत बोनस के साथ किए गए खर्च का 40 प्रतिशत है। यह कदम देश में मध्यम और बड़े बजट की अंतरराष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने के भारत के प्रयासों को और गति देगा। उन्होंने कहा कि यह घोषणा विदेशी फिल्म निर्माण को सुव्यवस्थित करने और भारत में व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के प्रयासों का भी हिस्सा है। भारत द्वारा पिछले साल कान्स में विदेशी फिल्मों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना की घोषणा की गई थी, जिसमें देश में फिल्म निर्माण के लिए किए गए खर्च का 30 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति की पेशकश की गई थी, जो 2.5 करोड़ रुपए तक सीमित थी। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने में यह आदर्श बदलाव कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और समर्थन के प्रमाण के रूप में कार्य करता है और सिनेमाई प्रयासों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जिन अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियों को 1 अप्रैल, 2022 के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और विदेश मंत्रालय (केवल वृत्तचित्रों के लिए) द्वारा शूटिंग की अनुमति दी गई है, वे इस प्रोत्साहन योजना के लिए पात्र होंगे।

# 1990 के दशक की थीम पर आधारित थ्रिलर फिल्म में दिखेंगे प्रिया बापट, नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। 1990 के दशक की थ्रिलर फिल्मों पर आधारित एक आगामी फिल्म में मराठी अभिनेत्री प्रिया बापट के साथ बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनय करते नजर आएंगे। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यवसायिक रूप से सफल मराठी फिल्मों जैसे 'काकस्पर्श' और 'हैप्पी जर्नी' में अपनी भूमिकाओं से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री को फिल्म के लिए कई प्रशिक्षण कार्यशालाओं से गुजरना पड़ा। अपनी भूमिका के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रिया ने साझा किया कि जिस दिन से मैंने इसकी कहानी सुनी, उसी दिन से मैं इस मनोरंजक थ्रिलर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी। इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करना भी शामिल था। उन्होंने आगे कहा कि स्क्रिप्ट सम्मोहक है, और यह 1990 के दशक की पुरानी यादों की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है। नवाजुद्दीन के साथ काम करना रोजमर्रा का सीखने का अनुभव है। हम इस दिलचस्प कहानी को जीवंत करने के लिए उत्सुक हैं। निर्देशक सेजल शाह ने दोनों सितारों की केमिस्ट्री के बारे में बताते हुए कहा कि मैं प्रिया बापट के आने से रोमांचित हूं। प्रिया एक शानदार अभिनेत्री हैं और वह चरित्र को जीवंत बनाने के लिए प्रामाणिकता का उपयोग करती हैं। उनकी और नवाज की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ताजा और अनोखी है। फिल्म की शूटिंग पहले से ही मुंबई में चल रही है, जिसमें 40 दिनों की शूटिंग निर्धारित है। पटकथा



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लेखक भावेश मंडालिया द्वारा तैयार की गई है, और यह सस्पेंस, ड्रामा की एक रोलर-कोस्टर सवारी होने के लिए तैयार है, जो दर्शकों के लिए भी पुरानी यादों को ताजा कर देगी। 1990 के दशक की स्टाइल थ्रिलर के बाद आधुनिक समय के स्पर्श के साथ बनाई गई थ्रिलर फिल्म सेजल शाह द्वारा निर्देशित और विनोद भानुशाली द्वारा निर्मित है। फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, सेजल शाह और भावेश मंडालिया द्वारा किया गया है।

### जाइका की नर्सरी हिमाचल में चला रही हरियाली की पाठशाला

# नर्सरी से 55 से अधिक प्रजातियों के पौधे किए तैयार

**शिमला,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) की नर्सरी से हिमाचल में हरियाली की पाठशाला चल रही है ताकि प्रदेश में गुणवत्तायुक्त पौधे तैयार कर उसे बेहतर तरीके से रोपा जा सके। जाइका के अंतर्गत प्रदेश में 66 रेंज और छह सर्कल स्तर पर विकसित नर्सरियों में 55 से अधिक पेड़ों की प्रजातियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। चिलगोजा, छरमा, देवदार, बान, तोष समेत 55 पेड़ों की प्रजातियों वाले पौधे उक्त नर्सरियों में उपलब्ध हैं। जाइका प्रोजेक्ट के माध्यम से इन नर्सरियों की क्षमता लगभग 80 लाख पौधे की बढ़ोतरी की गई है। इस साल लगभग 44 लाख पौधे तैयार किए गए हैं।

कुल मिलाकर जाइका परियोजना के तहत चल रही नर्सरियां अपने आप में एक मिसाल बन चुकी है। प्रदेश के हर जलवायु में रोपने के लिए उच्च गुणवत्ता



वाले पौधे तैयार किए जा रहे हैं। यह प्रयास हिमाचल में हरित आवरण को वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत बढ़ाने के लिए ही परियोजना का अहम योगदान है।

उल्लेखनीय है कि जाइका के तहत तैयार की जा रही पौधे की प्रजातियों तथा बुनियादी ढांचों के संबंध में बेहतर सुधार भी किए जा रहे हैं। जाइका के मुख्य परियोजजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने गत दिनों प्रदेश की सभी नर्सरियों का रिव्यू कर पौधे की प्रजातियों तथा बुनियादी ढांचे के संबंध में कुछ सुधार करने के सुझाव भी दिए।

**चिलगोजा, छरमा, देवदार, बान, तोष समेत 55 पेड़ों की प्रजातियों वाले पौधे उक्त नर्सरियों में उपलब्ध**

बताया गया कि जाइका प्रोजेक्ट के तहत चल रही नर्सरियों में अत्याधुनिक तकनीक द्वारा पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त उक्त सभी नर्सरियों में पौधों का पानी की बेहतर सुविधाएं, केचुआ खाद, ग्रीन हाउस, इंटरलिंक चेन, फेंसिंग इत्यादी की सुविधा भी परियोजना से प्रदान की गई है ताकी गुणवत्तापूर्ण पौधे नर्सरियों में तैयार हो सके।

हिमाचल प्रदेश में पहली बार छरमा की नर्सरी तैयार करने में जाइका परियोजना का सबसे बड़ी भूमिका रही। जिला लाहौल-स्पीति में तैयार होने वाले छरमा एक औषधीय गुण वाला पौधा है। जिसकी नर्सरी वाइल्ड लाइफ स्पीति व लाहौल के सीसू में तैयार की गई है। इसके अलावा सीसू और शैगो नर्सरी में भी छरमा के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आर्थिकी एवं औषधीय गुणों वाले चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर की छोल्टू नर्सरी में तैयार किए जा रहे हैं। वहीं फोरेस्ट डिविजन देहरा में चंदन के 10 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

हरित और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जाइका वाणिकी के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाना इस प्रोजेक्ट की मुख्य प्राथमिकता है। इस दिशा में परियोजना की टीम ने कई पहल की हैं। भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

# वीर दास ने बेस्ट कॉमेडी के लिए जीता इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड

**यह भारत और भारतीय कॉमेडी के लिए है : वीर दास**

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कॉमेडियन वीर दास ने अपने कॉमेडी स्पेशल 'वीर दास : लैंडिंग' के लिए बेस्ट कॉमेडी कैटेगिरी में इंटरनेशनल एमी जीतकर भारत को गौरवान्वित किया और लोकप्रिय ब्रिटिश किशोर सिटकॉम 'डेरी गर्ल्स' सीजन-3 के साथ अवॉर्ड शेयर किया।



51वां इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स समारोह सोमवार देर रात न्यूयॉर्क शहर के न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन में आयोजित किया गया।

वीर ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ उनके काम की मान्यता नहीं है बल्कि भारत की विविध कहानियों और आवाजों का जश्न है।

वीर ने कहा कि वीर दास : लैंडिंग के लिए बेस्ट कॉमेडी के लिए इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड प्राप्त करते हुए मैं बहुत आभारी हूं। यह मेरी टीम और नेटफ्लिक्स के लिए है, जिनके बिना यह संभव नहीं था।

रायपुर, बुधवार 22 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कानून को फिर ठेंगा दिखाया राम रहीम ने

विवादास्पद धर्मगुरु और डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने एक साल में पांचवी बार पैरोल हासिल कर एक बार फिर से बता दिया है कि रसूखदारों के समक्ष कानून की कोई बिसात नहीं है। गुरमीत राम रहीम इंसान के नाम से जाना जाने वाला यह धर्मगुरु एक रेप मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद था। उसे 21 दिनों की पैरोल मिली है। चार दिन पहले उसकी ओर से पैरोल की अपील की गई थी तथा वह मंगलवार की दोपहर जेल से निकलकर उत्तरप्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम में पैरोल के दिन काटने के लिये रवाना हो गया। उसे डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बाकायदा बरनावा आश्रम तक सुरक्षित छोड़कर आयेगी। राम रहीम को जेल में लेने के लिये उसके कुछ शिष्य आये थे जो उनके साथ ही रहेंगे। स्वाभाविक है कि फरलो मंजूर होने के बाद राम रहीम के अनुयायियों और समर्थकों में खुशी की लहर है। यह भी बताया जाता है कि बरनावा आश्रम में उसके आने की भव्य तैयारियां कर ली गई हैं।

उल्लेखनीय है कि राम रहीम को अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार करने एवं एक पूर्व डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सुनाई गई है। अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। उनके आश्रम को लेकर अनेक तरह की बातें कही जाती हैं लेकिन कहते हैं कि सारी बातें उसके प्रभाव व भय से कभी सामने नहीं आ पाईं।

वैसे राम रहीम को फरलो पर बाहर आने के मसले को हरियाणा 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ भी जोड़ा जा रहा है। राम रहीम का एक बड़े वर्ग पर अच्छा-खासा प्रभाव है जो उसके अपराधी साबित होने के बाद भी कम नहीं हुआ है। कहते हैं कि हरियाणा की सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी पहले भी उसकी मदद अपने प्रचार के लिये अप्रत्यक्ष रूप से लेती रही है। इसके एवज में ही राम रहीम पर यह मेहरबानी होती है। उसे सबसे पहले 30 दिनों की पैरोल 17 जून 2022 को मिली थी। उस दौरान भी वह बरनावा आश्रम में रहा था। फिर 15 अक्टूबर को उसे दूसरी बार पैरोल मिली थी। 21 जनवरी, 2023 को तीसरी बार उसे 40 दिनों के लिये फरलो मिली। पैरोल पूरी कर वह तीन मार्च को वापस सुनारिया जेल चला गया था। चौथी बार फिर 20 जुलाई को 30 दिनों की पैरोल प्राप्त कर वह फिर अपने बरनावा आश्रम पहुंचा था।

यह सचमुच आश्चर्यजनक है कि ऐसे जघन्य अपराधों के लिये सजा काट रहा एक व्यक्ति कैसे मनमर्जी से पैरोल पा लेता है जबकि देश की जेलों में सजा काट रहे लाखों लोगों को एक दिन की छुट्टी पाना तक मुहाल हो जाता है- चाहे किसी के घर में मौत हुई हो या किसी का नज़दीकी सख्त बीमार पड़ा हो जो उसका मुंह आखिरी बार देखने के लिये तरस रहा हो। जेलों में बन्द बहुत से ऐसे लोग भी होते हैं जिन्हें सज़ा तक नहीं सुनाई गई होती और वे विचाराधीन यानी अंडर ट्रायल कैदी होते हैं। इतना ही नहीं, नियमों के अनुसार उनके परिजन या मित्र उनसे दो-चार मिनटों के लिये मिलने के लिये अवसर तक नहीं पा सकते क्योंकि मुलाकात कराने की प्रक्रिया बेहद दुरुह है। इसके अलावा सम्पूर्ण न्यायालयीन व कानूनी प्रक्रिया में फैला भयानक भ्रष्टाचार गरीबों व अभावग्रस्त लोगों को अपने अधिकार का लाभ उठाने से तक रोक देता है। भारत की किसी भी जेल के बाहर यह दृश्य आम होता है कि हजारों की संख्या में लोग जेलों में बन्द अपने किसी नज़दीकी से मिलने के लिये घंटों इंतज़ार करते रहते हैं। या तो उनकी मुलाकात हो ही नहीं पाती या फिर उन्हें बार-बार जेल के दरवाजों पर आना पड़ता है। केवल मुलाकात करने का आदेश पाना या फिर उसका क्रियान्वयन करा लेना अपने आप में एक बड़ी कठिन चुनौती होती है। इतना ही नहीं, बहुत छोटी सी जमानत राशि के अभाव में लाखों गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, निरक्षर, एकाकी लोग बगैर सजा मिले कई-कई साल जेलों की कोठरियों में गुजार देते हैं।

ऐसे में राम रहीम जैसों को चाहे जब पैरोल मिल जाना आश्चर्यकारी से अधिक दुखद ही कहा जा सकता है। जिस गति से उनकी अस्थायी मुक्ति के दस्तावेज़ एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय और एक टेबल से दूसरी टेबल की यात्रा करते हैं, वह बतलाता है कि देश में कुछ लोगों के लिये एक कानून है तो अन्य लोगों के लिये दूसरा कानून। कानून के समक्ष समानता का अधिकार यहां पानी मांगता नज़र आता है। हालांकि इसका बचाव करने वाले कहते हैं कि जो भी हो रहा है वह विधिसम्मत ही होता है। सवाल तो यह है कि सुविधाहीन एवं सामान्यजनों के लिये विधिप्रदत्त अधिकार कहां हवा हो जाते हैं। व्यवस्था वास्तविक रूप से ज़रूरतमंदों को ऐसी राहत कभी नहीं दे पाती।

सबसे दुखद तो यह है कि ऐसे अपराधियों का उपयोग राजनैतिक दल चुनाव जीतने के लिये करते हैं। पिछले कुछ समय से देश की जो हवा बदली है उसमें भाजपा को कांग्रेस व अन्य कई दलों द्वारा बनाये गये विपक्षी गठबन्धन इंडिया की ओर से गम्भीर चुनौतियां मिल रही हैं। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार के बाद जिस प्रकार से भाजपा के सिर पर जारी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी खतरा मंडरा रहा है, भाजपा को हर ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो उसके वोट बैंक में इज़ाफ़ा कर सके। अपराधियों को यूं खुली छूट घातक है।

# कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र

10 वर्षों की धमाचौकड़ी के बाद अगर भारतीय जनता पार्टी और उनके सर्वेसर्वा बन बैठे नरेन्द्र मोदी ढलान पर दिख रहे हैं तो उसका कारण है कांग्रेस के हाथों में लौट आया 'सामाजिक न्याय' का वह अस्त्र, जिसके बल पर उसने देश की तस्वीर व तकदीर को संवारा है। भीषण गरीबी, निरक्षरता, बदहाली, असमानता और अनेकानेक काली परतों को चीरकर एक आत्मनिर्भर व चमकदार भारत का निर्माण इसलिये हो सका क्योंकि यह मुद्दा व आजादी का मसला अंतर्गुंफित थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में सम्प्रभुता बेशक महत्वपूर्ण थी, लोगों के सशक्तिकरण की आकांक्षा कहीं अधिक बलवती थी। स्वतंत्रता का घोषित उद्देश्य स्वाभाविक तौर पर भारत की विदेशी साम्राज्यवाद से मुक्ति का था, पर महात्मा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा लड़े गये आजादी के आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य करोड़ों लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना था।

सामाजिक न्याय ही वह आकर्षण था जिसके कारण भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल राजा-महाराजाओं, जमींदारों या कुलीन वर्ग का होकर नहीं रह गया था। उन्होंने भी उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था जो वंचित, शोषित, गरीब और कमज़ोर थे। गांधीजी ने अपने रहन-सहन, भाषणों, लेखों तथा कांग्रेस की बैठकों में इस बात को साफ कर दिया था कि उनके लिये आजादी के क्या मायने हैं और किनके लिये वे अपने जीवन को स्वाहा कर रहे हैं। जॉन रस्किन की जिस किताब 'अन टू दिस लास्ट' ने उन्हें रात भर सोने नहीं दिया तथा जिसे पढ़कर उन्होंने सर्वोदय को अपना तिलस्मा तैयार कर देश की सरकारों व संस्थाओं को दिया, वही 'सर्वोदय' की भावना एक तरह से लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के रूप में पल्लवित होता दिखता है। उनके विचारों की शब्द देह कही जाने वाली 'हिन्द स्वराज' पुस्तक में उनका यही मंत्र स्वतंत्र भारत की सरकारों के लिये कम्पास की तरह काम करता रहा और वही सामाजिक न्याय की गांधी की अवधारणा है।

देश स्वतंत्र होने के बाद कांग्रेस की तमाम सरकारों एवं उनके प्रमुख प्रधानमंत्रियों ने देश को इस मुद्दे पर कभी भी निराश नहीं किया। समाजवाद से प्रभावित पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने करोड़ों किसानों को घोर गरीबी से बाहर निकालने के लिये कृषि को संवारने का बीड़ा उठाया। बड़े बांधों और नहरों के जाल बिछाने के अलावा खाद कारखाने, कृषि सम्बन्धी शोध व अध्ययन को बढ़ावा दिया। किसानी के काम में छोटी जोत के व सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक थी और हाथ से काम करने वाले ये सारे समाज के निचले वर्गों से ही आते थे। अब भी काफी कुछ वैसा ही है। इसके बाद उल्लेखनीय काम किया इंदिरा गांधी ने। उनकी लाई गरीबी उन्मूलन योजना, 20 सूत्री कार्यक्रम, हरित क्रांति, साहूकारी व्यवस्था का अंत, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स की समाप्ति आदि जैसे कार्यक्रम भी प्रकारांतर से सामाजिक न्याय के ही स्वरूप थे। बीच में आए लालबहादुर शास्त्री को उतना वक्त ही न मिल पाया परन्तु उन्होंने इस काम को कहीं रुकने नहीं दिया। 1984 में आये राजीव गांधी के बारे में सोचा गया कि वे विदेशी मानसिकता में पले-बढ़े हैं इसलिये देश का कहीं अधिक पश्चिमीकरण होगा जिसमें यह मुद्दा खूंटी पर टंग जायेगा। इसके विपरीत उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया, नवोदय स्कूल खोले, भारत को डिजीटल बनाने में मदद की, मताधिकार की आयु को घटाया। इन सबके कारण निचले तबके के लोगों के लिये बगैर भेद-भाव अवसरों के नये-नये दरवाज़े खुले। आधुनिक व्यवस्था के बीच में भी उनके समय सामाजिक न्याय ने अपनी जगह नहीं छोड़ी थी।

1991 में जब पीवी नरसिंह राव पीएम बने, नयी वैश्विक अर्थप्रणाली का आगमन हो चुका था। इस व्यवस्था के तहत रोज-रोज खुलते नये-नये उद्योग-धंधों व कारोबार ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को विस्मृत ही नहीं वरन उसका तिरस्कार भी किया। पश्चिम प्रवर्तित नयी व्यवस्था के अंतर्गत देश के होते कार्पोरेटीकरण के अनुसार हाशिये पर खड़े लोगों के लिये कुछ करना फिजूलखर्ची तथा इकानॉमी पर बोझ डालना बताया गया। मंडल आयोग की आरक्षण की सिफारिशें अब और कड़ी आलोचना का विषय बन गईं। यह देश का ऐसा बड़ा नरेशन बन गया कि उसके शोर-गुल में बाबरी मस्जिद के ढहाने का काम भी हो गया। इसी के बल पर पीएम बने अटल बिहारी वाजपेयी ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को और भी पीछे ठेल दिया। वे इंडिया को शाइन करते रहे। 2004 में कांग्रेस सरकार में लौटी तो भारत के चाल बदलने की बहुत उम्मीद नहीं थी परन्तु कमान गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी के हाथ में थी- प्रधानमंत्री चाहे उसी वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह थे। वे मनरेगा, भोजन का अधिकार जैसी योजनाएं लेकर आये। उन्होंने पंचायती राज को फिर मजबूत किया, खनिज न्यासों की स्थापना की, ग्राम सभाओं के अधिकार बढ़ाये और इन सबके माध्यम से कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को पुनर्जीवित किया।

पीवी नरसिंह राव एवं मनमोहन सिंह के काल में अलबत्ता एक ऐसा आत्मकेंद्रित व स्वार्थी नवधनाढ्य, खाया-पिया अघाया वर्ग तैयार हो गया जो सब्सिडी को गैर ज़रूरी मानता है, लोक कल्याणकारी योजनाओं से नफरत करता है और निचले तबकों को उसका वाजिब हक देना ही नहीं चाहता। वह पूरे समाज को थोड़े से टैक्स पेयरों व बड़े उद्योगपतियों की बपौती मानता है। सुविधायुक्त मकान, कार, अच्छा-खासा बैंक डिपॉजिट एवं टेक्नॉलाजी से सज्जित यह छोटा सा वर्ग सामाजिक व राजनैतिक शक्तियां हासिल कर हाशिये पर खड़े वर्गों को सफे से बाहर करने पर तुला है। यही वह वर्ग है जो भारतीय जनता पार्टी व मोदी को इसलिये पसंद करता है क्योंकि वे बहुजन विरोधी सोच पर आधारित हैं। गरीबों, दलितों, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों से घृणा करने वाला इस बात के प्रति सतर्क रहता है कि कोई भी नेता या राजनैतिक पार्टी सामाजिक न्याय पर बात न करे। इसलिये मोदी के लाये काले कृषि कानूनों के समर्थन में यही वर्ग था जो खेतों में कभी उतरा भी न हो। ये ही वे लोग हैं जो किसानों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वालों को जेल में डालने पर आनंदित होते हैं। कोरोना काल में सड़कों पर मरते मजदूर इनके मनोरंजन का विषय रहते हैं। सबके पीछे उनकी यही मंशा होती है कि उन्हें न्याय न मिले।

पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है। इसकी नौबत इसलिये आई क्योंकि भाजपा ने अपने इस 10 वर्षीय शासन में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों के हकों को छीन लिया है। चोर दरवाजे से सारे अवसर पहले से सुविधासम्पन्न तथा ऊंचे तबकों को दिये जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब लोगों के दिमाग से उनके ही पैसों से होने वाला निजी क्षेत्रों के पोषण का भूत उतर रहा है, भाजपा का ध्रुवीकरण का मुद्दा भोथरा हो चुका है- कांग्रेस का सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से राजनीति के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। सामाजिक न्याय की कस्टोडियन व चैंपियन तो आखिरकार कांग्रेस ही है। विशेषकर, नेहरू-गांधी परिवार की भावना सामाजिक न्याय ही है। अब यह अस्त्र वापस गांधी परिवार के हाथ में आ गया है जिसके नये ब्रांड एंबेसडर राहुल गांधी हैं। भाजपा की मुसीबत यहीं से शुरू होती है क्योंकि उसकी न तो सामाजिक न्याय देने की हसरत है, न उसका ट्रैक रिकार्ड है और न ही उसके पास कोई ब्लू प्रिंट।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**



डॉ. दीपक पाचपोर

**कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है।**

# गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं

■ नन्तू बनर्जी

केन्द्र सरकार की ओर से 2020-21 में कोविड महामारी के दौरान लंबी लॉक डाऊन अवधि में देश में गरीबों और निम्न आय वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बहुत सोच-समझकर किया गया था। इस सुविधा को दो बार बढ़ाया गया था, आखिरी बार 1 जनवरी, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए। पिछले विस्तार का संबंध संभवत:नागालैंड,त्रिपुरा, मेघालय, और कर्नाटक में चुनावों से अधिक था। अब वर्तमान पांच राज्यों के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की कि देश की लगभग 60प्रतिशत आबादी अर्थात 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए लगभग सालाना 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च पर मुफ्त राशन (खाद्यान्न) योजना फिर से पांच साल के लिए, यानी 2028 तक बढ़ा दी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में की गई घोषणा बेतुकी लगती है। यह सरकार के स्वयं के वार्षिक आर्थिक विकास के दावों और देश के बहुआयामी गरीबों की पंजीकृत संख्या में वार्षिक ऑन-पेपर गिरावट को चुनौती देता है। मुफ्त खाद्यान्न योजना के तहत, भारत में गरीबों की आबादी 2028 के अंत तक 80 करोड़ से अधिक स्थिर रहने की उम्मीद है। यह संख्या इस साल जुलाई में सरकार की अपनी रिपोर्ट के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि लगभग 13.5 करोड़ लोग या इसके करीब लोग गरीब हैं। दावा किया गया था कि मार्च 2021 तक पांच वर्षों में भारत की 10 प्रतिशत आबादी गरीबी से बच गई। गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। अध्ययन में कुपोषण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे 12 संकेतकों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का उपयोग किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में रहने वाली आबादी का प्रतिशत 2015-16 में 25 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया।' देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई जो 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28प्रतिशत हो गई।'

36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई। क्विज़ली, ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था, जिसे सरकार ने ग़लत और दुर्भावनापूर्ण इरादे से खारिज कर दिया था। क्या ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत की गरीबी का आंकड़ा देश की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर आधारित किया है?

दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्त्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है। संयोग से मिजोरम में 7 नवंबर को, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर को, मध्यप्रदेश में 17 नवम्बर को चुनाव हो गये। राजस्थान में 25 और तेलंगाना में 30 नवम्बर को चुनाव होंगे। राजनीतिक रूप से केन्द्र सरकार का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस कैलेंडर वर्ष के बाद मुफ्त खाद्यान्न योजना को रोकने का समय काफी मुश्किल पैदा करने वाला हो सकता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि हाल के दिनों में मुफ्त राशन से भाजपा के लिए मतपेटियां नहीं भरीं। लेकिन, इसके बाहर होने से भाजपा काफी अलोकप्रिय हो सकती है। हाल ही में पार्टी को कर्नाटक में बड़ा झटका लगा था। भाजपा फिलहाल भारत के 28 राज्यों में से सिर्फ 10 में ही सत्ता पर काबिज है।

जाहिर है, सन् 2020 से 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान्न भाजपा को चुनाव जीतने में विशेष मदद नहीं कर रहा है। ऐसे खाद्यान्न का वितरण राज्य सरकारों के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों के माध्यम से किया जाता है। गरीबों और अशिक्षितों को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि राशन की दुकानों पर मुफ्त अनाज का बिल कौन भरता है। मुफ्त राशन की आपूर्ति का श्रेय राज्य लेते हैं। इस प्रणाली ने खाद्यान्नों की खरीद और वितरण में शामिल राज्य मशीनरी को बुरी तरह से भ्रष्ट कर दिया है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार की मुफ्त राशन किट योजना में 'भारी भ्रष्टाचार' का आरोप खुद भाजपा ने लगाया है। चुनावी राज्य राजस्थान की राज्य विधानसभा में विपक्ष के उपनेता, भाजपा के सतीश पूनिया ने हाल ही में आरोप लगाया कि अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में भ्रष्टाचार को 'संस्थागत' बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन किट योजना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की एक 'सुनियोजित साजिश' है।

पश्चिम बंगाल में राशन में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। इसने अब तक अनुमान लगाया है कि पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार का स्तर लगभग 1,000 करोड़ रुपये है। ईडी पहले ही राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री, ज्योति प्रियमल्लिक (अब वन मंत्री) को उनके 'करीबी' सहयोगी, एक बड़े चावल मिल मालिक बकीबुर रहमान के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। इसने राज्य में 300 से अधिक 'फर्जी' राशन दुकानों को सूचीबद्ध किया है। कथित तौर पर राशन सामग्री को खुले बाजार में बेचने से पहले उन फर्जी राशन दुकानों के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों से एकत्र किया जाता है। पश्चिम बंगाल में 21,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं। भ्रष्टाचार खरीद स्तर पर शुरू होता है और डीलरशिप सिस्टम, राशन कार्ड जारी करने और कार्डधारकों को राशन वितरण के माध्यम से जारी रहता है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में भ्रष्टाचार का स्तर क्या है, जहां 73,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं, महाराष्ट्र में 50,000 से अधिक, बिहार में 44,000 से अधिक, आंध्र प्रदेश में 43,000 से अधिक, तमिलनाडु में 32,000 से अधिक, ओडिशा में 28,000 से अधिक, राजस्थान में 22,000 से अधिक, कर्नाटक में 20,000 से अधिक, और मध्यप्रदेश में 20,000 से अधिक। तमिलनाडु में 90 प्रतिशत ग्रामीण आबादी राशन की दुकानों का उपयोग करती है, जबकि पश्चिम बंगाल में केवल 35प्रतिशत ग्रामीण आबादी ऐसा करती है। तमिलनाडु की लगभग 94 प्रतिशत राशन दुकानें सहकारी समितियों द्वारा चलाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में, निजी डीलर सरकारी विभाग और लाभार्थियों के बीच मुख्य संबंध हैं। डीलर पॉइंट (राशन की दुकानों) के माध्यम से, लाभार्थी राशन कार्ड की श्रेणी और योजनाओं के आधार पर अपनी पात्रता के अनुसार राशन लेते हैं। डीलर कई कारकों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये लाइसेंस पर काम करते हैं - जैसे मौजूदा डीलरों के साथ जुड़े कार्डों की संख्या, भूगोल और सेवा के तहत क्षेत्र की पहुंच आदि। विभाग, डीलर, खरीदार और आपूर्तिकर्ता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

माना जाता है कि मुफ्त खाद्यान्न वितरण प्रणाली कई स्तरों पर सिस्टम संचालकों के बीच भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दे रही है। भ्रष्टाचार का स्तर इतना गहरा है कि राज्य सरकारों की मदद के बिना राष्ट्रीय सरकार के लिए अकेले ही स्थिति से निपटना संभव नहीं है। ब्रिटिश-प्रवर्तित राशन प्रणाली 1940 के दशक में बंगाल के अकाल के बाद शुरू हुई। देश भर में खाद्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए सार्वजनिक कानून 480 के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता की मदद से 1950 और 1960 के दशक के मध्य में इसका देश भर में विस्तार हुआ। हालांकि हरित क्रांति ने धीरे-धीरे स्थिति में सुधार किया और भारत एक महत्वपूर्ण खाद्यान्न निर्यातक के रूप में उभरा, गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राशन प्रणाली का विस्तार जारी रहा।

दुर्भाग्य से सरकार ने इसके उचित क्रियान्वयन पर बहुत कम ध्यान दिया। सिस्टम में शामिल लगभग हर एजेंसी और उसके राजनीतिक दलालों ने गरीब आदमी के पेट की कीमत पर अपने लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के लिए भ्रष्टाचार किया। सरकार ने देश की आबादी की इतनी बड़ी संख्या को अगले पांच वर्षों तक कवर करने के लिए मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति प्रणाली जारी रखने से पहले संपूर्ण राशन प्रणाली को पुनर्जीवित करने और लाभार्थियों की उचित पहचान करने के लिए अच्छा काम किया होता।

**दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्त्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है।**

## पावन प्रसंग

### समय का एक एक क्षण महत्वपूर्ण

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था- बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता। समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है-

'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,
पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब।।'

प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है- सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं। उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता। समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करतीं, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है। इसलिए कहा गया है -का वर्षा जब कृषि सुखावे' इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है। समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को सबसे ऊपर रखकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है, और हजारों, लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है, वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों ने यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक न पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदुपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिकों ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है। उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है। समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है।

संजीव ठाकुर

## आपके पत्र

### क्रिकेट कप के बहाने भारत को मिली सीख!

भारत में अंधश्रद्धा और पाखंड किस तरह हावी है उसकी आखिरकार पोल पट्टी खुल ही गई। ये तय था यदि भारत की जय होती तो सट्टाबाजार भले धराशाई हो जाता किंतु पाखंडियों का बाज़ार बहुत गर्म हो जाता। वैसे भी ऐसे कथित चमत्कारी बाबा अपना व्यवसाय बढ़ाए हुए हैं। अंधश्रद्धालुओं और कथित बागेश्वरधाम बाबा की सिट्टी-पिट्टी गुम है। क्या वे इस घटना से तनिक सा सबक सीखेंगे?

मैच को भाग्य का खेल मानने वाले ये भलीभांति समझ लें। यह खेल कड़ी मेहनत और चैतन्य नज़र का खेल है जरा सी चूक भारी पड़ जाती है। फिर चाहे हवन,पूजन हो, लाखों की तादाद में जनता हो या स्वत: देश का मुखिया मौजूद हो। आस्ट्रेलिया की जीत पर जिस तरह की खामोशी स्टेडियम में छाई उससे तो यही लगता है ये सब क्रिकेट प्रेमी नहीं थे। खेल भावना का विकास यहां इन पाखंडियों और धूर्तों की वजह से नहीं पनप पाया। आज देश के मुखिया का व्यवहार जिस तरह आस्ट्रेलिया के कप्तान के प्रति हिकारत से लबरेज था वह भी बताता है कि जब सत्ता प्रमुख को ये भावना का ज्ञान नहीं था तो आमजनता उतनी कसूरवार नहीं।

बहुत समय से क्रिकेट मैच के दीवाने लोगों को इस जीत के भूत की सवारी छोड़ देनी चाहिए। खेल भावना विकसित कर ही इस मैच का आनंद लिया जा सकता है। पाकिस्तान के साथ मैच होने पर जिस तरह की क्रूर टिप्पणियां होती हैं और स्थितियां विवाद से मारपीट तक पहुंचती हैं उसके लिए अल्पसंख्यकों को खुलेआम गालियां दी जाती रहीं हैं। यह संस्कार कहां से और कैसे, किसने विकसित किए उसको रोकना भी ज़रूरी है।

यह खुशी की बात थी कि विश्व कप भारत में गुजरात के नामबदलू स्टेडियम में था। देश में मैच देखने की उमंग थी इतना शानदार आयोजन 10 गेमों की विजेता भारत यदि हार जाती है तो कोई तल्खी नहीं होगी चाहिए हम सिर्फ दो बार विश्व कप जीते हैं आस्ट्रेलिया पांच बार यह ट्राफी जीती चुका है। हम परदेश में ट्राफी जीते हैं कहीं किसी देश में हमारे कप्तान का ऐसा हाल नहीं किया गया जैसा आस्ट्रेलिया के साथ हमारे देश और मुखिया ने किया। दुनियां में इसका कैसा संदेश हमने दिया है वह शर्मनाक है।

इधर मोदी मीडिया ने जिस तरह मोदी के सर जीत का सेहरा बांधने की कोशिश की वह नाकाम हुई। इसे उन्होंने उनकी भविष्य की भारी जीत से भी जोड़ा था क्या मोदी मीडिया यह भी लिखने का साहस जुटा पाएगी कि उनका भविष्य आगे अंधकारमय है। एक चाटुकार अखबार ने इस मैच को धर्मयुद्ध कह डाला यदि जीत जाती तो क्या हिंदू अब सनातन धर्म की जय का परचम लहराया जाता? धर्म और नियम किसी खेल पर लागू नहीं होते इसलिए उस पर पैर रखना गंभीर बात नहीं। असली खेल तो सट्टाबाजार ने जीत लिया और हम गुबार देखते रहे गए। इस बात की जांच बनती है कि यहां कोई बड़ा खेल तो नहीं हुआ?

कुल जमा मामला ये है कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार होना चाहिए यदि वोटों की खातिर और व्यापार के लिए यह घिनौना राजनैतिक खेल चलता रहा तो निश्चित तौर पर यह मान लीजिए हम दुनिया में भारत को मिलने वाला सम्मान खो देंगे।

-सुसंस्कृति परिहार

# देश विदेश

## चीन में शीत लहर को लेकर येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन के मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को देश के कुछ हिस्सों में कम तापमान और आंधी का अनुमान लगाते हुए शीत लहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार से शुक्रवार तक यांग्त्ज़ी नदी के मध्य और निचले इलाकों तथा उत्तरी क्षेत्रों में तापमान छह से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र और चीन के उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों में तापमान में 16 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट देखी जा सकती है।

# इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान की 'जेल सुनवाई' को किया अवैध घोषित

**इस्लामाबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 'जेल सुनवाई' में सुनवाई के लिए 29 अगस्त की अधिसूचना को अवैध करार दिया। मीडिया के अनुसार, सिफर मामले में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख श्री खान के खिलाफ जेल में सुनवाई को मंजूरी देने के एकल सदस्यीय पीठ के फैसले के खिलाफ श्री इमरान की ओर से दायर 'जेल सुनवाई' की अपील पर यह फैसला सुनाया गया। गौरतलब है कि 29 अगस्त को, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की सजा को



- सुनवाई के लिए 29 अगस्त की अधिसूचना को अवैध करार दिया

निलंबित किया था, लेकिन आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक विशेष अदालत ने जेल अधिकारियों को सिफर मामले में श्री खान को न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रिफत इम्तियाज की खंडपीठ ने अपने फैसले में श्री इमरान की 'जेल सुनवाई' की अपील को सुनवाई योग्य करार दिया। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने कहा कि श्री इमरान के जेल ट्रायल के लिए कानून मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना अभी लागू नहीं है। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है, जिसे संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि इमरान ने कभी वापस नहीं किया था।

**बुशरा बीबी के पूर्व पति का बड़ा खुलासा**

## इमरान ने उनकी शादी को जबरदस्ती खत्म किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान की तीसरी और मौजूदा पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति ने आरोप लगाया है कि इमरान ने उनकी 28 साल पुरानी शादी को जबरदस्ती खत्म कर दिया। एक टीवी इंटरव्यू में खावर फरीद मनेका ने इमरान खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन पर बुशरा बीबी से अपनी शादी जल्दी कराने के लिए तलाक की प्रक्रिया में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। बुशरा बीबी, जिनकी मनेका से शादी को 28 साल हो गए थे और उनके कम से कम पांच बच्चे थे, धार्मिक और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि के लिए प्रसिद्ध मनेका परिवार का हिस्सा बनने के बाद एक पीयर (आध्यात्मिक उपचारक) बन गईं। बुशरा, उर्फ पिंकी पीरनी, बाद में दुबई में अपनी बहन के माध्यम से इमरान खान से जुड़ी थी, जिसका उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री को रेहम खान के साथ तलाक के बाद होने वाले अवसाद और आघात से उबारना था।

# आसियान चाहता है कि भारत आरसीईपी में शामिल हो

**जकार्ता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण- पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशों ने इच्छा जतायी है कि भारत को क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में शामिल होना चाहिए। आसियान के सदस्य देशों में बूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। इंडोनेशिया के दौरे पर आए भारतीय मीडिया के प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न ने कहा कि समावेशी, खुले और नियम-आधारित व्यापार समझौते से सभी भागीदारों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आरसीईपी में शामिल होने से भारत और अन्य देशों को लाभ होगा, क्योंकि इससे अधिक बाजार उपलब्ध होगी तथा यह व्यापार सौदे पारस्परिक हैं। भारत 2019 में चीन के नेतृत्व वाले आरसीईपी से यह कहते हुए बाहर हो गया था कि यह निर्णय स्थानीय उद्योग और राष्ट्र के हित में लिया गया था। उस



- भारत 2019 में चीन के नेतृत्व वाले आरसीईपी से हो गया था बाहर

समय एक आधिकारिक बयान में कहा गया था कि समझौते की संरचना भारत की चिंताओं का समाधान नहीं करती है। उल्लेखनीय है कि आरसीईपी आसियान सदस्य देशों और पांच अन्य देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में से एक है, जिसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी और दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी शामिल है।

## सुडोकू 6383

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6383

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन, मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6382

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ल | ■ | रां | ■ | ९ वा | णि | ज्य | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | बं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | द | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 22 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा। संतान की चिंता सताएगी।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है : जापान

**प्योंगयांग,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान ने कहा गया कि उत्तर कोरिया तीसरे जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है और यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। जापान ने कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके मीडिया को मंगलवार को उपग्रह के लॉन्च के लिए नौ दिन के विंडो के बारे में सूचित किया।

जापान दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर उत्तर कोरिया से प्रक्षेपण की प्रक्रिया को आगे न बढ़ाने का 'यथाशीघ्र आग्रह' करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया इस तरह के उपग्रह का प्रक्षेपण करता है तो यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। उत्तर कोरिया इस साल अंतरिक्ष में जासूसी उपग्रह भेजने में दो बार विफल रहा है।

जापानी तट रक्षक ने कहा कि उत्तर कोरिया अधिसूचना में तीन समुद्री क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है, जहां उपग्रह ले जाने वाले रॉकेट का मलबा गिरेगा। तीन क्षेत्रों में से दो कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिम में हैं और दूसरा फिलीपींस के लूजोन द्वीप के पूर्व में है। दक्षिण कोरियाई ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के संचालन के मुख्य निदेशक कांग हो-पिल ने चेतावनी दी कि प्रक्षेपण आगे बढ़ने पर 'आवश्यक उपाय' किया जायेगा।

# इजरायल ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन किया घोषित

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के 15 साल होने को लेकर इजरायल ने लश्कर-ए-तैयबा को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने की घोषणा की। भारत सरकार द्वारा ऐसा करने का अनुरोध नहीं किए जाने के बावजूद, इजरायल ने औपचारिक रूप से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और अवैध आतंकवादी संगठनों की सूची में लश्कर-ए-तैयबा को शामिल करने के परिणामस्वरूप सभी आवश्यक जांच और नियमों को पूरा कर लिया है इजरायल केवल उन आतंकी संगठनों



को सूचीबद्ध करता है जो उसकी सीमाओं के भीतर या उसके आसपास उसके खिलाफ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इजरायली रक्षा और विदेश मंत्रालय ने पिछले कुछ महीनों में संयुक्त रूप से इस तिथि पर लश्कर-ए-तैयबा संगठन की त्वरित और असाधारण सूची बनाने की दिशा में काम किया है। आतंकवाद से लड़ने में एकीकृत वैश्विक मोर्चे के महत्व को उजागर करने के लिए इजरायली रक्षा और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त रूप से पिछले कुछ महीनों में इस तिथि पर एलईटी संगठन की त्वरित और असाधारण सूची की दिशा में काम किया है।

## गजा में अस्पताल के पास विस्फोट

गजा। फिलीस्तीन के मध्य गाजा में मंगलवार को अल-अक्सा अस्पताल के पास एक बड़ा विस्फोट हुआ। अरब टीवी चैनल अल-मायादीन ने यह जानकारी दी। प्रसारक ने कहा कि पीड़ितों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं सामने नहीं आयी है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था और सीमा का उल्लंघन कर पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## रूसी हवाई हमले में सीरिया के रेगिस्तान में आईएस के 6 आतंकवादी मारे गए

**दमिश्क,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रांत होम्स के पूर्व में सीरियाई रेगिस्तानी क्षेत्र में आईएस के ठिकानों पर रूसी हवाई हमलों के दौरान सोमवार को इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादी मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि रूसी हवाई हमलों ने अल-सुखनेह क्षेत्र के रेगिस्तान



और होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में दुबईट गैस क्षेत्र के आसपास आईएस के ठिकानों पर हमला किया। ह्यूमन राइट ने कहा कि उसी क्षेत्र में जमीनी संघर्ष में आईएस आतंकवादियों के साथ संघर्ष में सीरिया समर्थक चार सरकारी लड़ाके मारे गए। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के अनुसार 2023 की शुरुआत से रेगिस्तानी क्षेत्र में सीरियाई बलों और आईएस आतंकवादियों के बीच सैन्य झड़प में 37 आईएस सदस्यों, 165 नागरिकों और 342 सीरियाई बलों और सरकार समर्थक लड़ाकों सहित कुल 544 लोग मारे गए।

## मैक्सिको में गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के मोरेलोस राज्य की राजधानी कुर्नवाका में गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा एवं सहायता के कुर्नवाका सचिवालय ने एक बयान में बताया कि मृतकों में दो पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस अधिकारी सड़क पर शराब पी रहे दो नागरिकों में गोलीबारी की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थे। सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह घटना सोमवार सुबह अल्टाविस्टा में घटित हुई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## 10 लाख युवाओं को...

परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू होगी।

घोषणापत्र में स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक एमएसपी कानून लाया जाएगा, परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए दिए जाएंगे, चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा, 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 रुपए किया जाएगा, मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा, 100 तक जनसंख्या वाले गांवों और ढाणियों को सड़क से जोड़ा जाएगा, हर गांव एवं शहरी वार्ड में सिक्योरिटी गार्ड लगाए जाएंगे, आवास का अधिकार कानून लाकर सभी को आवास दिए जाएंगे, जातिगत जनगणना का भी वादा किया गया है।

## आज का इतिहास

1808- दुनिया की मशहूर ट्रैवल कंपनी 'थॉमस कुक एंड संस' के संस्थापक थॉमस कुक का जन्म।

1830- अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की जंग छेड़ने वाली रानी लक्ष्मीबाई की सेना की मुख्य सदस्य झलकारी बाई का जन्म।1864- भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म हुआ।

1882- भारत के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक वालचंद हीराचंद का जन्म हुआ।

1920 - हकीम अजमल ख़ान जामिया के पहले चांसलर बने।

1943- द्वितीय विश्वयुद्ध[मृत कड़ियाँ] के दौरान जापान को हराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूज़वेल्ट, ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल और चीनी शासक च्यांग काई शेक के बीच मंत्रणा हुई।

1950- अमेरिका के रिचमंड हिल्स में रेल दुर्घटना में 71 लोगों की मृत्यु हो गई।

1963- अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।

1968- मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।

1971- भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ। ग्यारह दिन बाद बंगलादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ।

1975 - जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने।

1981- मंगल, शुक्र, शनि, यूरेनस, नेप्च्यून और चंद्रमा एक ही सीध में आये।

1986- ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।

**परेशानी** *कश्मीर में शांति के भंग होने का खतरा*

# जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की घटनाओं में आई तेजी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले कुछ महीनों से एलओसी पार से घुसपैठ की बढ़ती घटनाओं ने जम्मू कश्मीर में सबको चिंता में डाल दिया है। इससे यहां सीजफायर दांव पर लगने लगा है वहीं कश्मीर में शांति के भंग होने का पूरा खतरा पैदा हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में घुसपैठ के प्रयासों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिसके कारण सरकार और सुरक्षा बलों द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है और मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है।**

नवीनतम मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इस वर्ष अकेले क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास करते समय 42 आतंकवादी मारे गए हैं, जो एलओसी की अखंडता को बनाए रखने में सुरक्षा कर्मियों के सामने आने वाली लगातार चुनौतियों को रेखांकित करता है।

सुरक्षा बलों के मुताबिक घुसपैठ की सबसे हालिया कोशिश की घटना 15 नवंबर को उड़ी सेक्टर में हुई, जहां दो अज्ञात आतंकी मारे गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अक्तूबर एक विशेष रूप से सक्रिय महीना साबित हुआ, जिसमें सुरक्षा बलों ने 26 अक्तूबर को कुपवाड़ा जिले के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पर पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इसके अतिरिक्त, 22 अक्तूबर को, बारामुल्ला जिले के उड़ी सेक्टर में घुसपैठ की असफल कोशिश में दो



- पिछले कुछ महीनों में आई तेजी
- सुरक्षा बलों ने सतर्कता बढ़ाई

आतंकवादी मारे गए, जो इस क्षेत्र के सामने आने वाले सुरक्षा खतरों की लगातार और विविध प्रकृति को उजागर करता है। यह स्थिति जून में हुई घटनाओं की श्रृंखला की याद दिलाती है, जहां कुल 11 घुसपैठिए मारे गए थे। इनमें से चार को मच्छेल सेक्टर में मार गिराया गया, जबकि पांच को केरन सेक्टर के पास के जुमागुंड इलाके में मार गिराया गया। इस बीच सुरक्षाधिकारियों ने बताया कि सरकार ने सुरक्षा बलों को चिन्हित घुसपैठ मार्गों पर अपनी निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया है। घुसपैठ के प्रयासों में हालिया वृद्धि ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है, जिसमें खुफिया सूचनाओं का लाभ उठाने, उन्नत निगरानी प्रौद्योगिकियों को तैनात करने और एलओसी के संवेदनशील हिस्सों पर नियमित गश्त करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका उद्देश्य घुसपैठियों के खिलाफ एक मजबूत निवारक बनाना और किसी भी संभावित खतरे को तेजी से बेअसर करना है। जैसे ही सुरक्षा बल इन उपायों को लागू करने के लिए तैयार हो रहे हैं, जनता से सहयोग का आह्वान किया जा रहा है।

## दुनिया को जानें

### बेल्जियम में 31 साल पहले गायब हुई महिला के शव की पहचान

**ब्रूसेल्स,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बेल्जियम फूल टैटू वाली महिला के नाम से मशहूर एक मृत महिला की पहचान रीटा रॉबर्ट्स के रूप में की गई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मामला वर्ष 1992 का है, जब महिला की हत्या की गयी थी। उस दौरान, महिला का शव तलाशने के बाद भी पता नहीं चला था लेकिन इंटरपोल के साथ साझेदारी में बेल्जियम, डच और जर्मन पुलिस के नेतृत्व में एक सहयोगात्मक प्रयास से महिला का शव बेल्जियम के एंटवर्प के पास ग्रुट शिजन नदी में पाया है और उसकी पहचान रीटा रॉबर्ट्स के रूप में की है। मृतका के बाएं हाथ पर एक अद्वितीय काले फूल का टैटू बना हुआ है। इंटरपोल द्वारा प्रकाशित एक बयान में बताया गया कि महिला की औपचारिक रूप से पहचान तब हुयी, जब टीवी पर महिला के हाथ पर बने टैटू को दिखाया गया और उसे परिवार वालों ने पहचान लिया। मृतका के परिवार ने उसे एक भावुक, प्यार करने वाली और स्वतंत्र विचारों वाली बहन बताया और अपना अपना दुख व्यक्त किया।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की वनडे टीम में मैथ्यू फोर्ड, रदरफोर्ड शामिल

**सेंट जॉन्स ( एंटीगा ),** 21 नवंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज की अगले आईसीसी विश्व कप की तैयारी शुरू हो गई है क्योंकि कैरेबियाई टीम ने दिसंबर से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है, जो 3 दिसंबर से खेली जाएगी। शाई होप टीम का नेतृत्व करेंगे और अल्जारी जोसेफ को नया उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में बैटिंग ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड और सीम बॉलिंग ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड के रूप में दो अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सीनियर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला कॉल-अप अर्जित किया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, हमने अल्जारी जोसेफ को उप कप्तान नियुक्त किया क्योंकि उन्होंने हाल ही में सुपर 50 कप के दौरान लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए अपने दमदार नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया था।



# सूर्य कुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में होंगे भारत के कप्तान

- शुरू के तीन मैचों में ऋतुराज व आखिरी के दो में श्रेयस उपकप्तान
- हार्दिक अभी भी फिट नहीं, फिट अक्षर पटेल टीम में लौटे
- संजू सैमसन व शाहबाज अहमद को नहीं मिली टीम में जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 नवंबर (देशबन्धु)। विस्फोटक बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच आईडीएफसी टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में भारत की 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम के कप्तान होंगे। हार्दिक पांडया के अभी भी वन डे विश्व कप में चौथे मैच में लगी टखने की चोट से न उबर पाने के कारण ही सूर्य कुमार यादव को भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम की कप्तानी का मौका मिला है। सूर्य कुमार यादव पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। सूर्य कुमार यादव को कप्तानी का कोई बहुत अनुभव नहीं है।

शुरू के तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ टीम के उपकप्तान होंगे जबकि श्रेयस अय्यर 1 दिसंबर को रायपुर में चौथे और तीन दिसंबर को बेंगलुरू में पाचवें व आखिरी कुल दो मैचों टीम से जुडने के साथ उपकप्तान की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। भारत की सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति ने विशाखापट्टनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज के लिए सोमवार देर रात भारतीय टीम की घोषणा की। दोनों देशों के बीच यह पांच टी-20 मैचों की सीरीज अहमदाबाद में वन डे विश्व कप फाइनल में भारत की ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के चार दिन बाद ही शुरू हो रही है। अब चूंकि वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में आईसीसी टी-20 विश्व कप अब से करीब छह महीने बाद ही शुरू हो रहा है और इसीलिए अब पूरा ध्यान टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर लग गया है। भारत की इसी साल अगस्त में मेजबान आयरलैंड से टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज जीतने वाली टीम में शामिल संजू सैमसन और ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को टीम में जगह नहीं है । साथ ही अकेले अपने असम को टी-20 सैयद मुश्तक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले रेयन पराग और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी मैचों की सीरीज के लिए घोषित टीम में जगह मिली है।




भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए ऑलराउंडरों- अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, तिलक वर्मा को तवज्जो दी है। ऑस्ट्रेलिया के पांच टी-20 मैचों की इस सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच होंगे। बतौर कोच लक्ष्मण के मार्गदर्शन और ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

भारत की ऑस्ट्रेलिया से रविवार को अहमदाबाद में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में छह विकेट से हारने वाली टीम के सूर्य कुमार यादव, इशान किशन, श्रेयस अय्यर रायपुर में और आखिर समय चोटिल हार्दिक पांडया की जगह टीम में जगह पाने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के रूप में मात्र चार खिलाड़ी ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में खेलेंगे जबकि चोट के कारण आखिर समय वन डे विश्व कप से बाहर हुए बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने फिट होकर टीम में वापसी की है। हालांकि पूरी टी-20 सीरीज के लिए भारत की वन डे विश्व कप के केवल तीन खिलाड़ी सूर्य, इशान और प्रसिद्ध के रूप में मात्र तीन खिलाडियों को ही टीम में जगह मिली हैँकरीब डेढ़ महीने तक चले आईसीसी वन डे विश्व कप के बाद भारत ने नौजवानों को ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए चुना है।

### टी20 के लिए भारतीय टीम

सूर्य कुमार यादव (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़(उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जीतेश शर्मा(विकेटकीपर),वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्ण, आवेश खान, मुकेश कुमार। (श्रेयस अय्यर सीरीज के रायुपर और बेंगलुरू में खेले जाने वाले अंतिम दो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम सश बतौर उपकप्तान जुड़ेंगे।)।

### टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

23 नवंबर, पहला टी-20 मैच, विशाखापट्नम।
26 नवंबर, दूसरा टी-20 मैच, तिरुवनंतपुरम।
28 नवंबर, तीसरा टी-20 मैच, गुवाहाटी।
1 दिसंबर, चौथा टी-20 मैच, रायपुर।
3 दिसंबर, पांचवां व टी-20 मैच, बेंगलुरू।

# हॉकी इंडिया ने महिला कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय समूह की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 21 नवंबर (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया से पहले 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है। टूर्नामेंट का आयोजन 15, 2023 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच होने वाला है।

वालेंसिया में पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत, आयरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम और मेजबान स्पेन प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 13 जनवरी से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारी में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरुआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद कैंप में लौटने पर भारतीय महिलाएं आत्मविश्वास महसूस करेंगी।

भारत ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत उस टूर्नामेंट में भी अजेय रहा जिसमें चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ने भी भाग लिया।

कोर ग्रुप में गोलकीपर सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं। जबकि, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी डिफेंडरों के समूह में शामिल हैं।

निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरमबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, और अजमीना कुजूर शिविर में बुलाए गए मिडफील्डर हैं। जबकि, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग फॉरवर्ड लाइन-अप में हैं।



मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने आगामी शिविर के महत्व के बारे में बात करते हुए कहा, हम पिछले कुछ महीनों में अच्छी फॉर्म में हैं। एशियाई खेलों में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक के साथ। लेकिन, यह महत्वपूर्ण है हमें अपनी लय बरकरार रखनी है और यह सुनिश्चित करना है कि हम अगले साल महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए सही मानसिक स्थिति में रहें। हमारी नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं और जगह सुनिश्चित करने के लिए हमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

**गोलकीपर :** सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी

**डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर :** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर

**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग

# विश्व कप 2023 में रिकॉर्ड तोड़ 12.5 लाख दर्शक पहुंचे



**अहमदाबाद,** 21 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने अब तक के सबसे अधिक दर्शकों वाला आईसीसी आयोजन बनकर इतिहास रच दिया है, जब 1,205,307 प्रशंसक सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप को देखने के लिए टर्नस्टाइल से गुजरे और ऑस्ट्रेलिया ने उल्लेखनीय छठा खिताब जीता।

छह मैच बचे थे और रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने विश्व कप के समापन के साथ ही दर्शकों की संख्या पहले ही दस लाख के आंकड़े को पार कर चुकी थी और गति भी बढ़ती जा रही थी। यह आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक चला और प्रशंसकों को कार्रवाई के केंद्र में रखने का वादा किया गया, जिसमें पुरुष क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच के लिए सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई, जब इंग्लैंड ने 2019 के फाइनल की पुनरावृत्ति में न्यूजीलैंड का सामना किया, जिसके बाद सबसे अधिक उपस्थिति उस मैच में दर्ज की गई जब आईसीसी विश्व कप के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मैच में 14 अक्टूबर को प्रशंसकों का हुजूम उमड़ पड़ा था।

12.5 लाख से अधिक प्रशंसकों का आंकड़ा क्रिकेट के इतिहास में एक नया मानदंड है, जो किसी भी अन्य आईसीसी आयोजन की उपस्थिति के आंकड़े से कहीं अधिक है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 में 1,016,420 दर्शक आए थे, जबकि इंग्लैंड और वेल्स में 2019 संस्करण में 752,000 प्रशंसक आए थे। भारत में आयोजित पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण ने इन आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है और साथ ही कई प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो खेल की वैश्विक पहुंच और लगातार बढ़ती लोकप्रियता को साबित करता है।

# फाइनल में हार ने भारत के लिए नॉकआउट में हार की चिर-परिचित भावना को वापस ला दिया

**नई दिल्ली,** 21 नवंबर (एजेंसियां)। 2007 और 2013 के बीच के समय ने भारत को वैश्विक आईसीसी पुरुष स्पर्धाओं में अविस्मरणीय सफलता दिलाई- 2007 में उद्घाटन टी20 विश्व कप जीत, घरेलू धरती पर 2011 वनडे विश्व कप जीत और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में रोमांचक जीत। लेकिन उसके बाद, ट्रॉफी कैबिनेट खाली हो गई है। 2013 के बाद, भारत कभी भी ट्रॉफी पर कब्ज़ा नहीं कर सका, जिससे उसके प्रशंसक निराश हो गए । 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में हालात अच्छे होते दिख रहे थे, जहां भारत ने सभी विभागों में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और लगातार दस मैचों में जीत हासिल की।

बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण पर अपने प्रभुत्व के दम पर उस नाबाद दौड़ ने इसके बेहद भावुक प्रशंसकों को नॉकआउट में डूबती भावना को शांत होते देखने का एक वास्तविक मौका दिया था। लेकिन 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीले रंग के समुद्र में 92,453 प्रशंसकों के सामने, वह परिचित भावना भारत को फिर से सताने लगी जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था। ऑस्ट्रेलियाई टीम से छह विकेट की हार, जिसने विपक्षी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए परिस्थितियों और योजना के संदर्भ में अपना होमवर्क बहुत अच्छी तरह से किया था, ने भारतीय टीम और स्टेडियम के साथ-साथ दुनिया भर में मौजूद उसके प्रशंसकों को एक और दिल टूटने का मौका दिया।

फाइनल के एक दिन बाद, इस बात पर खालीपन और भयानक चुप्पी का एहसास हुआ कि नॉकआउट में वह परिचित डूबती हुई भावना फिर से कैसे आई, जिसने भारत को उसकी नियति - घरेलू मैदान पर गौरव हासिल करने से वंचित कर दिया।




जैसे ही 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप पर धूल जमने लगी है, किसी को यह सोचना शुरू करना होगा कि नॉकआउट में हर बार भारत के लिए कहां गड़बड़ी होती है। पिछले तीन पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारत 28 में से केवल चार मैच हारा है। लेकिन यहाँ एक समस्या है - उन चार में से तीन हार नॉकआउट चरण में हुईं।

पिछले दस वर्षों में, वैश्विक टूर्नामेंटों में मैचों में भारत का जीत प्रतिशत सबसे अधिक है, जो 69.15त्न है, लेकिन इसके नाम पर कोई खिताब नहीं है। नॉकआउट में परिणामों के खराब रिकॉर्ड ने भारत को एक ऐसे छात्र की तरह बना दिया है जो प्रतिभाशाली है और यूनिट परीक्षाओं में टॉप करता है, लेकिन साल के अंत की परीक्षाओं में लगातार दूसरा स्थान प्राप्त करता है।

तो, वैश्विक टूर्नामेंटों के नॉकआउट में ऐसा क्या है जो भारत और उसके प्रशंसकों को उस परिचित डूबती हुई भावना को फिर से महसूस कराता है? खैर, इसका कोई ठोस जवाब नहीं है. जब फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल द्रविड़ से यह सवाल पूछा गया, तो वह भी कोई सटीक कारण नहीं बता सके।

अगर मुझे जवाब पता होता तो मैं यही कहता। ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता. मैं अब तक तीन में शामिल रहा हूं, एक सेमीफ़ाइनल, और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, और इसमें भी। मुझे बस यही लगता है कि हमने उस दिन वास्तव में अच्छा नहीं खेला। मुझे लगा कि सेमीफ़ाइनल में एडिलेड में हम थोड़े कमज़ोर थे। हम दुर्भाग्य से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहला दिन हार गए।

## सार संक्षेप

### श्रीलंका क्रिकेट टीमों को मिली अंतरराष्ट्री स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा देश की सदस्यता निलंबित करने के बावजूद श्रीलंका की टीमें अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेना जारी रख सकती हैं। श्रीलंका को द्विपक्षीय श्रृंखला और आईसीसी आयोजनों दोनों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देते हुए आईसीसी ने मंगलवार को श्रीलंका क्रिकेट के वित्त पोषण का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। साथ ही आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 का वेन्यू बदलते हुए दक्षिण अफ्रीका कर दिया। ये फैसले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने लिए, जिसने मंगलवार को बैठक की और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के निलंबन की शर्तों की पुष्टि की। आईसीसी ने एक बयान में कहा, एसएलसी के प्रतिनिधित्व को सुनने के बाद आईसीसी बोर्ड ने फैसला किया कि श्रीलंका द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी प्रतियोगिताओं दोनों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना जारी रख सकता है, क्योंकि हाल ही में एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का उल्लंघन करने के लिए निलंबित किया गया था। एसएलसी की फंडिंग को आईसीसी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और आईसीसी बोर्ड ने पुष्टि की है कि श्रीलंका अब आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी नहीं करेगा, जो अब दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा।

### पीसीबी ने उमर गुल और सईद अजमल को पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को पूर्व खिलाड़ियों उमर गुल और सईद अजमल को पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए क्रमशः तेज गेंदबाजी और स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। पीसीबी ने एक बयान में कहा, नवनियुक्त गेंदबाजी कोचों के उद्घाटन कार्यों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 दिसंबर, 2023 से 7 जनवरी, 2024 तक होने वाली टेस्ट श्रृंखला और 12 से 21 जनवरी, 2024 तक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला शामिल है। आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 की हार के बाद, पीसीबी ने टीम के पूरे प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ को बदल दिया है।

## एचएस प्रणय, चिराग-सात्विक की जोड़ी दूसरे दौर में

**शेन्ज़ेन (चीन),** 21 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज करके चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए।

एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 50 मिनट में 21-18, 22-20 से हराया। ताइपे शटलर ने पिछले हफ्ते कुमामोटो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में प्रणय को हराया था। भारतीय खिलाड़ी की शुरुआत धीमी रही और वह शुरुआती गेम में 6-9 से पिछड़ गए लेकिन ब्रेक तक वो 11-10 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। फिर, उन्होंने 17-13 पर चार अंकों की बढ़त बना ली और 21-18 से विपक्षी की चुनौती को समाप्त कर दिया।

दूसरा गेम कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ी पूरी जान झोंक रहे थे।

### सुडोकू 6383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]
रायपुर (छ.ग.), दिनांक 20/11/23
निखिल अग्रवाल (अधिवक्ता)
मो. 8120998100, Email- nikhil@clslp.com

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]
रायपुर (छ.ग.), दिनांक 20/11/23
निखिल अग्रवाल (अधिवक्ता)
मो. 8120998100, Email- nikhil@clslp.com

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]

आम सूचना
(11 पूर्वपुराने मूल विलेख के गुम हो जाने बाबत)
[illegible]

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| जएसडब्ल्यू स्टील | 1.76 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.45 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.24 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.18 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 0.63 प्रतिशत |
| मारुति | 0.48 प्रतिशत |
| एलटी | 0.47 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.44 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.41 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बावजूद रुपया संभलने में नाकाम



**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। डॉलर के कमजोर होने के बावजूद मंगलवार सुबह के कारोबार में रुपया उबरने में विफल रहा और सुबह 11.28 बजे अमेरिकी ग्रीनबैक के मुकाबले पिछले दिन के रिकॉर्ड निचले स्तर 83.34 पर था। डॉलर सूचकांक गिरकर 103.20 पर आ गया, जो इसका ढाई महीने का निचला स्तर है, लेकिन रुपये में उम्मीद के मुताबिक बढ़त नहीं हुई। व्यापारियों ने इसका कारण तेल कंपनियों जैसे आयातकों को कम कीमत का फायदा उठाने के लिए बचाव के तौर पर अधिक डॉलर खरीदने को बताया। अमेरिकी डॉलर में गिरावट के कारण अन्य एशियाई मुद्राओं में तेजी आई है।

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और शेयर बाजारों से विदेशी फंडों के बाहर जाने के बीच सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे टूटकर 83.34 पर बंद हुआ था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सोमवार को 0.66 प्रतिशत बढ़कर 81.14 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि सेंसेक्स 139.58 अंक गिरकर 65,655.15 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 37.80 अंक गिरकर 19,694 पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता थे, क्योंकि उन्होंने 477.76 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। शुक्रवार को जारी आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 462 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.321 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी गिरावट से आरबीआई के लिए हस्तक्षेप करने और कमजोर होते रुपए को संभालने की गुंजाइश कम हो जाती है। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपये ने इस साल 13 नवंबर को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचला स्तर 83.33 दर्ज किया था।

## रिलायंस बंगाल में और 20 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश : अंबानी




**रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया**

**कोलकाता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में खुदरा कारोबार, दूरसंचार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपए के नये निवेश की योजना की मंगलवार को घोषणा की। कोलकाता में चल रहे सातवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में श्री अंबानी ने कहा, 'रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अगले तीन वर्षों में हम 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे।' उन्होंने बताया कि 20 हजार करोड़ का यह निवेश दूरसंचार, खुदरा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम 5जी को राज्य के हर कोने तक ले जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण बंगाल को जोड़ा जा रहा है। बंगाल के अधिकांश हिस्सों को हमने 'कवर' कर लिया है। जियो का नेटवर्क राज्य में 98.8 प्रतिशत और कोलकाता टेलीकॉम सर्कल में 100 फीसदी जनसंख्या को 'कवर' करता है। जियो का मजबूत नेटवर्क पश्चिम बंगाल में रोजगार सृजन के साथ बड़े पैमाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि को बढ़ावा देगा। रिलायंस के अध्यक्ष ने कहा कि रिलायंस खुदरा अगले दो वर्षों में पश्चिम बंगाल में करीब 200 नये स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। अभी रिलायंस के करीब 1000 स्टोर पश्चिम बंगाल में काम कर रहे हैं, जो बढ़कर 1200 हो जायेंगे। श्री अंबानी ने कहा कि हमारे खुदरा कारोबार से बंगाल के सैकड़ों छोटे और मझोले व्यवसायी तथा करीब 5.5 लाख किराना दुकानदार जुड़े हैं। नये स्टोर खुलने से उनको फायदा होगा। प्रभुजी, मुखरोचक, सिटी गोल्ड, बिस्क फार्म जैसे बंगाल के कई क्षेत्रीय ब्रांड्स का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि रिलायंस खुदरा के जरिये हम इन ब्रांड को पूरे देश में ले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ ऊर्जा उत्पादक, रिलायंस अगले तीन वर्षों में 100 कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। इन संयंत्रों में 55 लाख टन कृषि अवशेष और जैविक कचरे की खपत होगी। इससे करीब 20 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी और सालाना 25 लाख टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा, 'हम किसानों को बड़े स्तर पर ऊर्जा बागान लगाने में मदद करेंगे, जिससे वे अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी।' श्री अंबानी ने इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा पश्चिम बंगाल में किये जा रहे कामों का भी जिक्र किया। सदियों पुराने इस मंदिर की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम रिलायंस फाउंडेशन कर रहा है। फाउंडेशन की 'स्वदेश' पहल के तहत भारत की समृद्ध और विविध पारंपरिक कला और शिल्प को भारत और विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। बंगाल में शिल्पकारों की युवा पीढ़ी के लिये रिलायंस फाउंडेशन राज्य सरकार के सहयोग से प्रशिक्षण संस्थान बनायेगी। साथ ही बुनकरों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों के उत्पाद को फाउंडेशन, रिलायंस के रिटेल चैनलों पर बेचेगा। इसके लिये 'बिस्वा बांग्ला कॉर्पोरेशन' के साथ एक समझौता किया गया है।

## सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर का उत्पादन शुरु

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी इनक्युबेटेड स्टार्टअप मोसेटा इंडिया ने सोलर लिथियम पावर वॉल कम हाइब्रिड इन्वर्टर के उत्पादन की शुरुआत करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह मुख्यत घर और उद्योगों की मशीनों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस इन्वर्टर का सभी पार्ट्स भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि इसके उपयोग से हमें न केवल प्रदूषण कारक इनर्जी की कमी होगी, बल्कि यह देश की आर्थिक व्यावस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इस हाइब्रिड इन्वर्टर में सोलर पैनल से ऊर्जा को उठाकर उसे लिथियम बैटरी में संचित किया जाता है जो अंदर ही फिक्स की गई है। फिर यह संचित ऊर्जा उसी इन्वर्टर के माध्यम से घर में उपयोग के लिए रिलीज की जाती है। इसके अलावा, यह इन्वर्टर कम ऊर्जा खपत करने के साथ-साथ शहरी बिजली की आवश्यकता को कम करेगा।जिससे बिजली के बिल में भी कमी आयेगी।

## माइक्रोसॉफ्ट ने अपर्णा गुप्ता को ग्लोबल डिलीवरी सेंटर लीडर किया नियुक्त

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने मंगलवार को अपर्णा गुप्ता को ग्लोबल डिलीवरी सेंटर (जीडीसी) लीडर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की, जो इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलीवरी और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट कस्टमर एंड पार्टनर सॉल्यूशंस (एमसीएपीएस) संगठन का एक हिस्सा है। जीडीसी नेता के रूप में अपनी नई भूमिका में, गुप्ता ग्राहक नवाचार और वितरण उत्कृष्टता, शीर्ष स्तरीय प्रतिभा के साथ क्लाउड विकास त्वरण, उद्योग की गहराई और भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र की देखरेख करेंगे। गुप्ता ने एक बयान में कहा, 'मैं समाधान क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता को गहरा करने और अपने ग्राहकों को उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से एक मजबूत टीम संस्कृति बनाने के लिए जीडीसी में टीमों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम के भीतर एक मजबूत आधार है और मुझे उम्मीद है कि इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए मैं इसे और मजबूत करूंगा।' वह छह साल पहले माइक्रोसॉफ्ट में कमर्शियल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग (सीएसई), जो अब आईएसई है, की भारत प्रमुख के रूप में शामिल हुई थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि इन वर्षों में, उन्होंने व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जैसे एमसीएपीएस इंडिया में एक नए खंड के रूप में ग्राहक सफलता इकाई (सीएसयू) की स्थापना की है।


माइक्रोसॉफ्ट इंडस्ट्री सॉल्यूशंस डिलिवरी के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष मॉरीन कॉस्टेलो ने कहा, 'उद्योग में 25 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता और व्यापक माइक्रोसॉफ्ट अनुभव के साथ-साथ अपनी महत्वाकांक्षा और अटूट नेतृत्व के साथ, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपर्णा हमारी जीडीसी टीम को लगातार सफलता दिलाएंगी।' 2005 में हैदराबाद में स्थापित, ग्लोबल डिलीवरी सेंटर (जीडीसी) उद्योग समाधान डिलीवरी की डिलीवरी शाखा है और तब से वैश्विक उपस्थिति के साथ बेंगलुरु और नोएडा तक फैल गया है। गुप्ता ग्राहकों को उनकी डिजिटल परिवर्तनकारी यात्रा में समर्थन जारी रखने के लिए टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष, पुनीत चंडोक ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट प्रौद्योगिकियों का उनका व्यापक अनुभव और गहरा ज्ञान ग्राहकों को भविष्य के लिए तैयार समाधानों की योजना बनाने और तैनात करने में मदद करेगा, खासकर एआई के युग में, और माइक्रोसॉफ्ट में उनके निवेश के मूल्य को अधिकतम करेगा।' जीडीसी में एप्स इनोवेशन, डेटा और एआई, इंफ्रा एंड सिक्योरिटी और बिजनेस एप्लिकेशन में चार उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के साथ-साथ पार्टनर और डिलीवरी मैनेजमेंट और एडॉप्शन मैनेजमेंट जैसे कार्य शामिल हैं।

## शेयर बाजार में तेजी

मुंबई, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, कमोडिटीज और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 275.62 अंक अर्थात 0.42 प्रतिशत उछलकर 65930.77 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.40 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 19783.40 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत बढ़कर 33,407.33 अंक और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत उठकर 39,829.60 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3854 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2018 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाभ और शेष 20 नुकसान में रही।

बीएसई के 12 के समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.77, सीडी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.59, ऑटो 0.42, बैंकिंग 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.34, धातु 0.13, पावर 0.02, रियल्टी 1.15, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.17 प्रतिशत लाभ में रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56, जापान का निक्केई 0.10, हांगकांग का हैंगसेंग 0.25 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत फिसल गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.09 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,860.46 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,849.17 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 66,082.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,655.15 अंक के मुकाबले 0.42 प्रतिशत मजबूत होकर 65,930.77 अंक पर रहा।




इसी तरह निफ्टी 77 अंक की बढ़त के साथ 19,770.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,754.05 अंक के निचले जबकि 19,829.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,694.00 अंक की तुलना में 0.45 प्रतिशत चढ़कर 19,783.40 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में जएसडब्ल्यू स्टील 1.76, टाटा स्टील 1.45, रिलायंस 1.24, सन फार्मा 1.18, टाटा मोटर्स 1.02, भारती एयरटेल 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, अल्ट्रासिमको 0.47, एक्सिस बैंक 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.39, इंफोसिस 0.22, एचसीएल टेक 0.21, नेस्ले इंडिया 0.04 और विप्रो 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 0.63, मारुति 0.48, एलटी 0.47, एनटीपीसी 0.44, एसबीआई 0.41, टीसीएस 0.26, कोटक बैंक 0.21, पावरग्रिड 0.19, एशियन पेंट 0.16, आईटीसी 0.16, इंडसइंड बैंक 0.16 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी देगा सेल्सफोर्स

**500 से ज्यादा ओपनएआई कर्मचारियों ने इस्तीफा देने की धमकी दी**

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्रमुख सेल्सफोर्स के अध्यक्ष और सीईओ मार्क बेनिओफ ने मंगलवार को ओपनएआई से इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों को नौकरी की पेशकश की। दरअसल, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा पूर्व सीईओ सैम ऑल्टमैन और पूर्व अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन को काम पर रखने के बाद 500 से ज्यादा ओपनएआई कर्मचारियों ने इस्तीफा देने की धमकी दी है। एक्स पर एक पोस्ट में, बेनिओफ ने कहा कि यदि आपका आप्रवासन अब ओ1, एच1बी, या अन्य वीजा पर ओपनएआई से प्रभावित है, तो सेल्सफोर्स ओपनएआई को छोड़ने वाले लोगों की पूरे कैश और इक्विटी ओटीई (ओपन ट्रेड इक्विटी) का मिलान करेगा, और फिर सिल्वियो सावरेज के तहत हमारी सेल्सफोर्स आइंस्टीन विश्वसनीय एआई रिसर्च टीम में शामिल हो जाएंगे। सेल्सफोर्स सीईओ ने लिखा, 'मुझे अपना सीवी सीधे भेजें। आइंस्टीन इस सप्ताह 1 ट्रिलियन पूर्वानुमानित और जेनरेटिव लेनदेन पूरा करने वाला सबसे सफल एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म है! हमारी विश्वसनीय एआई एंटरप्राइज रिवॉल्यूशन में शामिल हों। सेल्सफोर्स ने इस साल जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का वादा किया है।

यह निवेश, जो पहले 250 मिलियन डॉलर से बढ़कर अब 500 मिलियन डॉलर हो गया है, रिस्पांसिबल जेनेरिक एआई विकसित करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए इसके जेनरेटिव एआई फंड का हिस्सा है। सेल्सफोर्स वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर पॉल ड्रूज के अनुसार, इससे कंपनी को और भी अधिक उद्यमियों के साथ काम करने, उद्यम के लिए परिवर्तनकारी एआई समाधानों के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

## सार संक्षेप

### हुंडई की विकलांगों के लिए समर्थ पहल

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज भारत में विकलांग लोगों की जागरूकता और सक्षमता के लिए 'समर्थ' पहल शुरू की। यह पहल हुंडई की 'मानवता के लिए प्रगति' की वैश्विक दृष्टि के अनुरूप है जिसका उद्देश्य गतिशीलता की शक्ति के माध्यम से एक समावेशी, प्रगतिशील दुनिया को सक्षम बनाना है। इस पहल के माध्यम से, हुंडई का लक्ष्य भारत में विकलांग लोगों के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील समाज बनाने में मदद करना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ उन सू किम ने कंपनी के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता शाहरूख खान के साथ इस पहल की शुरूआत करने की घोषणा करते हुये कहा कि भारत में 2.68 करोड़ से अधिक दिव्यांग लोगों के साथ, हुंडई ने दिव्यांगों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता को समझा। 'समर्थ' के लॉन्च के साथ, हुंडई मोटर इंडिया बड़े पैमाने पर समावेशी गतिशीलता परियोजना शुरू करने वाली भारत की पहली ऑटोमोबाइल कंपनी है। हुंडई एक जन आंदोलन बनाने के लिए एनजीओ और मीडिया नेटवर्क के साथ साझेदारी करेगी, साथ ही हुंडई डीलरशिप और नेटवर्क को और अधिक समावेशी बनाने के लिए संरेखित करेगी। प्रौद्योगिकी, साझेदारी, उत्पाद नवाचार और कहानी कहने के साथ, 'समर्थ' का लक्ष्य दुनिया को सभी के लिए समान अवसर में बदलना है।

### एक्सआर टेक्नालॉजी पर काम करने वाले 100 डेवलपरों को प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने मेटा के सहयोग से भारतीय डेवेलपरों के लिए अपनी तरह की अनूठी पहल 'एक्सआर ओपन सॉर्स' (एक्सरोस) फेलोशिप कार्यक्रम में भाग लेने वाले डेवेलपरों को ग्रेजुएशन डे पर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में एक्सआर टेक्नोलॉजी पर काम करने वाले 100 डेवलपर को प्रोत्साहन दिया गया, जिसके अंतर्गत एक्सआर के क्षेत्र में कार्यरत कार्यक्रम के भागीदार अग्रणी संस्थानों और कंपनियों के प्रोजेक्टों में उनको शामिल किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत 10,000 डेवेलपरों के पंजीकरण से हुई। 24 भागीदार संस्थाओं के 38 ओपन-सोर्स प्रोजेक्टों में योगदान देने के लिए 100 डेवलपर को चुना गया। ये भागीदार संस्थाएं एक्सआर इकोसिस्टम निर्मित करने की दिशा में भारत के योगदान को आगे बढ़ाने और भारत के लिए खास समाधान बनाने के प्रति कटिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम के जरिए चुने गए डेवेलपर्स को एक्सआर (एक्सटेंडेड रियलिटी) के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रोजेक्टों पर काम करने के साथ-साथ विचार साझा करने, सीखने और साझेदारी करने के लिए एक अनूठा प्लेटफार्म प्रदान किया गया। चुने गए डेवेलपरों में से 65 प्रतिशत से अधिक छोटे शहर और कस्बों से और करीब 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। फेलोशिप प्राप्त डेवेलपरों ने कई यूजर-केस पर काम किया, जिसमें स्पाशली-पॉवर्ड स्मार्ट वेअरेबल डिवाइसों, मनुष्य की शरीर संरचना का 3डी मानचित्र जोकि मेडिकल ईकोसिस्टम की 3डी दुनिया में मनुष्य शरीर संरचना को समझने में मदद करेगा, इमर्सिव अनुभव हेतु विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की सहायता के लिए वीआर टूलकिट, हेरिटेज साइट टूर और सांस्कृतिक अनुभव के लिए इंडिक मेटावर्स और विभिन्न तरह की हार्डवेयर स्थितियों में इमर्सिव अनुभव के लिए उचित वेब समाधान शामिल थे।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 16 रिंगिट बढ़कर 3819 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.76 सेंट की गिरावट के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एआई कौशल सीखने में 73 प्रतिशत अधिक समय बिताती है भारतीय जेन जेड जेनरेशन



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में जेन जेड पेशेवर अपने पुराने समकक्षों की तुलना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल हासिल करने में अधिक रुचि रखते हैं। वह यह सीखने के लिए अन्य पीढ़ियों की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक समय खर्च करते हैं। वैश्विक पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, जेन जेड, जेन एक्स की तुलना में 1.3 गुना अधिक और बेबी बूमर्स की तुलना में 2.4 गुना अधिक समय बिता रहे हैं। लिंक्डइन इंडिया के कंट्री मैनेजर आशुतोष गुप्ता ने कहा, 'अपस्किलिंग अब सिर्फ एक विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि एआई की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नेतृत्व और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण मानव कौशल विकसित करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना जरूरी है।' रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि दिसम्बर 2022 से सितंबर 2023 तक वैश्विक एआई वार्तालाप में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत में शिक्षार्थियों के बीच पसंदीदा कौशल पीढ़ी दर पीढ़ी अलग-अलग होते हैं, जबकि जेन जेड प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा विश्लेषण जैसे डिजिटल कौशल सीख रहे हैं, मिलेनियल्स और जेन एक्स नेतृत्व और प्रबंधन, व्यक्तिगत प्रभावशीलता और विकास जैसे सॉफ्ट कौशल में निवेश कर रहे हैं।

एआई द्वारा नियमित कार्यों को संभालने के साथ, पेशेवरों के पास अन्य प्रकार के सार्थक और रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर होता है, जिनके लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता है, जो केवल इंसानों के पास होती है। रिपोर्ट से पता चला है कि एपीएसी में, जिन तकनीकी पेशेवरों ने कठिन कौशल के अलावा एक या अधिक सॉफ्ट कौशल विकसित किया है, उन्हें केवल कठिन कौशल रखने वाले कर्मचारियों की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक तेजी से पदोन्नति मिलती है। भारत में, एआई और एआई से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में सबसे अधिक मांग वाले सॉफ्ट स्किल में संचार, विश्लेषणात्मक कौशल और बिक्री शामिल हैं। चूंकि, जेनरेटिव एआई में विकास संस्कृतियों, भौगोलिक क्षेत्रों और उद्योगों में बाधाओं को तोड़ने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है, यह हाइब्रिड कार्य सेटिंग्स के दायरे को बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन पहले से ही लचीलेपन की मांग का जवाब दे रहे हैं, भारत में हाइब्रिड जॉब पोस्ट अगस्त 2022 में 13.2 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त 2023 में 20.1 प्रतिशत हो गई हैं।

# क्रेशर मशीन सुधारते समय हादसा में एक मजदूर की मौत

**कसडोल/ बलौदाबाजार,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। कसडोल के एक व्यवसायी द्वारा ग्राम देवरी कला में संचालित आशु क्रेशर में 19 नवम्बर को काम करने वाले एक मजदूर की मशीन सुधारते समय हुए हादसे में भारी सामान सिर पर गिरने से मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम पश्चात् शव परिजनों को सौप दिया तथा मर्ग क्र 131/23 कायम कर मामले की जाँच में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि घटना के दिन मृतक धर्मेंद्र केंवट पिता ननकी राम केंवट उम्र 32 वर्ष साकिन देवरी कला में रोज की तरह सुबह 10 बजे आशु क्रेशर में काम करने गया था। क्रेशर मशीन में कुछ खराबी आ गई थी, जिसका सुधार का काम किया जा रहा था उसी समय जे सी बी से मशीन के किसी पाट्र्स को ऊपर उठाया गया था कि अचानक रस्सी टूट जाने से लगभग 10.30 बजे मशीन का भारी सामान मृतक के सिर पर गिर गया और मृतक के सिर से बड़ी मात्रा में खून बहने लगा। उस समय उपस्थित काम करने वाले लोग आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल लाए जहाँ डांक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम पश्चात् शव परिजनों को सौप दिया तथा मर्ग क्र 131/23 कायम कर मामले की जाँच में जुटी है।



■ क्रेशर संचालक द्वारा की जा रही थी मामला दबाने की कोशिश
■ कसडोल पुलिस जुटी जांच कार्रवाई में

क्रेशर संचालक कसडोल नगर का एक बड़ा व्यवसायी है जो कि अपनी राजनीतिक पकड़ के चलते घटना को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन तीन दिन बाद पत्रकारों की जानकारी में आने के बाद मामला उजागर हुआ। क्रेशर संचालक के इस रवैए से परिजनों एवं केंवट समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि मृतक के परिवार को क्रेशर संचालक द्वारा उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो धरना प्रदर्शन भी किया जावेगा। मृतक की पत्नी तिहारीन बाई 26 वर्ष एवं दो छोटे बच्चे कपिल 4 वर्ष एवं देवेंद्र 2 वर्ष के साथ बृद्ध माता पिता है। तिहारीन बाई सामने बच्चों की परवरिश की बड़ी चुनौती है। समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को सम्बल देने ईश्वर से प्रार्थना की है।

इस सम्बन्ध में वर्तमान भाजपा प्रत्याशी धनीराम धींवर से पूछने पर कहा कि यह दुखद घटना है क्रेशर मालिक द्वारा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाय। मामला दबाने की कोशिश हुई तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जावेगा। समाज सेवी, एवं भाजपा के मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त ने कहा कि घटना दुखद है। उचित मुआवजा मिलना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर समाज एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। इस संबंध में कसडोल थाना प्रभारी लखेश केंवट ने कहा कि घटना को लेकर मर्ग कायम कर लिया गया है लेकिन मजदूर का श्रम विभाग में पंजीयन हुआ है कि नही यह भी जांच करने के बाद दोषियों पर कार्यवाही किया जावेगा। इस संबंध निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# नेशनल हाईवे धनोरा में सिलेंडर टंकी से भरी ट्रक पलटी, बाल-बाल बचा चालक

**गुरुर,** 21 नवम्बर (देशबंधु)। बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम धनोरा में आज देर शाम सिलेंडर टंकी से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग में ही पलट गई।



■ मौके पर पहुंची पुलिस

इस घटना में वाहन चालक बाल बाल बचा, हालांकि उन्हें चेहरे में, एवं हाथ पैर में मामूली चोट आई है। घटना के समय वाहन चालक बुरी तरह से शराब की नशे में चूर था।

घटना के बाद वाहन में लोडिंग सिलेंडर टंकी ब्लास्ट ना हो जाए यह सोचकर वाहन के करीब जाने से लोग बच रहे थे, लेकिन सिलेंडर टंकी खाली होने की जानकारी पर ग्रामीण वाहन के करीब पहुंचे एवं वाहन मे फंसे चालक को बाहर निकाला।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खाली सिलेंडर टंकी से भारी यह वाहन बालोद की तरफ से होकर गुरुर की तरफ जा रहा था, तभी 14 वी बटालियन कार्यालय के सामने ही यह हादसा हो गया।

इस घटना के दौरान मुख्य मार्ग से गुजर रहे राहगीर एवं अन्य ग्रामीण जन भी बाल बाल बचे, घटना की सूचना पर ग्राम धनोरा सहित भरदा, छेड़िया, बरपारा, कपरमेटा, धोबनपुरी सहित अन्य ग्रामों से ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे थे, जहां वाहन चालक के सुरक्षित होने की जानकारी पर सभी ने राहत की सांस ली। वही घटना किसी सूचना पर पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

# चोरी का सामान खरीदने वाला व्यापारी गिरफ्तार



**गंडई पंडरिया,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। वार्ड नौ निवासी हसन खान आ रसीद खान ने गत 18 नवंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 17- 18 नवंबर की दरम्यानी रात को बाजार एरिया में स्थित किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर कर गल्ला से करीब 5 हजार, फ्लेग सिगरेट 2 पुड़ा, गोला बीडी 5 पुड़ा को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380, 411 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के लिए थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले ने टीम तैयार कर तलाश शुरू किया। संदेही राहुल गायकवाड से पूछताछ करने पर उसने चोरी करना और सामान को टिकरीपारा स्थित शंकर देवागन की किराना दुकान में बेचना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर किराना व्यापारी शंकर देवागन से पूछताछ किया। उन्होंने राहुल गायकवाड से समान खरीदना बताया। उसकी किराना दुकान से चोरी का समान जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी राहुल गायकवाड़ पिता विरेन्द्र गायकवाड़ निवासी वार्ड 8, सामान खरीदने वाले शंकर देवांगन पिता पिताम्बर देवांगन निवासी वार्ड 12 टिकरीपारा को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# राम कोलिहामार के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलटा

**गुरुर,** 21 नवम्बर (देशबंधु)। नेशनल हाईवे 930 में आज तेज रफ्तार एक पिकअप वाहन के पलटने से वाहन में सवार दो लोग बाल बाल बच्चे। यह घटना आज दोपहर 2 बजे बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम कोलिहामार के पास की है।



जानकारी के मुताबिक पत्थर से लोडिंग यह पिकअप वाहन बालोद की तरफ से होकर धमतरी की तरफ जा रहा था, तभी बीच रास्ते में ही इस तरह यह वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी।

लोकेशन से जानकारी के मुताबिक इस घटना में शशि कुमार सोरी उम्र 22 वर्ष ग्राम पुरुर एवं साहिल खान उम्र 26 वर्ष ग्राम पुरुर निवासी को चोंटे आई है।


घटना की सूचना पर दोनो घायलो को तुरंत ही संजीवनी 108 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद शशि कुमार सोरी को गंभीर चोट आने की वजह से धमतरी जिला अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां इलाज जारी है। वही पिकअप के पलटने के बाद पत्थर मुख्य मार्ग में बिखरा गया।

# स्काउट गाइड के छात्रों ने वृद्ध, दिव्यांग एवं बीमार पीड़ित को मतदान केंद्र तक पहुंचाया

**तिल्दा नेवरा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा के स्काउट गाइड छात्रों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में वृद्ध , दिव्यांग एवं बीमार पीड़ित मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में विशेष सहयोग प्रदान किए। विद्यालय के स्काउट गाइड प्रभारी श्रीमती गीतांजलि मरकाम एवं सहायक श्रीमती स्मृति दबडघाव ने बताया कि बच्चे मतदान प्रारंभ से लेकर मतदान समाप्ति तकपूरे उत्साह के साथ मतदान केंद्र में सहयोग प्रदान करते रहे। तथा विधानसभा निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे ।

स्काउट गाइड के छात्र विनोद वर्मा ,जीवनलाल, तन्मय साहू, भास्कर यदु, मोनिका सार्वा, इशा चंद्रवंशी, प्रवीण कुमार, विपिन वर्मा ,भाविका वर्मा, मोनिका यादव, कविता राव, भूमिका यदु ने विशेष सहयोग प्रदान किए। बच्चों के कार्यों से प्रभावित होकर चुनाव अधिकारियों ने बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किए।

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत ईब नदी पर रेलवे पूल का निर्माण तेज



**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच 206 कि.मी. चौथी रेल लाइन का निर्माण लगभग 2100 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना में अब तक ब्रजराजनगर-लजकुरा, चांपा-सारागांव, लजकुरा- बेलपहाड़, झाराडीह-खरसियां- राबर्ट्सन, हिमगीर-बेलपहाड़, ब्रजराजनगर-झारसुगुड़ा, गतौरा-जयरामनगर-लटिया एवं जामगा-हिमगिर स्टेशनों के मध्य लगभग 100 किलोमीटर से अधिक चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से इस रेलखंड में रेल परिचालन में गतिशीलता में वृद्धि होगी ।

# तेज रफ़्तार बाइक में आमने-सामने भिड़ंत

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**रायगढ़,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भंवरपुर के पास तेज रफ़्तार दो बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई, इस घटना में युवक लालसाय टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान सोमवार को सुबह यवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत शव परिजनों के सौंप दिया है।




जानकारी के अनुसार, मृतक लालसाय टोप्पो (उम्र 35 वर्ष) के परिजनों ने बताया कि बीते 16 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे लालसाय टोप्पो अपनी पत्नी और बेटी के साथ गांव से धर्मजयगढ़ स्टेट बैंक जा रहा था। इस दौरान अज्ञात मोटरसाइकिल से ग्राम भंवरपुर के पास सामने से भिड़ंत हो गई।

घटना के बाद पीड़ित को इलाज के लिए पुलिस वाहन 112 से धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक जांच उपरांत धरमजयगढ़ के डॉक्टर ने पीड़ित को रायगढ़ रेफर कर दिया। परिजनों ने पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम पीड़ित लालसाय टोप्पो की मौत हो गई।

घटना में लालसाय टोप्पो की 6 वर्षीय बेटी को भी गंभीर चोट लगने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मृतक के परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करने उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# सिलेंडर ब्लास्ट होने से मकान में लगी भीषण आग, क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल

**कोरबा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की पंप हाउस कॉलोनी के आवास संख्या एम 187 में शॉर्ट सर्किट के बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इस वजह से एक एक्टिवा और एक अन्य वाहन बुरी तरह से जल गया और घर में रखे कुछ सामानों को भी नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट के बाद से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है।



जानकारी के मुताबिक, सीसीएल कर्मचारी लक्ष्मेश्वर सिंह के आवास पर यह घटना हुई। इसके पीछे की मुख्य वजह बिजली से संबंधित समस्या और शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से यहां पर परेशानी बनी हुई थी और इसे लेकर आसपास के लोगों के द्वारा एसईसीएल प्रबंधन के अलावा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था। इन सब के बावजूद इस दिशा में किसी भी तरह से संज्ञान लेना और कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा गया।

मंगलवार को दोपहर अचानक इस इलाके में शॉर्ट सर्किट होने के नतीजे या सिलेंडर की चपेट में आ गया और मौके पर बुरी तरह से आग लग गई। इससे पूरे इलाके में धुंआ धुंआ हो गया। अफरातफरी के माहौल में कुछ देर बाद दमकल यहां पहुची और आग पर काबू पाया गया। आग के सही समय पर बुझ जाने से सभी ने राहत की सांस ली है। अगर आग के बुझने में देरी हुई होती तो निश्चित ही बड़ा नुकसान हो सकता था।

# मतगणना के लिए आवश्यक तैयारी शुरू

■ कलेक्टर ने ली अधिकारियों के साथ बैठक और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया



**कवर्धा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी समय सारणी अनुसार आगामी 03 दिसंबर को विधानसभा निर्वाचन की मतगणना होगी। कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र पंडरिया एवं कवर्धा में प्राप्त मतो की गणना के लिए कवर्धा के स्थानीय नवीन कृषि उपज मंडी परिसर को मतगणना स्थल बनाया गया है, जहां दोनो विधानसभा के प्राप्त मतो की गणना होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार विधानसभा 71-पंडरिया और विधानसभा 72-कवर्धा के मतगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे है। बैठक के बाद कलेक्टर सहित अधिकारियों ने मतगणना स्थल का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मतगणना का विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण 25 नवंबर को सबेरे 10 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इस प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा तथा पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी, मतगणना सहायक रिटर्निंग, ईव्हीएम नोडल अधिकारी, टेबुलेशन प्रभारी, सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन एवं मास्टर ट्रेनर को नियत तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 71-पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 72-कवर्धा श्री पीसी कोरी, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मोनिका कौड़ो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज सिंह बिसेन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लेखा अजगल्ले, सुश्री आकांक्षा नायक सहित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व दिए है। मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था के साथ दण्डाधिकारी आदेश जारी करने का दायित्व अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन को सौंपा है। इसके साथ ही मतगणना, डाकमतपत्र गणना कार्य में अभिनियोजित अधिकारी-कर्मचारियों के दल का गठन एवं प्रशिक्षण का दायित्व जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, डाक मतपत्र कार्य संबंधी कार्य का दायित्व संयुक्त कलेक्टर सुश्री मोनिका कौड़ो, मतगणना कार्य के लिए मतगणना प्रेक्षक, गणना सहायक, माईक्रोऑब्सर्वर दल गठन करना, प्रेक्षकों के लिए गणना के लिए दल बनाना, आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये इनकोर सॉफ्टवेयर में इन्ट्री करवाना, ड्रा के लिए आवश्यक पर्ची की व्यवस्था, वीवीपैट कुंजी गणना के लिए स्लिप कुंजी व्यवस्था, मतगणना स्थल पर आवश्यक इंजीनियर की व्यवस्था और विभिन्न प्रकार के फ्लैक्स तैयार करवाने का दायित्व रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 71-पंडरिया श्री संदीप ठाकुर और रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 72-कवर्धा श्री पीसी कोरी को सौंपा है। इसके साथ ही मतगणना कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों-कर्मचारियों तथा मीडिया सेन्टर के लिए पेयजल, चाय-नास्ता एवं भोजन व्यवस्था, टेबल, कुर्सी एवं लेखन सामग्री के व्यवस्था, बेरीकेटिंग, फेसिंग, स्टेज, मीडिया रूम एवं संचार केन्द्र तथा एलईडी की व्यवस्था, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी का दायित्व सौंपा गया है। मतगणना स्थल पर साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, संचार, आपात चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण विधानसभा निर्वाचन में 07 नवंबर को जिले के पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ था। इस वर्ष का मतदान का प्रतिशत 78.33 प्रतिशत रहा। जिसमें 78.38 प्रतिशत पुरूष और 78.27 प्रतिशत महिला मतदान हुआ। जिले के पंडरिया विधानसभा में 75.27 और कवर्धा विधानसभा में 81.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंडरिया विधानसभा में 75.30 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 75.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 81.34 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 81.15 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# सरला-संबलपुर सेक्शन में ब्लॉक से ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत सरला-संबलपुर सेक्शन में ब्लॉक लेकर कुछ कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 21 से 26 नवंबर तक किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन बीच में समाप्त होगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त कर सहयोग की आशा की है।



**बीच में समाप्त होने वाली गाडियां**- 21, 22, 23, 25 एवं 26 नवंबर को टिटलागढ़ से चलने वाली 08263 टिटलागढ़ -बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल संबलपुर में समाप्त होगी एवं यह गाड़ी संबलपुर से 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल बनकर टिटलागढ़ के लिए रवाना होगी।

21, 22, 23, 25 एवं 26 नवंबर को 08263/08264 टिटलागढ़-बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर संबलपुर एवं रेंगाली के बीच रद्द रहेगी।

NECC

| 22.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.40 | 83 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 195 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

संपादकीय

## ट्रेनें रद्द होने की फिर समस्या

छत्तीसगढ़वासी एक बार फिर से बड़ी संख्या में ट्रेंनें रद्द होने के कारण परेशानियों से गुज़र सकते हैं। लगता है कि एक तरह से दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आने वाला छत्तीसगढ़ ही रेल मंत्रालय के निशाने पर है जहां जब चाहे ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं। पिछले करीब चार वर्षों में अनगिनत बार ऐसा हो चुका है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी न तो मंडल कार्यालय इस ओर ध्यान देता है न ही रेल मंत्रालय के कानों पर जूं रेगती है।

पहले से रद्द हुई अनेक ट्रेनें तो अब तक चालू नहीं हुई हैं, अब रेलवे द्वारा फिर से अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंने रद्द की जा रही हैं। त्यौहारी व मांगलिक कार्यों के अवसरों पर ट्रेनों के रद्द होने का सामान्यजनों पर क्या असर होता है, इसकी कल्पना की जा सकती है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को न केवल कई बार अपनी यात्राएं रद्द करनी पड़ती हैं, कई बार सड़क मार्गों से जाना पड़ता है। सभी की आर्थिक क्षमता ऐसी नहीं होती कि वे निजी वाहन करके जा सकें। कई बार पूरे परिवार को यात्राएं करनी होती हैं। सभी के पास चार पहिया वाहन नहीं होते। दो पहिया वाहनों की वहन क्षमता सीमित होती है और इससे लम्बी दूरी की यात्राएं करना सम्भव भी नहीं होता। लोग इसीलिये ट्रेनों से यात्रा करते हैं कि उन पर न शारीरिक दबाव पड़े न आर्थिक बोझ। ट्रेन की यात्रा सुविधायुक्त होती है तथा सस्ती भी पड़ती है।

रेल मंडल ने अब 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 30 ट्रेनें रद्द करने का ऐलान किया है। बिलासपुर से शहडोल लाइन पर मेगा ब्लॉक होना इसका कारण बताया गया है। रायपुर-बिलासपुर होकर गुजरने वाली इन ट्रेनों के रद्द होने से चल रही अन्य ट्रेनों पर दबाव बढ़ेगा। कई ट्रेनों में तो वेटिंग भी बन्द हो चुकी है। पहले भी 8 ट्रेनों को रद्द किया गया था जो आज तक चालू नहीं हुई हैं। अब और ट्रेनों के रद्द होने से और समस्या बढ़ेगी। पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार इस तरह के नज़ारे छत्तीसगढ़ की जनता देख चुकी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अनिल वैष्णव को पत्र लिखे थे। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी रेल मंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद कोई स्थायी हल नहीं निकला है।

बताया तो यह भी जाता है कि रेल मंत्रालय द्वारा कोयला एवं माल ढुलाई को यात्रियों की बजाये तरज़ीह दी जाती है। अगर ट्रेनें रद्द ही करनी पड़ती हैं तो यात्री ट्रेनें ही रद्द होती हैं। इन ट्रेनों के रद्द होने पर बघेल ने तंज किया है- 'चुनाव खत्म होते ही ट्रेनें रद्द होने लगी हैं।'

# आंवला नवमी पर लक्ष्मी नारायण मंदिर में आवला वृक्ष की पूजाकर कराया भोज, मांगा विष्णु से सुख समृद्धि का वरदान





**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में 130 वर्ष पहले से आवला नवमी का पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि पहले एक ही परिवार के लोग मनाते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे संख्या बढ़ती गई और अब करीब सैकड़ों की संख्या में लोग मंदिर पहुंच कर आंवला नवमी का पर्व मना रहे है। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी किशोर तिवारी ने बताया कि इस मंदिर परिसर हमारे पूर्वज भी पूजा करते थे। आज से 130 वर्ष पहले स्व पूरनदास तिवारी ने पूजन किया, फिर उनके भाई स्व शंकर लाल तिवारी और किशोर तिवारी इस मंदिर में सेवा करते आ रहे है। आंवला नवमी के मौके पर मंगलवार को हजारों महिलाओं ने आंवला वृक्ष में रक्षासूत्र बांध कर भगवान विष्णु से अपने परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर कई स्थानों पर पूजन किया गया। आंवला नवमी पर मुख्य पूजा लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में हुई इसके अलावा बालाजी मंदिर, अयप्पा मंदिर के अलावा, आंवला नवमी के मौके पर मंगलवार को हजारों महिलाओं ने आंवला वृक्ष में रक्षासूत्र बांध कर भगवान विष्णु से अपने परिवार में सुख समृद्धि का आशीष मांगा। इस मौके पर कई स्थानों पर आंवला का पौधा भी रोपा गया। इसके अलावा बालाजी मंदिर, अयप्पा मंदिर के अलावा अवंतिका कालोनी में आंवला पूजन किया गया। कार्तिक नवमी को लोग अक्षय नवमी भी कहते हैं। इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा होती है। इस बार आंवला नवमी मंगलवार को मनाई गई। इसके चलते लक्ष्मी नारायण मंदिर, बालाजी मंदिर भीतरमठ, महादेव घाट, अवंतिका कालोनी, राजेन्द्र नगर, धरमपुरा, पुलिस लाईन, सनसिटी में आयोजित आंवला वृक्ष पूजा स्थल पर लोगों की काफी भीड़ रहीं। महिलाओं ने सबसे पहले आंवला की पूजा की। तत्पश्चात अपनी स्वेच्छा से इसमें सात, ग्यारह और इक्कीस बार रक्षा सूत्र बांधा। पूजा विधान के बाद इसकी छाया में ही प्रसाद ग्रहण किया। आंवला को देव वृक्ष मानते हुए ही धरमपुरा, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोधघाट, मदर टेरेसा वार्ड, अवंतिका कालोनी में महिलाओं ने आंवला का पौधा रोपा तथा इनकी सुरक्षा का वचन दिया। इस दौरान विभिन्ना समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची थी, इसलिए यहां सुरक्षा के हिसाब से पुलिस की भी तैनाती की गई थी, वहीं मंदिर समिति द्वारा भक्तों को खीर वितरित किया गया। विभिन्न् समाज केलोगों ने किया खिलाया भोज अक्षय नवमी पर मंगलवार को विभिन्न् समाज के लोगों ने आवला नवमी का पर्व मनाया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज केअधिक अनिल सामंत ने अपने हाथ से स्वयं लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर भोजन बनाया। इसमें चावल, दाल, खीर, दही का उपस्थित लोगों को भोजन कराया। इसके साथ ही गाय को भी प्रसाद के र्स्प में खीर, खिचड़ी, चावल, दाल सब्जी खिलाकर आशीर्वाद लिया।

**अक्षय नवमी का महत्व**

लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी किशोर तिवारी ने बताया कि हिंदू धर्म के सबसे बड़े अनुष्ठानों में एक अक्षय नवमी को भी माना गया है। इस दिन किए गए दान या किसी धर्मार्थ कार्य का लाभ व्यक्ति को वर्तमान और अगले जन्म में भी प्राप्त होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन सतयुग प्रारंभ हुआ था। उन्होंने कहा कि इस दिन सुबह उठकर स्नानादि के बाद दाहिने हाथ में जल, अक्षत, पुष्प आदि लेकर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद धात्री वृक्ष (आंवले) के नीचे पूर्व दिशा की ओर मुखकर बैठें। ऊँ धात्र्यै नमः मंत्र का जप करते हुए षोडशोपचार पूजन कर आंवले के वृक्ष की जड़ में दूध से जलाभिषेक करते हुए पितरों का तर्पण करें। सायंकाल आंवले के वृक्ष नीचे घी का दीपक प्रज्ज्वलित करें और वृक्ष की सात परिक्रमा करें। जब परिक्रमा पूर्ण हो जाए तो प्रसाद वितरण करें और वृक्ष के नीचे ही भोजन भी करें, ऐसा करने धन-यश मिलता है।

**कार्तिक पूर्णिमा 27 को, श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डूबकी**

कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को मनाई जाएगी। श्रद्धालु इस दिन पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डूबकी लगाएंगे। इसी दिन देव दिवाली भी मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्नान और दान से मनोवांछित फल मिलता है और श्रद्धालु मंदिरों और अपने घरों में दीप जलाते है।

## मतगणना कार्य के लिए चार जिलों का प्रशिक्षण



**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन -2023 के तहत 3 दिसंबर होने वाले मतगणना कार्य के लिए चार जिलों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में दिया गया। राज्य निर्वाचन कार्यालय से पहुंचे मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन व आवश्यक संसाधन की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, ईव्हीएम मशीन से मतगणना की व्यवस्था, मतगणना साफ्टवेयर, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के लिए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में की जाने वाली नियमों का पालन की विस्तृत जानकारी दी गई। डाक मतपत्र की गणना, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सौतेली मां के परिवार ने की दो बहनों से मारपीट



**पीड़िता ने पुलिस पर लगाया असहयोग का आरोप, न्याय की लगाई गुहार**

**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडागांव निवासी दो बहनें शांति दीवान व सुकमति सेठिया ने मंगलवार को स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि उसके पिता मंगदास दीवान की बीते 16 नवंबर को मौत हो गई। उसने केशरपाल निवासी रजोबति से दूसरा विवाह किया था। उसने दोनों बहनों व उसके परिवार के बीच जमीन का बंटवारा भी कर दिया था। दोनों बहने जब मुंडागांव पहुंची तो उनकी सौतेली मां व उसके परिवार के लोगों ने उनके साथ मारपीट किया। नामजद शिकायत के बावजूद भानपुरी पुलिस ने सभी आरोपित पर कार्रवाई नहीं की। दीवान बहनों ने बताया कि उसके पिता ने उसकी सौतेली मां व उनके बीच आपसी सहमति से जमीन का पांच वर्ष पूव बटवारा कर दिया था। उनकी मौत के बाद उसके सौतेली मां व उसके परिवार की नीयत खराब हो गई। पिता की 16 नवंबर को मौत के दो दिन बाद जब वे ग्राम मुंडागांव पहुंची तो उसके परिवार ने तानामारते हुए विवाद करना शुरू कर दिया और उनके साथ मारपीट किया। उनका मोबाइल भी छीन लिया। इसकी सूचना डायल 112 को देने पर वाहन से उन्हें थाने पहुंचाया गया। जहां उन्होंने सात लोगों के विरूद्ध नामजद शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बावजूद भी भानपुरी पुलिस ने केवल चार आरोपित के विरूद्ध ही मामला दर्ज किया है। शेष लोगों के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने इसकी शिकायत एसएसपी बस्तर से भी की है। शांति दीवान ने बताया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है और पुलिस ने जो फोन जप्त किया है। उससे ही वह ऑनलाइन काम करती हैं। मोबाइल के नहीं होने से उनके कार्य करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने पुलिस पर मोबाइल वापस नहीं करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों के समक्ष न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इस संबंध में दूरभाष से भानपुरी थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने बताया कि मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दी गई है। विवेचना में और भी नाम जुड़ जाएंगे। वर्तमान में धारा 294 323 506 और 34 के तहत मामला पंचपथ किया गया है। जप्त मोबाइल लौट के सवाल पर उन्होंने कहा कि मोबाइल उन्हें लौटा दिया जाएगा।

## सहशिक्षा पॉलीटेक्निक आड़ावाल में हुआ युवा उत्सव का आयोजन



**विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने लिया भाग**

**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई द्वारा बरतर जोन 4 के अंतर्गत पॉलीटेक्निक, इंजिनीयरिंग, फार्मेसी संस्थाओं के अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन शासकीय सहशिक्षा पॉलीटेक्निक आड़ावाल जगदलपुर परिसर में 20 एवं 21नवंबर को किया गया, जिसमें शासकीय सहशिक्षा पॉलीटेक्निक जगदलपुर ,शासकीय इंजिनीयरिंग महाविद्यालय जगदलपुर एवं शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ।

इस दो दिवसीय स्पर्धा में क्रमश: प्रथम दिवस रंगोली (विषय सामाजिक जागरूकता), महेंदी (विषय लोक के संस्कृति) चित्र कला इत्यादि एवं द्वितीय दिवस तात्कालिन भाषण, वाद-विवाद प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन (विषय वैश्विक शांति में भारत का योगदान) इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित किये गये थे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय सहशिक्षा पॉलीटेक्निक जगदलपुर के प्राचार्य ए. डी. पाटील एवं आयोजन सचिव पुष्पेंद्र अलसारे एवं अतुल डोंगरे (संभागीय कार्यालय नगरीय प्रशासन) तथा भूपेश साहू (नगर निगम जगदलपुर) उपस्थित थे। अंत में समस्त प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरण कर आयोजन का सफलता पूर्वक समापन किया गया।

## हाता ग्राउंड एवं सिटी ग्राउंड उप समिति की बैठक में बेहतर रखरखाव सहित समुचित उपयोग पर चर्चा



**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित हाता ग्राउंड और सिटी ग्राउंड शहर की विरासत है। इसे भावी पीढ़ी के लिए सजाकर और संवारकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह बात कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में बस्तर स्टेडियम एवं खेल मैदान संचालन व संवर्धन समिति के हाता ग्राउंड एवं सिटी ग्राउंड उप समिति की बैठक में कही ।बैठक में हाता ग्राउंड एवं सिटी ग्राउंड के बेहतर रखरखाव सहित उपयोग के लिए विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। कलेक्टर विजय ने बैठक के दौरान कहा कि बस्तर के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शहर के इन दोनों खेल मैदान को अच्छा बनाकर रखना जरूरी है। जो अधोसंरचना बनाया गया है उसे खिलाड़ी स्वयं अपना समझकर उपयोग करें। इस दिशा में सकारात्मक प्रयास हम सभी मिलकर करेंगे। कलेक्टर ने दोनों खेल मैदान में जरूरी अधोसंरचना विकास सहित आवश्यक रखरखाव के लिए नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में आवश्यक पहल किये जाने कहा। जिसके तहत ग्रास कटर मशीन, पानी की व्यवस्था,सुरक्षा गार्ड इत्यादि शामिल है। जगदलपुर शहर के उक्त दोनों खेल मैदान के विकास एवं रखरखाव के लिए उप समिति के सदस्यों ने भी अपने अमूल्य सुझाव दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, जिला खेल अधिकारी राजेन्द्र डेकाटे तथा दोनों खेल मैदान से सम्बंधित उप समितियों के सदस्य मौजूद थे।

## वर्ष 2023 का अंतिम नेशनल लोक अदालत 18 दिसम्बर को



**बीमा कंपनियों, बैंक, विद्युत विभाग बीएसएनएल के अधिकारियों के बैठक का आयोजन**

**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। इस वर्ष का अंतिम लोक आदालत में 18 दिसंबर को आपराधिक क्षमनीय प्रकरण , व्यवहारवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण धारा 138 नि0ई0एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाना है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किया जाकर नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाए जाने को लेकर मनीष कुमार वाकुर, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष द्वारा 20 नवंबर सोमवार को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण कराये जाने सभी प्रमुख बीएनएल एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित कर अधिकारियों को अपनी संस्था में वसूली योग्य राशि को प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के माध्यम से निराकरण हेतु आने जाने हेतु विभाकित कर यथाशीघ्र प्राधिकरण में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त प्रकरणों में उन्हें पक्षकारों को प्री-सिटिंग की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए उका आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तारतमा में 21 नवंबर को प्रमुख बीमा कम्पनी के शाखा प्रबंधकों एवं उनके अधिकृत अभिताओं तथा प्रकरण अधिवक्ताओं या 138 एन आई एक्ट के अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित किया गया, जिसने बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं उनके अधिकृत अधिवक्ताओं को नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु पक्षकारों को लोक अदालत की महतता बताते हुए उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के कसे निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया तथा बैठक में उपस्थित सभी अधिवकाओं एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों से उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## धान खरीदी को बढ़ाने पर दें जोर : कलेक्टर



**मोतियाबिंद का सघन जांच अभियान किया जाएगा 22 से 30 नवंबर तक**

**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सर्वहित के काम को प्राथमिकता से करते हुए धान खरीदी को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों और समिति प्रबंधकों को निर्देशित कर धान खरीदी कार्यों को प्राथमिकता से संपादित करवाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मोतियाबिंद के ईलाज की गतिविधियों को तेज करने के लिए मोतियाबिंद का सघन जांच अभियान 22 से 30 नवंबर तक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोमवार की शाम को समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में निर्विघ्न मतदान संपन्न करवाने और विशेष अतिथियों के बस्तर प्रवास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए बधाई दी। बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा के दौरान लाला जगदलपुरी लाइब्रेरी की व्यवस्था सुधार के संबंध में चर्चा की। साथ ही बोदली क्षेत्र में सड़क पुल निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन अनुविभाग व तहसीलदार कार्यालय की प्रगति की समीक्षा की और सभी बैठक में अर्बन पीएचसी के निर्माण कार्यों की प्रगति और चिकित्सकों की उपलब्धता पर चर्चा किए। साथ ही 22 से 30 नवम्बर तक मोतियांबिंद हेतु संघन जांच अभियान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा 23 नवम्बर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी अभियान चलाने कहा। बैठक में एसडीएम को उक्त कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति और अन्य विकास निधि के कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र निर्माण एजेंसी द्वारा देने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर पेंट का उठाव में तेजी लाने, पेंशन व वेतन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड उद्यानिकी, पशुधन, मत्स्य, कृषि विभाग से संबंधित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आकांक्षी जिला के सूचकांक, एनआरएलएम के कार्य, स्व-सहायता समूह के सदस्यों को बीमा क्लेम दिलाने के संबंध में चर्चा किए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में नगद एवं नॉन आधार की जानकारी को जनपद सीईओ द्वारा प्राथमिकता से करवाने कहा। बैठक के उपरांत सीएसआर मद से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर प्राथमिकता से कार्यो को जल्द पूर्ण करवाने पर जोर दिया। उन्होंने एनएमडीसी के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर कार्यों की पूर्णता हेतु राशि जारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## आंवला नवमी पर व्रती महिलाओं को बांटा गया आंवला का दो सौ पौधा



**महिलाओं ने कहा पवित्र पौधा है रोप कर करेंगे पूजा**

**जगदलपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। आंवला नवमी के अवसर पर मंगलवार को इंद्रावती नदी किनारे लक्ष्मीनारायण मंदिर (बाहर मठ) में आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना करने आईं व्रती महिलाओं को वन विभाग के सहयोग से पर्यावरणीय संस्था लीफ द्वारा आंवला के 200 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि पवित्र पौधा है। इसे अपने आंगन में रोप पूजा अर्चना करेंगे और दूसरों को भी ऐसा करने प्रेरित करेंगे। यह पौध वितरण कार्य पर्यावरण से लोगों को जोड़ने की अच्छी पहल है। आंवला नवमी, वट सावित्री तुलसी विवाह कुछ ऐसे पर्व हैं जिस दिन लोग पेड़ -पौधों की पूजा- अर्चना करते हैं। आंवला नवमी के अवसर पर मंगलवार को महिलाओं ने आंवला वृक्ष को लक्ष्मी स्वरूपा मान की पूजा अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा गया। करीब 4000 से ज्यादा महिलाएं आंवला पूजन करने बाहर मठ पहुंची थीं। इस अवसर पर पर्यावरणीय संस्था विधिक एवम पर्यावरण कार्य संस्था च्लीफज् के संस्थापक सदस्य हेमंत कश्यप, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम की बिजली लाइन कटी, अधिकारी गण पल्ला झाड़ रहे



**कुरूद**, 21 नवंबर (देशबंधु)। नगर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम की बिजली लाइन कटी हुई है. यहां प्रतिदिन कई खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते हैं. खिलाड़ियों के प्रशिक्षक ने बताया कि अभी नगर पंचायत कुरुद से परमिशन लेकर अपने नाम पर स्थाई कनेक्शन ले लिए हैं। ताकि खेल प्रशिक्षकों को परेशानियों का सामना करना मत पड़े क्योंकि यहां के खिलाड़ी कुछ समय बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हैं. विदित हो कि स्टेडियम का लोकार्पण 30 सितंबर 2018 को हुआ था। इसके बाद एसडीओ पीब्ल्यूडी कुरूद के मुताबिक अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम को नगर पंचायत कुरूद को हैंडओवर कर दिया गया था। श्री दीपक खाड़े मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुरूद ने बताया कि स्टेडियम का भूस्वामी तो पीडब्ल्यूडी है। उनके पास हैंडओवर करने का कोई दस्तावेज नहीं है। इस संबंध में पत्राचार भी किया जा चुका है। इस तरह पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आरके गजीर और नगर पंचायत कुरूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक खाड़े दोनों अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।

बैडमिंटन बॉयज क्लब कुरूद के अध्यक्ष प्रसन्न नायडू ने बताया कि वह स्टेडियम में खिलाड़ियों को अभ्यास करवाते हैं यहां बिजली लाइन कटी हुई थी, जिससे अभ्यास में परेशानी हो रही थी, इसलिए नगर पंचायत और आवश्यक संस्थाओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर बिजली लगवा ली है।

उन्होंने बताया कि आचार संहिता अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम हेतु बिजली नहीं देने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त कर बिजली लाइन कटवा देने की बात भी की थी। पीडब्ल्यूडी कार्यालय से जानकारी के मुताबिक राजनीतिक कार्यक्रम हेतु अनुमति पत्र भी पीडब्लयूडी एसडीओ द्वारा जारी किया गया था और ?9000 का मनी रिसिप्ट भी काटा गया है। एसडीओ अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं और नगर पंचायत कुरूद को हैंड ओवर करने का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं ।

यहां पर यह बात सामने आ रही है कि यदि नगर पंचायत को हैंड ओवर कर चुके होते तो पीडब्ल्यूडी एसडीओ कार्यक्रम हेतु अनुमति कैसे प्रदान करते? नगर पंचायत कुरुद के पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने नगर पंचायत कुरूद के कार्यालय पहुंचकर उपरोक्त संबंध में शिकायत की है। पी डब्ल्यू डी से प्राप्त दस्तावेज अनुसार उक्त स्टेडियम को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हैंडओवर किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक खाड़े से स्टेडियम के बिजली बिल का भुगतान कौन से विभाग द्वारा किया जाता हैं इस संबंध में जानकारी चाही गई तो बताने में असमर्थता जाहिर की इतना बड़ा स्टेडियम कौन से विभाग के अधीन है कौन से विभाग इसके लिए जिम्मेदार है भगवान हि मालिक है।

# रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर चोरी के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिमगा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण कुमार बंजारे पिता स्व. खोरबाहरा बंजारे उम्र 53 वर्ष साकिन मांढर कला थाना सिमगा का दिनांक 20.11.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह खेती किसानी का काम करता है धान को मिसाई के बाद गांव के मजदूरो से घर के आंगन मे बाहर रखवाया था जो कुल 74 बोरी महामाया धान जिसमे शक्कर वाली सफेद रंग की 13 बोरी एवं 61 बोरी खाद वाली थी 11 नवंबर को रात्रि मे सह परिवार भोजन करके घर अंदर सोने चले गये सुबह उठे तो देखा कि रखे गये बोरी में एक बोरी अलग से गिरा हुआ था। शंका होने पर पूरे बोरी को गिना जिसमे 4 शक्कर वाली बोरी महामाया धान भरा हुआ प्रत्येक 50 किलो ग्राम कुल 02 चिंटल किमती 5000 रू को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया था। तब प्रार्थी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा पंजीबद्ध कर ममाले को विवेचना मे लिया था। विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि उक्त चोरी गई मशरूका को संदेही आशीष दिवाकर व हरजीत दिवाकर के द्वारा चोरी कर उक्त धान को ग्राम दरचुरा में बिक्री किये है दोनो संदेहियो को हिरासत मे लेकर गवाहो को तलब कर धारा 160 का नोटिस देकर समक्ष गवाहो के पूछताछ कर मेमोरंण्डम कथन लिया जो प्रार्थी के घर रखे धान भरे बोरी मे से 04 बोरी को दोनो आरोपी के द्वारा चोरी कर ले जाना एवं दिनांक 11.11.2023 को सुबह दरचुरा के रामशंकर साहू के रोहित किराना दुकान मे विक्रय किये है कि आरोपी आशीष के पेश करने पर एक टीव्हीएस मोटर सायकल सीजी-10-एच-3015 की जप्ती कर मेमो कथन अनुसार ग्राम दरचुरा पहूच कर आरोपियो के निशानदेही मे रोहित किराना दुकान पहूचा जहां रामशंकर साहू से पूछताछ किया जो 04 बोरी महामाया धान 3000 रू मे खरीदना बताया कि रामशंकर का कृत्य धारा 411 भादवि का घटित करना पाये जाने से धारा जोडी गई। रामशंकर के पेश करने पर 04 बोरी महामाया धान किमती 5000 रू मुताबिक जप्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया प्रकरण कि विवेचना मे आरोपीगण 1. आशीष दिवाकर 2. हरजीत दिवाकर के द्वारा धान को चोरी करना व चोरी के धान को आरोपी 3. राम शंकर साहू के द्वारा खरिदना पाये जाने से उपरोक्त आरोपीगण के द्वारा अपराध धारा 457,380,411,34 भादवि का घटित करना सबूत पाये जाने से आरोपीगण को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



**आरोपीगण से चोरी का पूर्ण मशरूका बरामद**

# मां लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाल किया विर्सजन

**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। लक्ष्मी उत्सव समिति धुर्राबांधा के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली की पावन पर्व में लक्ष्मी पूजा के दिन गांधी चौक में मां लक्ष्मी की मूर्ति बैठक कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करतें हैं, मां लक्ष्मी जी को भाई दूज के दुसरे दिन, 16 नवंबर को बाजे गाजे के साथ गांव के हर चौक चौराहों तक ले जा कर विधि - विधान से खुशीयों के साथ सोभा यात्रा निकाला गया, तलाब ? में ले जा कर माता रानी की पूजा अर्चना करने के बाद तलाब में विसर्जन किया गया, साथ ही सभी सदस्यों ने पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की कामना किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित समिति के सदस्य, अशोक वर्मा, तिहारु वर्मा, कन्हैया वर्मा रोहित वर्मा, कामत वर्मा, रोहित वर्मा, राजू गब्बर वर्मा, छगन वर्मा, प्रमोद वर्मा भूपेंद्र वर्मा गणेश वर्मा, मनोज वर्मा, बिमल वर्मा, राजू वर्मा, टेकराम वर्मा, कमलेश वर्मा, गैंद वर्मा, सेवक राम वर्मा, कमलेश वर्मा, तेज राम वर्मा, नरशीग वर्मा, रज्जू वर्मा, विनोद वर्मा, सोनू वर्मा, अजय वर्मा, छबीलाल वर्मा, नागेश्वर वर्मा, करण वर्मा, रूबी वर्मा, दुर्गेश वर्मा, धनीराम वर्मा, बलराम वर्मा, रवी वर्मा, कोमल वर्मा, हर्षद वर्मा, टिकेश्वर, मनोहर, रोशन, वियाश, गोलू, गोविंद यादव, डाकेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, गणराज वर्मा, राकेश वर्मा, पुरन वर्मा, मुकेश वर्मा, परमेश्वर, राजेन्द्र वर्मा, धनीराम वर्मा, उमेश वर्मा, हेमंत वर्मा, इस कार्यक्रम गांव के प्रमुख सियान कलेशर वर्मा, दुखीत वर्मा, रामखिलावन वर्मा, दिलीप वर्मा, पवन, मोहित वर्मा, भागवत, अश्वनी वर्मा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# अभी तक जिले के 9 हजार 523 किसानों ने बेचा 72 करोड़ से अधिक राशि का धान

**गरियाबंद,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले में 01 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हुई है, जो कि निरंतर जारी है। धान उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ी है। अभी तक जिले के 9 हजार 523 किसानों ने 72 करोड़ 6 लाख रूपये का धान सहकारी समितियों में बेच चुके है। इस प्रकार समितियों में 3 लाख 29 हजार 17 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। साथ ही खरीदी केन्द्रों से मिलरों को धान उठाव के लिए डीओ भी जारी किये जा रहे है। अभी तक 1 लाख 87 हजार 771 चिंटल धान उठाव के लिए डीओ जारी किये जा चुके है। उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के साथ-साथ किसानों को धान बेचने में सहुलियत प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई है। साथ ही टोकन प्राप्त करने के लिए मोबाईल एप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से आसानी से धान बेचने के लिए किसानों को टोकन मिल जा रहा है। इसके अलावा समितियों के माध्यम से भी टोकन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

डीएमओ श्री अमित चन्द्राकर ने बताया कि धान खरीदी की सतत् व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्बाध धान खरीदी करने के लिए मैदानी अमला जिले के प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में किसानों से धान की आवक और भी बढ़ेगी। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों में व्यापक व्यवस्था की गई है। साथ ही बारदानों की भी पर्याप्त व्यवस्था खरीदी केन्द्रों में की गई है। डीएमओ ने बताया कि अभी तक चरौदा समिति के कुंडेलभाठा उपार्जन केन्द्र में सबसे अधिक 349 किसानों ने 10 हजार 156 चिंटल धान बेचा है। जिसकी कीमत 2 करोड़ 23 लाख रूपये है।



- समितियों में 3 लाख 29 हजार क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी
- खरीदी केन्द्रों से धान उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी

## जलाराम जयंती पर 40 यूनिट रक्तदान

**दुर्ग,** 21 नवंबर। श्री जलाराम जयंती पर जिला रक्त केन्द्र द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम, सिविल सर्जन अस्पताल अध्यक्ष डॉ. एके साहू के अनुसार रक्त जिला अस्पताल में भर्ती क्रीटिकल सिकलिंग थैलीसीमिया एवं डिलीवरी, डेंगू से पीड़ित मरीजों के लिये कलेक्टर कर सुरक्षित रखा जाएगा।

## निधन

### जसबीर कौर सलूजा

**रायपुर,** 21 नवंबर। नर्मदापारा निवासी श्रीमती जसबीर कौर सलूजा (पत्नी स्व. भगवंत सिंह सलूजा) का निधन हो गया है। उनकी अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गुरमीत सिंह सलूजा (विक्की) की माता थी ।



### सोनवती साहू

**नवापारा राजिम,** 21 नवम्बर। स्थानीय बगदेहीपारा निवासी सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती सोनवती साहू का आकस्मिक निधन 20 नवंबर सोमवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



### पुनउराम साहू

**नवापारा राजिम,** 21 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम जौंदा के प्रतिष्ठित नागरिक पुनउराम साहू का 18 नवंबर शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भरत, शत्रुघन, रामाधार, रामनारायण के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम जौंदा में किया गया।



### कमलदेव चंद्राकर

**महासमुंद,** 21 नवंबर। ग्राम बेलसोंडा निवासी कमलदेव चंद्राकर 57 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेलसोंडा में किया गया। वे छन्नूलाल चंद्राकर के पुत्र थे।



### सोनई बाई साहू

**महासमुंद,** 21 नवंबर। स्थानीय सिविल लाईन निवासी श्रीमती सोनई बाई साहू 95 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम मुरकी के मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर साहू, पुनित साहू की मां व छग प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिखी राम साहू की सास थी।



# नर को नारायण पद प्राप्त करने के लिए उत्तम सोपान है श्रीमद् भागवत : पं. हरगोपाल शर्मा

**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। विश्नोई परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्ति की गंगा बह रही है जिसका श्रद्धालु जन भरपूर लाभ ले रहे है।

व्यास पीठ पर कथा वक्ता के रूप में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा द्वारा अपनी ओज पूर्ण वाणी से भगवान व उनके भक्तों के दिव्य चरित्र को संगीतमय कथा के माध्यम से बताया जा रहा है ।भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया की भागवत समस्त वेदों और उपनिषदों का सार है जीव के एक जन्म ही नहीं अन्नत जन्मों के भाग्य उदय होते है तो ही श्रीमद् भागवत कथा श्रवण में रुचि हो पाती है ।चिंतन कैसे बढ़े और चिंता से मुक्ति कैसे मिले इसकी शिक्षा हमें जिस सदग्रंथ से मिलती है वो श्रीमद् भागवत है । व्यक्ति अगर अपना कल्याण चाहता है तो उसे जिस परमात्मा की इच्छा शक्ति से ये पूरा विश्व पालित होता और लय होता है उस सत्य स्वरूप भगवान का चिंतन सदैव करते रहना चाहिए ।

पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया की विपत्ति को विपत्ति व संपत्ति को संपत्ति नहीं कहते भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपत्ति व भगवान की याद बनी रहना ही सबसे बड़ी संपत्ति है ।शरीर की पवित्रता सेवा करने से,धन की पवित्रता दान से और मन की पवित्रता भगवान के कीर्तन करने से होती है । सुकदेव जी व परीक्षित के जन्म के साथ ही परीक्षित व कलयुग के संवाद को बड़े ही विस्तार से कहा ।उन्होंने कहा की व्यक्ति को अगर ब्रह्मतेज चाहिए तो उसे ब्रहस्पति,इंद्रिय बल के लिए इंद्र,संतान प्राप्ति हेतु प्रजापतियों,लक्ष्मी के लिए मायादेवी,आयु के लिए अश्विनी कुमार,सौंदर्य के लिए गंधर्वों,विवाह के लिए उर्वशी अप्सरा, विद्या के लिए शंकर व पति पत्नी में प्रेम के लिए मां पार्वती की उपासना करनी चाहिए किंतु जो निष्काम अथवा सभी कामनाओं को पूर्ण करना चाहे या मोक्ष चाहे उसे श्री हरी का भजन करना चाहिए जिसमे नर को नारायण बनाने का सामर्थ है जो व्यक्ति मानव शरीर पाकर भगवान का भजन नहीं करते उनका जीवन सुअर,कुत्ता,ऊंट व गधे के समान व्यर्थ होता है इसलिए जीव को सदा भगवान नाम का आश्रय लेना चाहिए ।

प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु काफी संख्या में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालु उपस्थित हो रहें है एवं कथा के मध्य श्याम मित्र मंडल के गिरधर महाराज,संजू महाराज व गुड्डू भाई के द्वारा संगीत के साथ गाए जा रहे भजनों पर भाव विभोर हो नाच गा रहे है ।



# लूट करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को संपत्ति संबधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है कि अति। पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में अपराध क्र. 424/2023 धारा 394 भादवि के आरोपीयों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी पुरूषोत्तम दिवाकर 17 नवंबर को वोट डालने के बाद अपने मोहल्ला के काली मंदिर के पास खडा था एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति पास आये और बोला कि तुम्हे एक व्यक्ति बुला रहा है काम है। कहकर मुझे अपनी मोटर सायकल मे बिठाकर ले गया शहर से बाहर निकले तो कहा ले जा रहे हो कहने पर मुझे चुप बैठो जाने के बाद पता चल जायेगा कहकर एक गांव के नर्सरी में ले गया और मोटर सायकल से उतारने के बाद तुम कितना पैसा रखे हो हम लोगो को दे दो कहने लगा। तब मैं मेरे पास कोई पैसा नही है कहने पर एक व्यक्ति ने थप्पड से मुझे मारा पेंट की जेब मे हाथ डालकर जेब में रखे 200 को लुट लिया। प्रार्थी कि लिखित रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान लूट की गई 200 को जप्त की गई है। कि प्रकरण के आरोपी 01- राहुल सोनवानी पिता रामसिंग सोनवानी 02 अनिल लहरे पिता तारन लहरे 03. राहुल नवरंगे पिता दिनदयाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे , थाना भाटापारा ग्रामीण प्रभारी अमित पाटले, उप.निरीक्षक राजकुमार डहरिया, आरक्षक सीताराम ध्रुव, उमेश वर्मा, विजय ठाकुर एवं थाना भाटापारा ग्रामीण से सउनि संजीव सिंह, आर. गौरी कश्यप संयुक्त रूप से योगदान रहा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### मतगणना कार्य के लिए ...

कंट्रोल यूनिट का गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया। इस प्रशिक्षण पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रूपेश वर्मा, रश्मि वर्मा, सुनील शर्मा सहित चारों जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी,सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारी, एनआईसी के सूचना अधिकारी और जिलों के प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

### वर्ष 2023 का अंतिम नेशनल ...

को निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया। विदित हो कि वर्ष 2023 में आयोजित अंतिम नेशनल लोक अदालत में कारों के मध्य सुलह समझौता एवं राजीनामा के आधार पर उनके मध्य उत्पन्न विवादों का समाधान किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित होकर अपने मामलों का निराकरण का लोक अदालत लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने का एक अशा माध्यम तथा विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिये एक वैकल्पिक मंच है। लोक अदालत में न्यायालय में संबित या विवाद पूर्व प्रकरणों कर आपसी समझाईश एवं सुलह के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण कराया जाता है। उक्त संबंध में यह भी विदित हो कि आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौता के माध्यम से प्रकरण के निराकरण में विसाय करत हो जाता है जिससे समय एवं धन की बचत होती है।

### धान खरीदी को बढ़ाने ...

करने कहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आंवला नवमी पर व्रती ...

हेमलता कश्यप, रागिनी शर्मा, कमला कौशल, हीरा वर्मा आदि ने व्रती महिलाओं को आंवला के 200 पौधों का वितरित किया। यह पौधे सामाजिक वानिकी के वन परिक्षेत्र आधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा के सौजन्य से प्राप्त हुए। बताया गया कि आंवला नवमी पर पौधा वितरण का उद्देश्य जन सामान्य को पौधारोपण के प्रति प्रेरित करना है।

# गांवों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला

## स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों में बढ़ चढ़कर सहयोग किया

**फिंगेश्वर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला के स्काउट गाइड की छात्र-छात्राओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिंकारा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रामेंद्र कुमार जोशी, जिला सचिव रोमन लाल साहू जिला संगठन आयुक्त आशीष साहू जिला गाइड आयुक्त श्रीमती सीमा साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग पर मतदान दिवस के दिन भिन्न-भिन्न मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला भवन परसदाकला शासकीय प्राथमिक शाला भवन परसदाकला भाग ब प्राथमिक शाला भवन गनियारी प्राथमिक शाला भवन पतोरा में मतदाता मित्र के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला के स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं ने दिव्यांग, निशक्तजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान कराने में विशेष सहयोग दिए इसके साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं को पानी पिलाने, लाईन लगवाने ,मतदान हेतु प्रेरित करने जैसे अनेक सेवा कार्य मतदान दिवस पर किए ।उनके इस कार्य पर संस्था प्रमुख श्री नारायण सिंह ठाकुर सर स्काउट प्रभारी श्री गिरवर यादव एवं विद्यालय की समस्त स्टाफ का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा उपरोक्त स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं में कुमारी सोनाली निषाद ,रुपाली ,कोयल साहू ,भुनेश्वरी साहू डोमेश्वरी साहू योगेश्वरी सेन गीतांजलि तथा स्काउट शशिकांत साहू, हरिश्चंद्र मनीष निषाद लोकेश सेन खेमराज एवं अन्य स्काउट गाइड मतदाता मित्र के रूप में अपने कार्य पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से निभाए ,हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।



# शा. उमावि पारोण्ड में विद्यार्थियों को मिली विधिक जानकारी



**कोण्डागांव,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव अध्यक्ष/न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती अंबा साह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारोण्ड में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विधिक सेवा से जुड़ी विधिक सलाह व जानकारी नि:शुल्क दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित रिटेनर अधिवक्ता श्रीमती मनीषा तिवारी, केशकाल पीएलवी अनिल कुमार मंडावी केशकाल, पीएलवी कु.लैला मरकाम विश्रामपुरी थाना के माध्यम से नि:शुल्क विधिक जानकारी दी गई।

बताया गया कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो उन्हें बिना पैसे के या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता करना विधिक सहायता कहलाता है। कानूनी सहायता देना विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्व है, क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है।

भारत में राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत किया गया, इसका काम कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करना और उसका मूल्यांकन एवं निगरानी करना है। इस अधिनियम के अंतर्गत कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना भी इसका काम है। प्रत्येक राज्य में एक राज्य कानूनी सहायता प्राधिकरण तथा प्रत्येक उच्च न्यायालय में एक उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति गठित की गई है। जिला कानूनी सहायता प्राधिकरण और तालुका कानूनी सेवा समितियां जिला और तालुका स्तर पर बनाई गई है, इनका काम नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को नि:शुल्क कानूनी सेवा प्रदान करना और लोक अदालतें चलाना है। राज्य कानूनी सहायता प्राधिकरण की अध्यक्षता संबंधित जिले के मुख्य न्यायाधीश और तालुका कानूनी सेवा समितियां की अध्यक्षता तालुका स्तर पर न्यायिक अधिकारी करते हैं, किस प्रकार से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क विधिक सेवा से संबंधित जानकारी दी गई।

जानकारी देने के क्रम में पाक्सो एक्ट अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं नियम 2007, बाल श्रम, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी विस्तारपुर्वक दिया गया।

# बागबेड़ा में बाल मेला आयोजित



**कोण्डागांव,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान प्रदाय करने की भी बहुत जरूरत होती है, जिसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों के ऊपर होती है। विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के तारतम्य में स्कूलों में हो रहे आयोजनों के सम्बन्ध में जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा को निखारने, व्यवहारिक ज्ञान प्रदाय करने और उनकी भावनाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से कोंडागांव जिले के विकास खंड माकड़ी के संकुल बागबेड़ा के अंतर्गत आने वाले उच्च प्राथमिक शाला बागबेड़ा में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों, स्थानीय खाद्य पदार्थों, साग-भाजी, सब्जियों का स्टाल लगाया गया था और उनकी उपयोगिता एवं उनके लाभ को बच्चों द्वारा बताया गया। इस कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने लेनदेन व्यापार कौशल की जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागी बच्चों को पेन देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रामनंदन निषाद संकुल समन्वयक बागबेड़ा, बलिहार सिंह खरे प्रधान अध्यापक, केशर साहू शिक्षक, गणेश कोर्राम, ललित नारायण कंचन, सरवन मरकाम प्रधान अध्यापक, राकेश नाग, कविता मरावी, सुनीता नाग, रामबाई शोरी, मंगलूराम नेताम, ओमप्रकाश साहू, अध्ययनरत बच्चे, शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

# जोर शोर से पहुंचा रहे धान खेतों से खलिहान की ओर किसान



**कोण्डागांव,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पहले विधान सभा चुनाव और फिर दीपावली का पर्व मनाने के बाद कोण्डागांव जिले के विभिन्न ग्रामों के किसान अब जोर-शोर से अपने खेतों से खरीफ की धान फसल को काटकर खेत से खलिहान की ओर ले जाते नजर आने लगे हैं। वर्तमान में किसान खेतों में धान की कटाई कर धान का भारा बांधकर खलिहानों तक लेकर आने में व्यस्त हैं। खलिहान में मिंजाई करने के बाद वे धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करेंगे। शायद यह पहला मौका है, जब धान खरीदी की शुरूआत हुए पखवाड़े भर से ज्यादा का वक्त निकल गया है, लेकिन किसान खरीदी केंद्रों में ना के बराबर पहुंच रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा किसानों को सुविधा देने के लिए लगातार धान उपार्जन केंद्रों की संख्या भी बढ़ा चुकी है। किसानों का कहना है कि इलाके में मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं, यानि मजदूर नहीं मिलना एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, जिस कारण खेती करने वाले किसानों को भी परेशानी का सामना करने के साथ ही नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। वहीं कई किसान मजदूर नहीं मिलने की समस्या का समाधान एक-दूसरे के काम में हाथ बंटाकर कर रहे हैं। वहीं कभी-कभी आसमान में बादल भी नजर आ जाता है, जिससे किसानों में चिंता भी देखने को मिल रही है।

# किसान पूछ रहे 32 सौ में कब बिकेगा धान



- जिले के खरीदी केन्द्रों में पसरा सन्नाटा
- नई सरकार का इंतजार, केवल 4 केन्द्रों में खरीदी
- 5 किसानों ने बेचा मात्र 267 क्विंटल धान

**दंतेवाड़ा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के धान खरीदी केन्द्रों में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। चुनाव और दीवाली के बाद कटाई शुरू हुई है। धान खेत से अभी खलिहान तक नहीं पहुंचे हैं। इसके अलावा किसान धान बेचने खरीदी केन्द्रों में पहुंच भी रहे हैं तो पूछ रहे हैं धान का नया रेट यानि 31 सौ अथवा 32 सौ रूपए क्विंटल कब मिलेगा। कहने का मतलब है कि यहां के किसान भी नई सरकार के इंतजार में है।

दंतेवाड़ा के 15 खरीदी केन्द्रों में से मात्र दंतेवाड़ा, गीदम, नकुलनार और मोखपाल में ही धान खरीदी हुई है। इन सभी में केवल 5 किसानों ने 267 क्विंटल 20 किलो धान बेचा है। जिले के शेष धान खरीदी केन्द्र अरनपुर, कटेकल्याण, केशापुर, छिंदनार, फरसपाल, पालनार, बड़ेगोडरे, बड़े तुमनार, बारसूर, भांसी और मेटापाल में अब तक बोहनी भी नहीं हो पायी है। धान खरीदी केन्द्रों में कुल 15 हजार 512 किसानों का पंजीयन हुआ है। पिछले वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 12 हजार 593 थी। इस बार 3 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन हुआ है।

धान खरीदी में देरी की वजह देर से फसल तैयार होना है। जिले में अभी भी धान कटाई जारी है। इस बार बारिश में देरी के चलते फसल भी देर से तैयार हुई। जिले का केवल कटेकल्याण ही ऐसा इलाका है जहां पहले फसल बोयी जाती है और कटाई भी पहले होती है, बाकि जगह विलंब होता है। चुनाव और फिर दीवाली में किसान उलझे रहे।

इधर नई सरकार की प्रतीक्षा भी किसान कर रहे हैं। किसानों को भी प्रति क्विटल 21 सौ 83 रूपए के दर से धान बेचना पड़ रहा है। वैसे नई सरकार बनते ही यह राशि बढ़ जाएगी। अभी जो किसान धान बेच चुके हैं उन्हें भी अंतर की राशि प्रदान की जाएगी। भाजपा ने 31 सौ और कांग्रेस ने 32 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया है। बकायदा दोनों के घोषणा पत्र में इसका जिक्र है। दंतेवाड़ा में तो कम, लेकिन धान बहुल शेष छत्तीसगढ़ के जिलों मे धान खरीदी और किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा एक बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। सरकार बनाने में धान और किसान दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका 2018 के चुनाव में भी दिखी थी, और इस बार भी इसका असर दिखेगा।

# भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया जाएगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**नारायणपुर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नारायणपुर के द्वारा पूर्व में उन्नति प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अगरबत्ती निर्माण एवं सब्जी उत्पादन में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। एसबीआई आरसेटी में बीपीएल कार्डधारी अथवा मनरेगा कार्ड धारी व्यक्तियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष तक हुई हो वे सभी आगामी होने वाले निशुल्क प्रशिक्षण कार्यकमों कौशल उद्यमिता विकास, कम्प्यूटर एकाउटिंग, महिला सिलाई एवं वाहन चालक का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एजुकेशन हब गरांजी) नारायणपुर में आवश्यक दस्तावेज योग्यता प्रमाण पत्र (अंकसूची) यदि हो तो, आधार कार्ड, राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट साइज 4 फोटो के साथ उपस्थित होकर पजीयन करवा सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान निशुल्क छात्रावास, नि:शुल्क चाय-नास्ता एवं भोजन, यात्रा भत्ता, प्रोजेक्टर द्वारा प्रशिक्षण, आरसेटी यूनीफार्म, पेन-कॉपी की निशुल्क सुविधा दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निदेशक श्री प्रेम चन्द किण्डो, मोबाईल नंबर 9407629900, संकाय सदस्य मोबाईल नंबर 8871870018, 9301104537 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 4 दिसंबर तक जिले में मनाया जाएगा नसबंदी पखवाड़ा

## नसबंदी पखवाड़ा हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**कोण्डागांव,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन कोण्डागांव जिले में किया जा रहा है। इस बार पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवम्बर से 04 दिसंबर के बीच किया जा रहा है। पखवाड़ा का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सारथी रथ को तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह एवं जिला कार्यकम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ सभी 05 विकास खण्डों केशकाल, कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी एवं विश्रामपुरी में प्रचार-प्रसार करेगी। पुरुष नसबंदी (एनएसवीटी) के लिये स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर के द्वारा 'स्वस्थ मॉ, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा' का थीम प्राप्त हुआ है।

इस पखवाड़े को सफल बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल आफिसर, बीईटीओ, बीपीएम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सी.एच.ओ.को पखवाड़े के दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दे दी गयी है। इस पखवाड़े में अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही को ले के आने एवं पखवाड़े का प्रचार प्रसार कर एनएसवीटी कैंप का आयोजन अपने-अपने विकास खण्डों में करने का निर्देश दिया गया है। पखवाड़ा के दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल एवं आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

जिला कार्यकम प्रबंधक के अनुसार महिलाएं प्रारंभ से अपनी जिम्मेदारी निभाते आ रहे, अब पुरुषों को भी आगे आना चाहिए और परिवार नियोजन में सहयोग करना चाहिये। पुरूष नसबंदी हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हितग्राही को 3000 रूपये एवं नसबंदी हेतु लाने वाले प्रेरक को प्रति प्रकरण 400 रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है।

# मलेरिया मुक्त छग अभियान का नौंवा चरण 28 से

**नारायणपुर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का नौंवा चरण 28 नवंबर से प्रारंभ होकर 18 दिसंबर 2023 तक क्रियान्वयन कर सफलतापूर्वक अभियान को सफल बनाया जाएगा। बस्तर संभाग में अधिकास क्षेत्र अबुझमाड़ का के अंतर्गत है, जो पुर्व में मलेरिया से अधिक प्रभावित क्षेत्र रहा है, अभियान के दौरान आठ चरणों में लक्ष्य जनसंख्या को आर.डी. कीट के माध्यम से मलेरिया जांच कर पूर्ण उपचार कराई गई। नौं वा चरण में कुल लक्ष्य जनसंख्या 157274 को आरडी कीट के माध्यम से मलेरिया जांच की जाएगी। जिसके लिए कुल सर्वे दलो का सख्या 145 एवं कुल सर्वे दलो सदस्यो की सख्या 513 तथा कार्य को सुचारू रूप से सुपरविजन एवं मानिटोरिंग के लिए 22 सुपरवाइजरो की डुयटी लगाई गई है। पॉजिटिव केस आने पर तत्काल अपने समक्ष ही प्रथम डोज स्वास्थ्य कार्यकर्ता (दल के प्रथम सदस्यो) द्वारा एंट्री मलेरिया ड्रग्स खिलाया जाएगा। जहाँ द्वितीय व तृतीय डोज मितानिनो के निगरानी में दी जाती है, ताकि मरीज का पूर्ण ईलाज हो सके। 22 एवं 23 नवंबर को सर्वे दलो को प्रशिक्षण देकर अभियान सबधिम समाग्री प्रदाय की जाएगी तथा 28 नवंबर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टी. आर कुवर के मार्गदर्शन में जिला से अभियान की शुरूआत की जाएगी। उक्त अवसर में जन प्रतिनीधीयो को अवगत कारते हुए एवं सहयोग लेकर कार्य का संपादन किया जाएगा। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत विभिन्न बिन्दुओ पर कार्य किया जाएगा। मलेरिया से प्रभावित मरीजों का पूर्ण उपचार हेतु लोकल खाद्य पदार्थ एवं चिक्की प्रदाय, प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जन को अभियान से पूर्व अवगत कराना तथा मरीजो का पूर्ण दवाई खुराक खिलाने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य साथियों का सहयोग लिया जाऐगा। लोकल भाषा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाऐगा। आरडी कीट से जांच पर मलेरिया पॉजिटिव आने पर पुर्ण उपचार, एवं पॉजिटिव आने 5 पर तुरंत उन्ही मरीजो का स्लाईड बनाकर जांच की जाती है पॉजिटिव आने पर पुन: पूर्ण उपचार किया जाऐगा। मलेरियाराधी दवा लेपित मच्छरदानी अधिक से अधिक उपयोग हेतु नागरिको प्रेरित तथा घर के दिवारों पर मलेरियाराधी दवाई का छिडकाव कराने हेतु लोगो को आह्वान किया जाता है। लक्ष्य जनसंख्या में पाजिटिविटी दर को कम करने हेतु, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान कर न्युनतम वार्षिक परजीवी सुचकांक तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

# आंवला नवमी में आंवला की विशेष पूजा-अर्चना

**पिथौरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में आज आंवला नवमी के अवसर पर वनांचल क्षेत्रों, वन भोज स्थलों में आंवला वृक्ष की महिलाओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। खीर पूड़ी का भोग लगा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रणीता, नीलिमा, नमिता, रानू , शालू आदि ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना करते हुये कहा कार्तिक माह में आंवला नवमी को औषधि युक्त आंवला वृक्ष , पौधा की पूजा-अर्चना करने से श्री की प्राप्ति होती है परिवार में सुख, शांति, समृद्धि आती है आगे उन्होंने कहा कि हमें पेड़ पौधों की पूजा के साथ उनकी सुरक्षा करनी चाहिए चाहे वह कोई भी वनस्पति क्यों ना हो पेड़ पौधे पर्यावरण की शुद्धता बनाते है है जो जीव जगत के लिए वरदान होता है। इस अवसर पर युवक, युवतियां, महिला पुरुष सहित बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना के पश्चात वहीं पर भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।



# कंचनपुर में होगा रास पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम

**पिथौरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम कंचनपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रास पूर्णिमा पर विविध आयोजन किया जाएगा। कंचनपुर के सरपंच राजेश साव ने जानकारी देते हुए बताया की 5 दिन तक ग्रामवासियों के द्वारा रात्रि कालीन कार्यक्रम 23 नवंबर से 27 नवंबर तक होगा। प्रथम रात्रि 23 तारीख गुरुवार कलश यात्रा एवं श्री राधा कृष्ण का मूर्ति स्थापना, 24 तारीख रात्रि शुक्रवार को रामायण (1) आंचल मानस परिवार रीकोकला (सपोस) (2) श्री राम जानकी मानस परिवार (रायगढ़ )रागिनी चौहान 25 तारीख रात्रि शनिवार भागवत (1) कीर्तन पार्टी चकरदा (सरायपाली) (2) नगेडी (राजादेवरी ) (3) पोटापारा बसना 26 तारीख रात्रि रविवार राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता। (दसवां वर्ष )27 तारीख रात्रि सोमवार गम्मत गवई के हीरा नाच पार्टी (जेवरा) (2) रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी गरियाबंद (छुरा) का कार्यक्रम है, आयोजन को सफल बनाने में त्रिलोचन पटेल ,सरपंच राजेश साव, हरिलाल सिदार, सीताराम पटेल,पुनीत लाल साहू , पूर्व सरपंच करमसिंग साव ,राधेश्याम पटेल, सागर पटेल ,तेजलाल पटेल, परती सिदार,हेमराज सिदार, बुंदराम सिदार, काशीनाथ पटेल, हेमकुमार पटेल ,पंच मोहन पटेल , तेजराम पटेल ,फ़गुलाल रात्रे ,श्रवण पटेल ,बंशीधर पटेल, खगेश्वर पटेल, पालेश्वर यादव, कोटवार रोहित चौहान, केतन पटेल, मुन्ना पटेल, अरुण पटेल, रंजिलाल चौहान, श्रीधर चौहान ,जीवन लाल साहू , सेतराम पटेल, बिंदा प्रसाद पटेल, रोहन पटेल, कृपाराम पटेल, हराधन पटेल, वेदराम पटेल, पंचराम साहू, बसंत पटेल ,जितेंद्र पटेल, नंदू पटेल, रोहित पटेल, दिनेश पटेल, संतराम पटेल, सनत पटेल, जलसाय पटेल, हितेश पटेल, अशोक पटेल, वीरेंद्र सिदार, घासीयाराम पटेल, रविशंकर साव, बरुन साहु, गिरधर ,वासुदेव पटेल ,मानसिंह सिदार, विजय रात्रे, संतोष सोनी, बरातू पटेल, संदीप पटेल, हरिचंद्र पटेल, जनकराम पटेल, राहुल पटेल, सुमित पटेल, मनीष सिदार, सूरज साव, टेकराम पटेल, हरीश पटेल ,गोभीर पटेल ताराराम साव सहित ग्रामवासी जुटे है। आयोजन समिति द्वारा इस अवसर पर श्रद्धालुओं को उपस्थिति की अपील की है।

# राजस्व मामले निपटाने फिल्ड में उतरें पटवारी : कलेक्टर



- समय सीमा बैठक में विनीत नंदनवार के कड़े निर्देश
- शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने अफसरों को दी बधाई
- रबी फसल की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा

**दंतेवाड़ा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य में निर्विघ्न मतदान सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए बधाई दी।

कलेक्टर श्री नंदनवार ने समय-सीमा की बैठक के दौरान अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, और व्यपवर्तन के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि अपने अधीनस्थों, राजस्व निरीक्षकों तथा पटवारियों को राजस्व से संबंधी कार्यों को समय सीमा में करने निर्देशित करें। इस दौरान राजस्व से संबंधित अपील, पुनरीक्षण, डायवर्सन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, अभिलेख सुधार, विवादित-अविवादित खाता विभाजन, आबादी सर्वे निपटारा, अतिक्रमण, भू-अर्जन, आबादी पट्टा वितरण, भूमि अर्जन, भूमि आबंटन, जवाब दावा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

श्री नंदनवार ने कहा कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गति लाएं और सड़क निर्माण कार्यों को द्रुत गति से प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सर्व प्राथमिकता से धान खरीदी को बढ़ाने पर जोर दिया, उन्होंने संबंधित विभागों और समिति प्रबंधकों को निर्देशित कर धान खरीदी कार्यों को प्राथमिकता से संपादित करवाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय की सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, केवीके, मत्स्य पालन विभाग और पशुचिकित्सा सेवा की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रबी फसल की प्रगति की जानकारी और कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गोबर पेंट का उठाव में तेजी लाने, पेंशन व वेतन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड उद्यानिकी, पशुधन, मत्स्य, कृषि विभाग से संबंधित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में लगातार साफ-सफाई रखने साथ-साथ निकायों में लाइट, पेयजल एवं अन्य जरूरत से संबंधी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री नंदनवार ने बारी-बारी सभी विभागों से विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने साथ ही कहा कि जिले के आश्रम, छात्रावास, आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने स्कूलों आश्रम छात्रावासों में शत-प्रतिशत उपस्थिती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही बच्चों के अच्छे भोजन देने के निर्देश भी दिए। साथ ही बच्चों के बेहतर परिणाम लाने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, उनका सर्वांगीण विकास हो जिससे वे अपना बेहतर भविष्य निर्माण कर पाएंगे। उन्होंने शिक्षकों को समयावधि में पहुंच अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करने निर्देश दिए साथ ही कहा कि बच्चों के लर्निंग आउटकम पर फोकस कर बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे सहित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

संग्रहालय का इंचार्ज (गुस्से में): तुम्हें पता है जो मूर्ति तुमने तोड़ी है वह पांच सौ साल पुरानी थी..!!!

चिंटू : शुक्र है, मैंने तो सोचा था कि नई है!!!

## संपादकीय

### ट्रेनें रद्द होने की फिर समस्या

*छत्तीसगढ़वासी एक बार फिर से बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्द होने के कारण परेशानियों से गुज़र सकते हैं। लगता है कि एक तरह से दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आने वाला छत्तीसगढ़ ही रेल मंत्रालय के निशाने पर है जहां जब चाहे ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं। पिछले करीब चार वर्षों में अनगिनत बार ऐसा हो चुका है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी न तो मंडल कार्यालय इस ओर ध्यान देता है न ही रेल मंत्रालय के कानों पर जूं रेगती है।*

*पहले से रद्द हुई अनेक ट्रेनें तो अब तक चालू नहीं हुई हैं, अब रेलवे द्वारा फिर से अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंने रद्द की जा रही हैं। त्यौहारी व मांगलिक कार्यों के अवसरों पर ट्रेनों के रद्द होने का सामान्यजनों पर क्या असर होता है, इसकी कल्पना की जा सकती है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को न केवल कई बार अपनी यात्राएं रद्द करनी पड़ती हैं, कई बार सड़क मार्गों से जाना पड़ता है। सभी की आर्थिक क्षमता ऐसी नहीं होती कि वे निजी वाहन करके जा सकें। कई बार पूरे परिवार को यात्राएं करनी होती हैं। सभी के पास चार पहिया वाहन नहीं होते। दो पहिया वाहनों की वहन क्षमता सीमित होती है और इससे लम्बी दूरी की यात्राएं करना सम्भव भी नहीं होता। लोग इसीलिये ट्रेनों से यात्रा करते हैं कि उन पर न शारीरिक दबाव पड़े न आर्थिक बोझ। ट्रेन की यात्रा सुविधायुक्त होती है तथा सस्ती भी पड़ती है।*

*रेल मंडल ने अब 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 30 ट्रेनें रद्द करने का ऐलान किया है। बिलासपुर से शहडोल लाइन पर मेगा ब्लॉक होना इसका कारण बताया गया है। रायपुर-बिलासपुर होकर गुजरने वाली इन ट्रेनों के रद्द होने से चल रही अन्य ट्रेनों पर दबाव बढ़ेगा। कई ट्रेनों में तो वेटिंग भी बन्द हो चुकी है। पहले भी 8 ट्रेनों को रद्द किया गया था जो आज तक चालू नहीं हुई हैं। अब और ट्रेनों के रद्द होने से और समस्या बढ़ेगी। पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार इस तरह के नज़ारे छत्तीसगढ़ की जनता देख चुकी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अनिल वैष्णव को पत्र लिखे थे। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी रेल मंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद कोई स्थायी हल नहीं निकला है।*

*बताया तो यह भी जाता है कि रेल मंत्रालय द्वारा कोयला एवं माल ढुलाई को यात्रियों की बजाये तरज़ीह दी जाती है। अगर ट्रेनें रद्द ही करनी पड़ती हैं तो यात्री ट्रेनें ही रद्द होती हैं। इन ट्रेनों के रद्द होने पर बघेल ने तंज किया है- 'चुनाव खत्म होते ही ट्रेनें रद्द होने लगी हैं।'*

# झीरम हत्याकांड के आपराधिक षड्यंत्र की जांच होने नहीं देना चाहती थी भाजपा : विनोद वर्मा

## किसे और क्यों बचाना चाहते हैं भाजपा के नेता ?

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि 25 मई, 2013 में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर कथित नक्सली हमला हुआ था। इस हमले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर कहे जाने वाले महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, पूर्व विधायक उदय मुदलियार सहित कुल 32 लोग शहीद हुए थे।यह लोकतंत्र के इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड था। . इस हत्याकांड की जांच कर रही एजेंसी एनआईए ने इस घटना की जांच की थी। लेकिन एजेंसी ने यह जांच नहीं की थी कि इस हत्याकांड का षड्यंत्र किसने रचा था। यह सिर्फ़ नक्सली हमला था या इसके पीछे राजनीतिक षड्यंत्र भी था ?

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये हुए श्री वर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ की पुलिस ने आपराधिक षडयंत्र की जांच शुरु की तो एनआईए ने अदालती अडंगा अटका दिया। पहले वे ट्रायल कोर्ट में गए, वहां उनकी याचिका खारिज हुई फिर हाईकोर्ट में खारिज हुई।इसके बाद एनआईए सुप्रीम कोर्ट में गई जहां आज सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले का स्वागत करती है। इस फ़ैसले से शहीदों को और उनके परिजनों को न्याय मिलने का रास्ता खुला है।

. इस फ़ैसले के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस यह जांच कर पाएगी कि किसके कहने पर, किसे बचाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी एनआईए जांच का रास्ता रोक रही थी ? हमारा सवाल है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने आपराधिक षड्यंत्र की जांच क्यों नहीं करवाई ? आयोग बनाया तो उसके दायरे में षड्यंत्र क्यों नहीं रखा ?

उन्होंने कहा कि 2014 में एनआईए ने पहला चालान प्रस्तुत किया। फिर 2015 में दूसरा चालान पेश किया गया।इन दोनों चालान में नक्सली संगठन के प्रमुख कर्ताधर्ता गणपति और रमन्ना के नाम नहीं डाले गए। इससे पहले जांच के दौरान एनआईए ने इन दोनों नेताओं को भगोड़ा भी घोषित किया था और संपत्ति कुर्क करने की नोटिस भी निकाली थी।एनआईए ने अपने चालान में कह दिया कि झीरम का षडयंत्र दंडकारण्य ज़ोनल कमेटी ने रचा था।

. कांग्रेस पार्टी ने जब विधानसभा में यह सवाल



उठाया और हंगामा हुआ तो तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह ने झीरम हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने की घोषणा की । राज्य में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार बनी तब कहीं जाकर पता चला कि सीबीआई जांच से तो केंद्र की सरकार ने इंकार कर दिया है।तब जाकर छत्तीसगढ़ पुलिस ने नई एफ़आईआर दर्ज की लेकिन एनआईए इस मामले को अदालत तक ले गई।पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ प्रवक्ता आरपी सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## अब पूरी घटना की न्यायिक जांच होगी : रमन सिंह



प्रदेश के बहुचर्चित झीरम घाटी मामले में एनआईए को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एनआईए की याचिका को खारिज करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस को मामले की जांच की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद पूर्व सीएम रमन सिंह ने ट्वीटकर सवाल किया है। रमन सिंह ने अपने ट्वीट पर कहा कि इस मामले की जाँच से षड्यंत्र का पर्दाफ़ाश होना चाहिए। लेकिन यह तो बताइए कि 2018 से पहले जिन्होंने झीरम के सबूत जेब में होने का दावा किया था उनका क्या होग 5 साल तक आपने तो झीरम जैसे गंभीर मुद्दे का राजनीतिक लाभ लिया लेकिन अब भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश की व्यवस्था के अनुरूप इस पूरी घटना की।न्यायिक जाँच होगी।

## अब तो झीरम के सबूत जेब से निकालें : अरुण साव

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने झीरम घाटी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अब तो झीरम मामले में राजनीति छोड़कर अपनी जेब से वे सबूत निकालकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए को सौंप दें, जिन्हें वे मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे कार्यकाल में अपनी जेब में छिपाए रहे।

एक मुख्यमंत्री को इतना सामान्य ज्ञान तो होना ही चाहिए कि किसी अपराध के साक्ष्य छुपाना गंभीर अपराध होता है। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हुए यह अपराध किया है। प्राकृतिक न्याय की अपेक्षा यही हो सकती है कि झीरम के सबूत छिपाने का अपराध करने वाले को भी जांच और पूछताछ के दायरे में होना चाहिए।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए भूपेश बघेल ने स्वयं यह कबूल किया है कि झीरम के सबूत उनके कुर्ते की जेब में हैं। तब 5 साल मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने यह सबूत जांच एजेंसी के सुपुर्द क्यों नहीं किए ? भाजपा आरंभ से स्पष्ट तौर पर यह मत प्रकट करती रही है कि झीरम मामले में कांग्रेस का चरित्र संदिग्ध है।

कांग्रेस झीरम पर राजनीति कर रही है। भूपेश बघेल को जनता को यह भी बताना चाहिए कि झीरम हमले के चश्मदीद उनके कैबिनेट मंत्री ने क्यों इस मामले में न तो न्यायिक जांच आयोग के सम्मुख गवाही दी और न ही जांच एजेंसी को कोई सहयोग दिया। आखिर कांग्रेस और उसकी सरकार ने झीरम का सच सामने क्यों नहीं आने दिया, इसका जवाब छत्तीसगढ़ की जनता मांग रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि झीरम कांड के तथ्यों के मामले में कांग्रेस की रहस्यमयी चुप्पी और राजनीतिक बयानबाजी में तत्परता इसका प्रमाण है कि कांग्रेस ही इस मामले में संदिग्ध है। कांग्रेस ने झीरम मामले का राजनीतिकरण किया। सरकार चलाते हुए 5 साल तक साक्ष्य छुपाए और अंत में झीरम के दो शहीदों की विधवाओं को विधायक रहते हुए टिकट से वंचित किया। कांग्रेस कभी झीरम के शहीदों के परिवार को न्याय नहीं।

# हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार एक विधानसभा की पूरी कमान महिलाओं ने संभाली

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन रायपुर की अभिनव पहल को भारत निर्वाचन आयोग में सराहा है। भारत निर्वाचन आयोग में अपने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रायपुर उत्तर विधानसभा में महिलाओं द्वारा चुनाव कराने की जिम्मेदारी को सफलता पूर्ण पूरा किए जाने की तारीफ की गई है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ की रायपुर उत्तर विधानसभा में 17 नवंबर को हुए मतदान निर्वाचन के इतिहास में एक दुर्लभ अविस्मरणीय और बेहद गौरवपूर्ण उपलब्धि जुड़ी है। आजाद भारत में पहली बार ऐसा हुआ कि पूरे विधानसभा में निर्वाचन का भार संभालने वाली महिलाएं थीं। यहां 201 मतदान केंद्र और संगवारी बूथस बनाए गए। यहां पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी तक सभी महिलाएं रहीं। इस महती कार्य के लिए प्रत्यक्ष रूप से 804 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई थी और लगभग 200 महिलाएं रिजर्व रखी गई थीं। इस विधानसभा की आब्जर्वर भी एक महिला आईएएस अधिकारी विमला आर रहीं। उनकी लायजनिंग अधिकारी भी महिला ही थीं।

अधिकांश बूथों में सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिलाओं के ही जिम्मे रही। उल्लेखनीय यह भी है कि छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी आईएएस आफिसर रीना बाबा साहब कंगाले ही हैं। उत्तर रायपुर विधानसभा के मतदाता जब मतदान केंद्र में प्रवेश किए तो मतदाता पर्ची चेकर करने से लेकर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने से लेकर ऊंगली में स्याही लगाने का काम पूरी तरह महिलाओं के जिम्मे था। 201 बूथों में इतनी ही महिला पीठासीन अधिकारी और 603 मतदान अधिकारी थीं।

उल्लेखनीय यह भी है कि छत्तीसगढ़ के समाज में लैंगिक समानता गहराई से बसी हुई है और प्रदेश का लिंगानुपात इसकी



■ जिला प्रशासन रायपुर की अभिनव पहल को भारत निर्वाचन आयोग ने सराहा

गवाही देता है। रायपुर उत्तर विधानसभा में जहां सभी बूथों पर महिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई, वहां पर लिंगानुपात 1010 है अर्थात प्रत्येक हजार पुरुष के पीछे 1010 महिलाएं हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस संबंध में बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही हमें यह विचार आया था कि क्यों न जिले की एक विधानसभा में निर्वाचन का पूरा दायित्व महिलाओं को सौंपा जाए। सभी ने इस विचार को सराहा, फिर हमने इसकी योजना बनाई। जब मतदान दल अपने गंतव्य केंद्रों के लिए रवाना होने पहुंचे तो उनका उत्साह देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने हमें बताया कि यह ऐतिहासिक अवसर है जब पूरी टीम महिलाओं की है और हम इतने महत्वपूर्ण दायित्व को अकेले ही पूरा करेंगी। डा. भुरे ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में भी आधे बूथों पर महिला अधिकारी ही थीं। इस तरह रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण विधानसभा में महिलाओं के हाथों निर्वाचन की महत्वपूर्ण कमान रही।

इस संबंध में चर्चा करने पर मतदान दल से जुड़ी निशा रामटेके ने बताया कि हम लोगों के लिए यह बहुत सुखद अवसर रहा। ट्रेनिंग में भी सारी महिलाएं ही थीं और अब हमारा मतदान दल भी महिलाओं का था। हम सब बहुत अच्छे से और समन्वय से यह कार्य पूरा किए। लीला पटेल ने कहा कि महिलाओं पर भरोसा जताया गया, ये बहुत अच्छी बात है। हो सकता है कि कुछ लोगों को संदेह हो कि पुरुष सहयोगी नहीं होंगे तो महिलाओं को दिक्कत हो सकती है। यह साबित हो गया कि महिलाएं भी अकेले ही हर महत्वपूर्ण दायित्व पूरा कर सकती हैं।

उमा वर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल खमहारडीह में कार्यरत हैं। अपने अनुभवों के बारे में बताया कि निर्वाचन की जिम्मदारी बहुत अहम जिम्मेदारी होती है और जब हम सफलतापूर्वक इसे पूरा करते हैं तो अपने ऊपर आत्मविश्वास और बढ़ता है। सारी महिलाएं अपनी जिम्मेदारी निभाई और उत्तर विधानसभा से एक ऐसा संदेश देश भर की महिलाओं को गया कि महिलाएं हर मोर्चे पर पुरुषों की तरह ही सफलतापूर्वक अपना कार्य कर सकती हैं।

# सिंहदेव व दीपक बैज बड़े नेता, मैं दरी बिछाने वाला और झंडा उठाने वाला कार्यकर्ता : कवासी लखमा

**रायपुर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। टीएस सिंहदेव, दीपक बैज बड़े नेता, मैं दरी बिछाने वाला और झंडा उठाने वाला कार्यकर्ता। टीएस सिंहदेव और दीपक बैज की अपनी-अपनी राय है लेकिन मेरी राय में आगे भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को होना चाहिए। भूपेश बघेल देश के सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आदिवासियों को लिए बहुत काम किया।यह बात कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही बयानबाजी के बीच मंत्री कवासी लखमा ने कही।

फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर मंत्री बनने के सवाल पर कवासी लखमा ने कहा कि मंत्री बनना कौन नहीं चाहता, मैं भी चाहता हूं, लेकिन ये हाईकमान तय करेगा।वो बोलेंगे तो मंत्री बनूंगा, दरी बिछाने को बोलेंगे, तो दरी बिछाऊंगा।कांग्रेस सरकार आने पर अगले मुख्यमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी पसंद, आदिवासियों और किसानों की पसंद भूपेश बघेल हैं। बाकी हाईकमान जो निर्णय ले। मुझे मंत्री बनने का कोई लालच नहीं, मैं आदिवासी से आता हूं। पर मेरी पसंद भूपेश बघेल हैं।टीएस सिंहदेव



के अगला चुनाव नहीं लड़ने वाले बयान पर लखमा ने कहा कि मैं गरीब आदिवासी आदमी हूं। नेहरू परिवार जो बोलेगा, वो हम करेंगे। मुख्यमंत्री विधायक दल तय करता है। भूपेश बघेल 5 साल में छतीसगढ़ियां लोगों के दिल में बसे।भूपेश बघेल ने आदिवासियों के लिए खूब किया. मैं छोटा कार्यकर्ता हूं।बेहतर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं।

छत्तीसगढ़ में 48 लाख लोगों के वोट नहीं देने पर लखमा ने कहा कि शहर में काम नहीं हुआ, इसके जिम्मेदार मोदी अमित शाह हैं।छत्तीसगढ़ में मोदी, अमित शाह ने कुछ नहीं किया। ई डी आई टी भेजकर व्यापारी वर्ग को परेशान किया। व्यापारी परेशान हैं. आने वाले समय में हमारी सरकार बनेगी।राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे।बस्तर, सरगुजा में ज्यादा सीटें मिलेंगी।

6 हजार व्यापारियों को जी एस टी नोटिस भेजे जाने पर लखमा ने कहा कि शहर में ढंग से काम नहीं हुआ, इसलिए शहर में वोट नहीं पड़ा है।ये केंद्र का नियम है, कानून नहीं है। जीएसटी लगाकर व्यापारियों को परेशान किया। व्यापारी अपने मेहनत से व्यापार कर रहा।हम मध्यप्रदेश में गए थे, वहां के व्यापारियों ने कांग्रेस को वोट दिया है।वहां भी अब सरकार बदलने जा रही है।व्यापार रहेगा तभी तो देश चलेगा।

# 3 दिसंबर को फिर से शुरू होगी छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा : साव

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने आज यहां भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य के सभी मतदाताओं विशेष तौर पर भारी उत्साह के साथ जबर्दस्त मतदान के लिए महिलाओं, किसानों, युवाओं, मजदूरों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बन रही है।

छत्तीसगढ़ की जनता ने विकास, सुशासन, लोक कल्याण के लिए भाजपा के पक्ष में जनादेश दिया है। छत्तीसगढ़ की जनता भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने आतुर है और उसने कांग्रेस की भ्रष्टतम सरकार के खिलाफ अपना फैसला सुरक्षित कर दिया है। 3 दिसंबर को आने वाला परिणाम हमारे विश्वास की पुष्टि कर देगा। भारतीय जनता पार्टी व्यवस्था परिवर्तन के लिए, राज्य के विकास के लिए दिए गए आशीर्वाद हेतु जनता जनार्दन की हृदय से आभारी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भाजपा मातृशक्ति को साष्टांग प्रणाम करते हुए चुनाव के दौरान कांग्रेस और उसके एजेंट के तौर पर काम करने वाले प्रशासन के उन अधिकारियों की भी आभारी है, जिन्होंने महतारी वंदन योजना का विरोध किया। राज्य की महिलाओं के हित की योजना को महिलाओं तक पहुंचने में बाधक बने। भाजपा के कार्यकर्ता तमाम बाधाएं पार करते हुए हर घर तक पहुंचे और महिलाओं को भरोसा दिलाने में शत प्रतिशत सफल रहे कि सरकार बनते ही महतारी वंदन योजना शुरू हो जाएगी और सभी विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की निधि उन्हें ससम्मान मिलने लगेगी। पिछले चुनाव में महिलाओं से 5 सौ रुपये महीना देने का वादा करने वाली कांग्रेस ने महिलाओं के अपमान में कोई कमी बाकी नहीं रखी। भाजपा ने मोदी जी की गारंटी के तहत महिला वंदन योजना का संकल्प लिया है और मातृशक्ति का विश्वास अर्जित किया है। मतदान में महिलाओं की उत्साहपूर्वक भागीदारी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि महतारी की वंदना करने वाली भाजपा को महिलाओं ने अपना शुभाशीष प्रदान कर दिया है।




■ 18 लाख मकान, महतारी वंदन और किसानों के बकाया बोनस का होगा भुगतान

■ भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम को प्रणाम चुनौतियों के बावजूद न रुके न थके

■ छत्तीसगढ़ की महिलाओं, किसानों, युवाओं का विश्वास बनेगा भाजपा की सरकार का आधार

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि हमने सरकार बनते ही सभी आवासहीन 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की मोदी गारंटी दी है। कैबिनेट की पहली बैठक में ही इसके लिए राशि जारी कर दी जाएगी। हमने युवाओं को न्याय दिलाने और पीएससी घोटाला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का वचन दिया है, वह सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा। हमने किसानों को दो साल का बकाया बोनस एकमुश्त देने की मोदी गारंटी दी है। 25 दिसंबर को यह राशि किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। हम 31 सौ रुपये क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीद करेंगे। 3 दिसंबर को किसानों का मान बढाने भाजपा सरकार बनने का किसान इंतजार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के हर वर्ग के लोग भाजपा के विजय संकल्प के साथ परिवर्तन के रथ पर सवार हुए हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि दिसंबर का महीना छत्तीसगढ़ में विकास की तेज गति से आगे बढ़ने और लोक कल्याण की योजनाओं के आरंभ का ऐतिहासिक माह होगा। छत्तीसगढ़ 3 दिसंबर को कांग्रेस रूपी ग्रहण से मुक्त होगा। 5 साल से अवरुद्ध छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा इसी तारीख से आरंभ हो जाएगी। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं को उनके जीवट और लोकतंत्र के उत्थान में सम्पूर्ण समर्पण के साथ संघर्ष के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता हर अत्याचार का मुकाबला करते हुए आगे बढ़े। जनता के आशीर्वाद और हमारे कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का सुफल भाजपा सरकार आने का स्पष्ट उद्घोष कर रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का एक स्तम्भ है। सरकार के भारी दबाव के बावजूद मीडिया जनता की आवाज बना, विपक्ष का निष्पक्ष सहयोगी बना, इस हेतु भाजपा राज्य के समस्त पत्रकारों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विश्वास दिलाती है कि हमारी सरकार मीडिया की स्वतंत्रता को प्राथमिकता देगी और छत्तीसगढ़ 3 दिसंबर को कांग्रेस राज की अघोषित सेंसर शिप से भी मुक्त हो जाएगा।

प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू माजूद रहे।

# जैतू साव मठ में धूमधाम से मनाई गई आंवला नवमी



## प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास रहे मौजूद

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में आज आंवला नवमी मनाया गया। भगवान लक्ष्मीनारायण जी को चांदी के सिंहासन में विराजमान करके विधिवत् पुजा अर्चना के बाद माताओ द्वारा मौली धागा से आंवला की प्रदक्षिणा की गई, एवं 56 भोग की नैवेद्य अर्पण किया गया और आंवला वृक्ष के निचे बैठ कर भोजन प्रसादी वितरण किया गया। पुजन में राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, अजय तिवारी, सचिव महेंद्र अग्रवाल, पुजारी सुमित तिवारी, दीपक पाठक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा का खास महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दान आदि करने से पुण्य का फल इस जन्म में तो मिलता ही है साथ ही अगले जन्म में भी मिलता ह। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें टपकती हैं, इसलिए इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने की परंपरा है. ऐसा करने से सेहत अच्छी रहती है। इसके साथ ही अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है।

आंवला या अक्षय नवमी के दिन से द्वापर युग का प्रारंभ हुआ था। इस युग में भगवान श्रीहरि विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। आंवला नवमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन-गोकुल की गलियों को छोड़कर मथुरा प्रस्थान किया था।

यही वो दिन था जब उन्होंने अपनी बाल लीलाओं का त्याग कर कर्तव्य के पथ पर कदम रखा था। इसीलिए आंवला नवमी के दिन से वृंदावन परिक्रमा भी प्रारंभ होती है। आंवला नवमी के दिन ही आदि शंकराचार्य ने एक वृद्धा की गरीबी दूर करने के लिए स्वर्ण के आंवला फलों की वर्षा करवाई थी।

# वनडे के बाद लगेगा टी-20 का तड़का



## सूर्यकुमार, ऋतुराज, ईशान किसन करेंगे चौके-छक्के की बरसात

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है दोनों टीमें मैच के लिए रायपुर आएंगी रायपुर में ये दूसरा इंटरनेशनल मुकाबला खेला जाएगा इस मुकाबले में टीम इंडिया के युवा खिलाड़ी रंग जमाते नजर आएंग जिसमें बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आगामी सीरीज में कमान संभालेंग ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के कारण सूर्या को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है हार्दिक को टखने की चोट के चलते वर्ल्ड कप से बाहर होना पड़ा था वर्ल्ड कप खेलने वाले ज्यादाकर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है इस लिस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुभमन गिल केएल राहुल धाकड़ पेसर जसप्रीत बुमराह मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं ऋतुराज गायकवाड़ को टी20 सीरीज में तीन मैचों के लिए टीम का उपकप्तान बनाया गया है श्रेयस अय्यर आखिरी दो टी20 के लिए उपकप्तान के रूप में टीम से जुड़ेंगे वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को मौका नहीं मिला है सेलेक्टर्स ने सैमसन पर जितेश शर्मा और ईशान किशन को तरजीह दी है स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की वापसी हुई ह जो अनफिट होने की वजह से वर्ल्ड कप नहीं खेल पाए थे।

**भारत का स्क्वॉड :** सूर्यकुमार यादव कप्तान ऋतुराज गायकवाड उपकप्तान ईशान किशन यशस्वी जयसवाल तिलक वर्मा रिंकू सिंह जितेश शर्मा विकेटकीपर वॉशिंगटन सुंदर अक्षर पटेल शिवम दुबे रवि बिश्नोई अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा आवेश खान मुकेश कुमार।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक की पीट-पीटकर हत्या



## 1 सप्ताह के भीतर छठी खूनी वारदात

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के टिकरापारा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की पीट.पीटकर हत्या कर दी गई एक सप्ताह के भीतर यह छठवीं हत्या की वारदात हुई है पुलिस ने मामले की जांच करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है वहीं अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपुरेना क्षेत्र में दिनेश कुमाार उम्र 25 साल का इलाके के आदतन बदमाशों के बीच देर रात विवाद हो गया जिसके बाद आरोपियों ने हाथ.मुक्के से उसके साथ मारपीट की जिससे उसके शरीर में गंभीर चोट आई जिसके बाद वह वहीं बेहोश होकर गिर गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

**आरोपी और मृतक आदतन बदमाश:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिनेश के विरूद्ध थाने में सात से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वहीं हत्या के आरोपी भी आदतन अपराधी हैं। जिनके खिलाफमामले चल रहे हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैए जिसके बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा

**बीते 7 दिनों में रायपुर के इन क्षेत्रों में हो चुकी है हत्याएं:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुराने गाली.गलौज चलते तीन नाबालिगों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया दूसरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है जहां जुआ खेलने के दौरान वहां पहुंचे युवक की राड डंडे और पत्थर से पटकर हत्या कर दी गई इसकी तरह कबीर नगर थाना क्षेत्र में दीवाली त्योहार के दिन दीपक जलाने के दौरान पड़ोसी द्वारा गाली.गलौज करने के विवाद पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर इलाके में बदमाशों ने पुराने विवाद पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया कैंची से मारकर हत्या की गई वहीं धरसींवा में छह युवकों ने एक वर्ष पुराने विवाद पर एक युवक की हत्या कर दी।

# 90 सीट में दांव पर 1181 दावेदारों का भविष्य

- **कहीं हुआ रिकार्ड तोड़ मतदान तो कहीं कम हुई वोटिंग**
- **प्रतिशत बता रहे कौन किस पर पड़ सकता है भारी**

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दो चरणों में 90 सीटों में मतदान संपन्न हो गया है पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को 20 सीटों में हुआ वहीं दूसरे चरण का मतदान 70 सीटों में हुआ 90 सीटों में कुल 1181 उम्मीदवारों के किस्मत का फैसला 3 दिसंबर को होगा 90 विधानसभा सीटों में हुए वोटिंग का निर्वाचन आयोग ने आंकड़ा जारी किया है जिसमें पूरे 33 जिलों में 74.23 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा में सबसे ज्यादा मतदान 90.17 प्रतिशत हुआ है वहीं सबसे कम बीजापुर विधानसभा में 48.37 प्रतिशत मतदान हुआ है राजनीतिक जानकार मानते हैं कि विधानसभा चुनाव में जिस सीट में अधिक मतदान होते हैं उस सीट में हमेशा परिवर्तन देखा जाता है


**इन सीट में बढ़ा वोटिंग परसेंट:** विधानसभा चुनाव 2023 और 2018 में हुए चुनाव के कुछ आंकड़ों की बात करें तो कहीं ज्यादा मतदान हुआ है तो कहीं पहले की तुलना में काफी कम वोट पड़े हैं जिसमें से अंतागढ़ में 79.79 प्रतिशत इस बार मतदान हुआ ह वहीं पिछली बार इस सीट पर 75.21 प्रतिशत वोट पड़े थेए इसमें 4.58 परसेंट वोट का फर्क दिखा दंतेवाड़ा सीट में इस बार 69.88 वोट पड़े इस सीट में पिछली बार 60.64 मतदान हुआ था जिसमें 9.24 परसेंट अधिक वोट पड़े हैं कोंटा सीट में इस बार 63.14 मतदान हुआ है जिसमें पिछली बार 55.30 प्रतिशत मतदान हुआ थाण् इस बार 7.84 परसेंट अधिक मतदान हुआ है

**यहां हुई बराबर वोटिंग:** चंद्रपुर विधानसभा सीट में 2023 और 2018 के चुनाव में बराबर वोट पड़े ह यहां का वोटिंग परसेंट 75.38 प्रतिशत है

**इन सीट में कम हुई वोटिंग:** रायपुर पश्चिम में इस बार 55.94 परसेंट मतदान हुआ है 2018 के चुनाव में इस सीट में 60.45 परसेंट मतदान हुआ ह जिसमें .4.51 प्रतिशत कम मतदान हुआ है रायपुर उत्तर में इस बार 55.59 मतदान हुआ है इस सीट में पिछली बार 60.28 परसेंट मतदान हुआ था जिसमें .4.69 कम मतदान हुआ है कोरबा सीट इस बार 66.77 मतदान हुआ है वहीं पिछली बार 71.96 मतदान हुआ है इस सीट में .5ण्19 कम मतदान हुआ ह

**विधानसभा चुनाव 2023 में पूरे 90 सीटों में हुए मतदान के आंकड़े:** पंडरिया 75.27, कवर्धा 81.24, खैरागढ़ 82.67, डोंगरगढ़ 84.10, राजनांदगांव 79.13, डोंगरगांव 84.10, खुज्जी 82.43, मोहला.मानपुर 79.38, अंतागढ 79.79 भानुप्रतापुर 81.00, कांकेर 81.14, केशकाल 81.89, कोंडागांव 82.37, नारायणपुर 75.06, बस्तर 84.67, जगदलपुर 78.47, चित्रकोट 81.76, दंतेवाड़ा 69.88, बीजापुर 48.37, कोंटा 63.14, भरतपुर सोनहट 83.76, मनेन्द्रगढ 74.24, बैकुंठपुर 81.94, प्रेमनगर 80.84, भटगांव. 81.87, प्रतापपुर 83.41, रामानुजगंज 83.51, सामरी 83.44, लुंड्रा 85.03, अम्बिकापुर 75.64, सीतापुर 81.41, जशपुर 75.86, कुनकुरी 77.26, पत्थलगांव 78.76, लैलूंगा 85.52, रायगढ 78.78, सारंगढ 79.50, खरसिया 86.67, धर्मजयगढ़ 86.00, रामपुर 79.36, कोरबा 66.77, कटघोरा 75.99, पाली.तानाखार 80.73, मरवाही 78.31, कोटा 74.16लोरमी 68.25, मुंगेली 67.40, तखतपुर 73.66, बिल्हा 69.49, बिलासपुर. 56.39, बेलतरा 65.71, मस्तूरी 66.97, अकलतरा 76.21, जांजगीर.चांपा 75.11, सक्ती 75.97, चंद्रपुर 75.38, जैजैपुर 75.11, पामगढ 67.54, सराईपाली. 81.71, बसना 83.67, खल्लारी 82.39, महासमुंद 78.31, बिलाईगढ 70.92, कसडोल 74.65, बलौदाबाजार 77.72, भाटापारा 75.54, धरसींवा. 77.64, रायपुर ग्रामीण 58.55, रायपुर नगर पश्चिम 55.94, रायपुर नगर उत्तर. 55.59, रायपुर नगर दक्षिण 60.20, आरंग 76.98, अभनपुर 83.44, राजिम. 84.03, बिन्द्रानवागढ़ 86.02, सिहावा 87.64, कुरूद 90.17, धमतरी 82.44, संजारी.बालोद 84.83, डौंडीलोहारा 81.89, गुण्डरदेही 83.76, पाटन. 84.27, दुर्ग ग्रामीण 74.74, दुर्ग शहर 66.36, भिलाई नगर 66.34, वैशाली नगर. 65.71, अहिवारा 72.00, साजा 83.19, बेमेतरा 79.38, नवागढ़ 75.95।

# महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास का ईडी को लिखा कथित पत्र हो रहा वायरल



## बताया किसी बघेल, वर्मा या कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता से नहीं संबंध

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास का प्रवर्तन निदेशालय के संचालक को लिखा एक कथित हस्तलिखित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है कथित पत्र में उसने शुभम सोनी उर्फपिंटू और उसके साथियों द्वारा षड़यंत्रपूर्वक फंसाए जाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्मा या कांग्रेस पार्टी के किसी नेता.कार्यकर्ता को पैसे या अन्य किसी तरीके से पैसे या अन्य प्रकार से सहयोग पहुंचाने से इंकार किया है असीम दास के कथित पत्र के अनुसार उसने जेल दाखिल होने के बाद अखबार में जब खुद से संबंधित खबर पढ़ी तो वह हैरान हो गया दास के अनुसार शुभम् सोनी के वह दुबई में मिला था और सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस छत्तीसगढ़ भेजा था पत्र में लिखता है कि अखबारों में जो बात लिखी गई है कि उसके पास से जप्त की गई नगद राशि को वह छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को देने आया था वह पूर्णतः असत्य हैण् उसे बहुत बड़े षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है असीम दास के कथित पत्र ने अनुसारए वह शुभम् सोनी के साथ वह बचपन में क्रिकेट खेलता था 8 अक्टूबर 23 को वह उससे मिलने दुबई गया दुबई में सोनी के सहयोगियों ने उसे दुबई घुमाया पर सोनी से मुलाक़ात नहीं हुई और वह भारत वापस आ गया इसके बाद 25 अक्टूबर 23 को वह फिर से दुबई गया अबकी बार उसकी शुभम सोनी से मुलाकात हुई सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस भेजा और समय आने पर यूरोप शिफ्ट करने का आश्वासन दिया शुभम् सोनी इस दौरान दुबई छोड़कर ऐम्सटर्डम या लंदन में शिफ्ट होने की बात कर रहा था पत्र के अनुसार सोनी के लोगों ने असीम दास को एप्पल कंपनी का फ़ोन दिया उसे बताया गया कि रायपुर एयरपोर्ट पर एक काली इनोवा गाड़ी उसे मिलेगी जिसे लेकर उसे ट्राइटन होटल जाना है होटल जाने के बाद रात 2 बजे उसे मेन रोड आने बोला गयाण् रोड में एक आदमी ने उसे कार्बन कंपनी का मोबाइल दिया थोड़ी देर में उसकी गाड़ी में किसी ने नोट से भरे बैग रखे गाड़ी पार्किंग करने के बाद वह रूम चला गया जहां अचानक उसे ईडी के अधिकारियों ने गिरफ़्तार कर लिया और अंग्रेज़ी बयान पर उससे साइन कराया गया चिट्ठी में असीम दास ने अपनी गिरफ़्तारी को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उसे फँसाया जा रहा है और उसने पूरे प्रकरण की जाँच की माँग की है। असीम दास ने खुद के द्वारा इस्तेमाल किए गए सिम की काले रंग की बाइक में बिना हेलमेट और मास्क के आए व्यक्ति की सीसीटीवी के माध्यम से शिनाख्त के साथ होटल ट्राइटन के सीसीटीवी समेत अनेक बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है।

# भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की बनी फर्जी आईडी



## कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे भाजपाई

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल के फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है फर्जी आईडी की शिकायत को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी सिविल लाइन थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की इस मामले को लेकर जेपी चंद्रवंशी ने कहा कि यह फर्जी अकाउंट राजनीतिक द्वेषवश दुरुपयोग करने के लिए बनाया गया है जबकि यह फेसबुक अकाउंट जामवाल द्वारा संचालित नहीं किया जाता और इससे उनका कोई भी संबंध नहीं ह इसकी शिकायत कर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है

# नशे में पति ने की खुदकुशी

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। 37 साल का मृतक खुमेंद्र सेन रोजी मजदूरी का काम करता है। वो हर रोज नशा करके परिवार के लोगों के साथ विवाद करता था। राजधानी रायपुर के महावीर नगर इलाके में एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है।

बताया जा रहा है कि युवक का सोमवार रात रात अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद सुबह उसकी लाश साड़ी के फंदे से लटकी मिली। ये पूरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 37 साल का मृतक खुमेंद्र है।

# बधियाकरण करने एक करोड़ से ज्यादा का बजट



## खर्च ही नहीं कर पा रहे जिम्मेदार

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। वही नगर निगम का अमला भी इसे लेकर प्रापर व्यवस्था बनाने में नाकाम साबित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि पिछले दो वर्षों से श्वानों के बधियाकरण के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है लेकिन इसके बावजूद शहर में श्वानों की संख्या बढ़ने के साथ ही उनका आतंक भी बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष यानी कि 2022.23 में बधियाकरण के लिए 1ण्21 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था लेकिन श्वानों का बधियाकरण सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहा। वहीं इस वित्तीय वर्ष के लिए फिर से 1.30 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है इसके बावजूद काम नहीं हो रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार खुद इसे स्वीकार रहे हैं कि कार्य जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता हैए कि निगम की कार्यशैली किस प्रकार की है।

### दो वर्ष से बढ़ा बजट

नगर निगम के आंकड़े बताते हैं कि दो वर्ष पहले तक यानी कि 2021.22 में बधियाकरण के लिए सिर्फ 15.16 लाख रुपये का ही बजट रखा गया था लेकिन इसके बाद पिछले दो वर्षों से इसका बजट बढ़ाकर एक करोड़ रुपये से भी अधिक कर दिया गया है। लेकिन न तो पिछले वर्ष इसके बजट का कोई विशेष उपयोग किया गया और न ही इस बार कोई उपयोग होता दिखाई दे रहा है।

**बजट बढ़ाने का भी प्रविधान:** निगम को मामले की गंभीरता की स्थिति में बजट बढ़ाए जाने का भी प्रविधान है। इसके लिए जो भी बजट स्वीकृत किया जाता है इसके अलावा अन्य मदों में भी इसकी व्यवस्था करते हुए बधियाकरण में तेजी लाई जा सकती है। लेकिन इसके बावजूद निगम का उदासीन रवैया बना ही रहता है।

### कुत्तों की समस्या के लिए मेनका गांधी जिम्मेदार

हाईकोर्ट अधिवक्ता दुर्गा शंकर सिंह ने कहा कि कुछ वर्षों पहले तक निगम हर छह महीने में कुत्तों को जहर देकर मारती थी। इस पर पशु अतिचार अधिनियम मेनका गांधी की पहल पर इस पर रोक लगाई गई। जिससे कुत्तों की आबादी बढ़ी और लगाता बढ़ती जा रही है। इसी की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। जिसमें लोग दुर्घटना का शिकार होने के साथ ही डाग बाइट के शिकार भी हो रहे हैं।

### हर माह आते हैं दर्जनों मामले

मातृ स्मृति अस्पताल मेडिकल स्टोर की संचालक किशोर सहारिया ने कहा कि गुढ़ियारी क्षेत्र के शुक्रवारी बाजार में कुत्तों का झुंड सड़क पर अकसर बैठा रहता हैए जो कि आने जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को दौड़ाते हैं। साथ ही उन्हें काटते भी हैं। इसकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी होती हैं। अस्पताल नजदीक होने के कारण हर महीने दर्जनों डाग बाइट के मामले आते हैं।

# पारधी, धार गिरोह नहीं ग्रिल कटर गिरोह घटनाओं को दे रहा अंजाम

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में अब तक चोरी डकैती लूट की घटनाओं के पीछे पारधी गिरोह, धार गिरोह, गंजाम गिरोह, मेरठ गिरोह के नाम चर्चित रहे हैं। लेकिन हाल के दिनों में एक नए गिरोह ग्रिल कटर के प्रदेश में सक्रिय हुआ है। इस गिरोह ने राजधानी से लेकर महासमुंद जिले में वारदाते की है। इन दोनों जिलों में इनकी सक्रियता को देखते हुए पुलिस का आंकलन है कि गंजाम ;ओडिशा गिरोह के लोगों ने ही नाम बदला हो। ओडिशा की सीमा से करीब होने की वजह से इन्हीं दो जिलों को टारगेट किया हो ताकि वारदात के बाद आसानी से सीमा पार कर सकें यह शातिर ग्रिल कटर गैंग रायपुर शहर में पिछले 2 दिनों में करीब 3 सूने घरो को अपना निशाना बनाकर नगदी समेत लाखो रूपयो के जेवरात पर हाथ साफकर चुका है। पहले ये गैंग सूने मकानों की रैकी करता है और किसी भी समय अपने साथ लेकर चल रहे कटर से घर की खिड़की की ग्रिल बड़ी ही सफाई से काटकर घर में रखे नगदी और कीमती जेवर चोरी कर फरार हो जाता है। इसी तरीके से आजाद चौक थाना इलाके में स्थित समता कॉलोनी निवासी कोयला कारोबारी साकेत सिंघानिया 18 नवंबर की शाम 6 अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर अवंतिविहार इलाके में सतसंग भवन के पास स्थित अपने परिचित के घर मिलने गये थे। जब करीब 8 बजे रात को वापस अपने घर आये तो मेनगेट खोलकर अंदर गये तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। जैसे. तैसे दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो कमरों में सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गये। चोर घर की पिछली खिडकी की ग्रिल काटकर कमरों में रखी दो लोहे की अलमारी तोडकर इसमें रखे डेढ़ लाग रूपये नगदी समेत हरि का हारए सोनेए चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। वही 19 नवंबर की रात में इस शातिर गैंग ने दो बडी चोरियां रायपुर से लगे माना बस्ती में अंजाम दिया है। इस शातिर गैंग ने माना स्थित सिद्दीविनायक कॉलोनी में रहने वाले एक जमीन कारोबारी सुरेन्द्र साहु के सुने घर को अपना निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि जमीन कारोबारी भी अपने परिवार के साथ एयरपोर्ट गार्डन टहलने गये थे तभी इसी बीच मौका देखकर घर की पिछली खिडकी का ग्रिल काटकर अलमारी तोड़कर उसमें रखे करीब 7 लाख नगदी और लाखों के जेवर समेत करीब 15 लाख रूपयो का माल ले उड़े। वही इस गैंग ने दुसरी वारदात भी माना के ब्लॉक 11 में रहने वाले संदीप मंडल के घर पर अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक कारोबारी सदीप मंडल अपने परिवार के साथ पखांजुर गये हुए थे तभी शातिर चोरो ने घर की पिछली खिडकी की ग्रिल काटकर अलमारी में रखे 10 हजार नगदी समेत लाखो के जेवर चोरी कर फरार हो गये। कारोबारी जब वापस अपने घर आये तब उनको चोरी होने का खुलासा हुआ जिसकी एफआईआर माना थाना पुलिस से की है मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट समेत पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इन सभी चोरियों में गौरतलब बात ये है कि शातिर गैंग ने ये चोरियो की वारदात को अंजाम तब दिया है जब पुलिस चुनाव आचार सहिता का पालन करवाने में मशगुल थी। इतना ही नहीं इस शातिर ग्रिल कटर गैंग ने रायपुर समेत दुर्गए महासमुंद और कांकर में भी इसी पैटर्न पर चोरिया कर पुलिस की नींद उड़ा दी है। लगातार हो रही वारदातों के बाद पुलिस के आलाधिकारियो ने सभी थाना प्रभारियो को रात्रिगश्त बढ़ाने और मुस्तैदी से करने के निर्देश दिये है। फिलहाल ये शातिर चोर गैंग पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

# सिटी सेंटर मॉल के सामने से 2 बाइक चोरी

**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर में बाइक चोरी की वारदाते लगातार सामने आ रही है। राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके के सिटी सेंटर मॉल के सामने से 2 बाइक चोरी की वारदात सामने आई है। जिसमें पहले मामले में एक युवक अपनी पत्नी के साथ फिल्म देखता रहाए इसी दौरान चोरों ने मॉल के बाहर खड़ी उसकी बाइक पार कर दी। तो वहीं दूसरे मामले में युवक मॉल के अंदर शॉपिंग कर रहा था और बाहर से चोरों ने उसकी बाइक चुरा ली। ये दोनों मामला देवेंद्र नगर थाना इलाके का है।

# शालीमार एक्सप्रेस से आरपीएफ ने जब्त किया 4 गैस सिलेंडर और चूल्हा, मैनेजर गिरफ्तार



**रायपुर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। आरपीएफकी टीम ने शालीमार एक्सप्रेस से 4 गैस सिलेंडर और चूल्हा जब्त कर आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है जानकारी के मुताबिक अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टिव विग बिलासपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर उप निरीक्षक एसके मिंज आरक्षक आलोक कुमार एसआईबी बिलासपुर के उप निरीक्षक मयंक मिश्रा रेसुब पोस्ट बिलासपुर के सउनि अखिलेश यादव के साथ रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नं 02.03 पर रेल मार्ग से ज्वलन .शील एवं विस्फोटक पदार्थ ले जाने वालो के विरुद्ध चैकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 22905 ओखा. शालीमार एक्सप्रेस को चेक किया इस दौरान बिलासपुर. जयरामनगर के मध्य गाड़ी के पेन्ट्री कोच रसोई भण्डार यान नं 108071 के पेन्ट्री मैनेजर दिनेश प्रसाद यादव वल्द स्व शम्भू प्रसाद यादव उम्र.35 वर्ष साकिन. ग्राम हुस्सेपुर पोस्ट.हुस्सेपुर थाना अमनौर सारण बिहार उक्त व्यक्ति को उक्त रेल गाड़ी में कुल 04 नग गैस सिलेंडर जिसमें 03 नग कामर्शियल गैस सिलेंडर एवम एक नग घरेलू सिलेंडर और मय 04 नग गैस चूल्हा मय गैस पाइप के पकडे उक्त पेंट्री मैनेजर आरोपी व्यक्ति द्वारा ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री रखने एवं जानबूझकर रेल यात्रियों की जान.माल को खतरा उत्पन्न करने का अपराध किया जाना पाकर उसे रेल अधिनियम की धारा 153, 164 में गिरफ्तार किया गया उक्त आरोपी व्यक्ति को पूर्व में को भी अगुशा रेसुब बिलासपुर द्वारा उक्त गाड़ी में ही एक नग कमर्शियल गैस सिलेण्डर एवम एक नग गैस चूल्हा के साथ पकड़कर धारा 164 रेलवे अधिनियम में गिरफ्तार किया गया था।

**उल्टा पुल्टा**

संग्रहालय का इंचार्ज (गुस्से में): तुम्हें पता है जो मूर्ति तुमने तोड़ी है वह पांच सौ साल पुरानी थी..!!!

चिंटू : शुक्र है, मैंने तो सोचा था कि नई है!!!

## संपादकीय

### ट्रेनें रद्द होने की फिर समस्या

*छत्तीसगढ़वासी एक बार फिर से बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्द होने के कारण परेशानियों से गुज़र सकते हैं। लगता है कि एक तरह से दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आने वाला छत्तीसगढ़ ही रेल मंत्रालय के निशाने पर है जहां जब चाहे ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं। पिछले करीब चार वर्षों में अनगिनत बार ऐसा हो चुका है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी न तो मंडल कार्यालय इस ओर ध्यान देता है न ही रेल मंत्रालय के कानों पर जूं रेगती है।*

*पहले से रद्द हुई अनेक ट्रेनें तो अब तक चालू नहीं हुई हैं, अब रेलवे द्वारा फिर से अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंने रद्द की जा रही हैं। त्यौहारी व मांगलिक कार्यों के अवसरों पर ट्रेनों के रद्द होने का सामान्यजनों पर क्या असर होता है, इसकी कल्पना की जा सकती है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को न केवल कई बार अपनी यात्राएं रद्द करनी पड़ती हैं, कई बार सड़क मार्गों से जाना पड़ता है। सभी की आर्थिक क्षमता ऐसी नहीं होती कि वे निजी वाहन करके जा सकें। कई बार पूरे परिवार को यात्राएं करनी होती हैं। सभी के पास चार पहिया वाहन नहीं होते। दो पहिया वाहनों की वहन क्षमता सीमित होती है और इससे लम्बी दूरी की यात्राएं करना सम्भव भी नहीं होता। लोग इसीलिये ट्रेनों से यात्रा करते हैं कि उन पर न शारीरिक दबाव पड़े न आर्थिक बोझ। ट्रेन की यात्रा सुविधायुक्त होती है तथा सस्ती भी पड़ती है।*

*रेल मंडल ने अब 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 30 ट्रेनें रद्द करने का ऐलान किया है। बिलासपुर से शहडोल लाइन पर मेगा ब्लॉक होना इसका कारण बताया गया है। रायपुर-बिलासपुर होकर गुजरने वाली इन ट्रेनों के रद्द होने से चल रही अन्य ट्रेनों पर दबाव बढ़ेगा। कई ट्रेनों में तो वेटिंग भी बन्द हो चुकी है। पहले भी 8 ट्रेनों को रद्द किया गया था जो आज तक चालू नहीं हुई हैं। अब और ट्रेनों के रद्द होने से और समस्या बढ़ेगी। पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार इस तरह के नज़ारे छत्तीसगढ़ की जनता देख चुकी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अनिल वैष्णव को पत्र लिखे थे। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी रेल मंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद कोई स्थायी हल नहीं निकला है।*

*बताया तो यह भी जाता है कि रेल मंत्रालय द्वारा कोयला एवं माल ढुलाई को यात्रियों की बजाये तरज़ीह दी जाती है। अगर ट्रेनें रद्द ही करनी पड़ती हैं तो यात्री ट्रेनें ही रद्द होती हैं। इन ट्रेनों के रद्द होने पर बघेल ने तंज किया है- 'चुनाव खत्म होते ही ट्रेनें रद्द होने लगी हैं।'*

# प्रशिक्षकों ने अधिकारियों को बताई मतगणना की बारीकियां

## दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद के अधिकारी हुए सम्मिलित, मतगणना स्थल पर मोबाईल प्रतिबंधित



**दुर्ग/बेमेतरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना कार्य 3 दिसम्बर को किया जाएगा। दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद जिले के लिए नियुक्त अधिकारियों को आज बीआईटी सभागार दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे की मौजूदगी में राज्य निर्वाचन कार्यालय से आए निर्वाचन प्रशिक्षक पुल्लक भट्टाचार्य, गीता देवांगन ने मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन-सी प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी, इसकी जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाईजर जो राजपत्रिक अधिकारी रेंक का होगा तथा एक गणना सहायक होंगे। प्रत्येक टेबल में माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति तीन बार रेण्डोमाईजेशन कर किया जाएगा। पहली रेण्डोमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तथा दूसरा व तीसरा रेण्डोमाईजेशन आब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु निर्धारित लोगों को प्रवेश पास जारी किया जाएगा। मतगणना स्थल में मोबाईल लेकर प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रशिक्षण में दुर्ग अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, गोकुल रावटे, नगर निगम आयुक्त व अपर कलेक्टर रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित तीनों जिले के आर.ओ. और ए.आर.ओ. उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना स्थल पर मोबाईल ले जाना पूर्णत: वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पर रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसरों को भी मोबाईल रखने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान केवल प्रेक्षक ही मोबाईल रख सकेंगे। मीडियाकर्मियों को मतगणना स्थल में बनाए गए मीडिया सेंटर तक ही मोबाईल ले जाने की अनुमति दी जाएगी। वीडियोग्राफी रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ई.व्ही.एम. का परिवहन, मतगणना हॉल की व्यवस्थाओं, मतगणना प्रक्रिया, प्रेक्षकों द्वारा 02 ई.व्ही.एम. में गणना की, सुरक्षा व्यवस्थाओं की, अभ्यर्थी या अभ्यर्थी के अभिकर्ताओं की उपस्थिति की, परिणाम घोषणा प्रक्रिया की जाएगी। समस्त प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी की सी.डी. बनाकर रखना होगा। प्रशिक्षण में आज मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु अधिकारियों को अनुशासन व शिष्टाचार के साथ मतगणना की बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका शत-प्रतिशत् पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशिक्षकों के द्वारा ई.व्ही.एम. की सील तोड़ने की विधि के अलावा संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना, लाट आदि की प्रक्रियाओं एवं निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया कि दो उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त होने की स्थिति में लाट निकाला जाएगा। लाट निकालने से पहले निर्वाचन आयोग से अनुमति लेना आवश्यक है। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र जारी किए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने मतगणना कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा।

प्रशिक्षण के दौरान मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, गणना हेतु मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ई.व्ही.एम. में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारियां दी गई।

# शराब के लिये रूपए न देने पर तीन लोगों पर कटर से हमला

## 4 अपचारी सहित 7 गिरफ्तार

**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। एक सप्ताह पूर्व सिकोला भाठा में 48 वर्षीय व्यक्ति सहित तीन लोगों पर प्राणघातक हमला करने वाले सभी आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें अपचारी बालक भी है।

सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि 14 नवंबर को बबलू सोनकर (48 वर्ष) निवासी प्रेम नगर वार्ड नंबर 14 ने मोहन नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिकोला भाठा शीतला मंदिर के पास मनीष ढीमरा, डीवाईन एवं अन्य लोग उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर कटर से मारपीट किया। आरोपियों के खिलाफधारा 294, 323, 506, 34, 327, 307, 147, 148, 149 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया था। आरोपियों की पता तलाश के दौरान 20 नवंबर को आरोपी मनीष निषाद उर्फमनीष ढीमरा (27 वर्ष) निवासी सिकोला भाठा पायल मेडिकल के पास ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शहर में जगह-जगह मनाई गई आंवला नवमी



■ राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय भी शामिल

**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में आज जगह जगह आंवला नवमी का पर्व श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से मनाया। लोगों ने सपरिवार आंवला वृक्ष की पूजा कर भोजन किया। गायत्री मंदिर परिसर, राजेन्द्र पार्क, दादा दादी नाना नानी पार्क के अलावा शहर के विभिन्न मंदिर परिसर, बाड़ियों में भी आज इच्छा नवमी (आंवला नवमी) की धूम देखी गई।

राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने आज राजेन्द्र पार्क में महिलाओं को साथ लेकर आंवला वृक्ष की पूजा की तथा सभी के साथ मिलकर भोजन किया। यहां पर पहुंचने वाली अन्य महिलाओं ने सरोज पाण्डेय को अपने बीच पाकर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा साथ में भोजन ग्रहण किया। महिलाओं ने डॉ. सरोज पाण्डेय को माला पहनाकर तथा स्कार्फ पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सरोज पाण्डेय ने राजेन्द्र पार्क के प्रति अपना विशेष लगाव व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, सीमा शर्मा, भावना दिवाकर, आभा फुले, रजिन्दर कौर, कुमुद बघेल, सीमा चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, उषा चंद्राकर, रानी चंद्राकर, रश्मि शुक्ला, अर्चना शुक्ला सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

# सिक्ख समाज ने गुरू नानक जयंती पर निकाला धूमधाम से नगर कीर्तन



**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख समाज द्वारा आज प्रथम गुरू नानकदेव के प्रकाश पर्व पर भव्य एवं विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। नगर कीर्तन के मध्य में सिक्ख युवाओं ने तरह तरह के अखाड़ा व वर्तन का प्रदर्शन किया। सिक्ख गुरूद्वारे से निकले नगर कीर्तन ने नगर भ्रमण कर गुरू नानकदेव एवं सिक्ख धर्म का मानवतादी संदेश जन जन तक पहुंचाया। पूरे रास्तेभर विभिन्न समाज व समुदायों के लोगों द्वारा पंचप्यारे व नगर कीर्तन का स्वागत किया।

प्रकाश पर्व से एक सप्ताह पूर्व निकाली जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा में आज दुर्ग, भिलाई, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, व अन्य आसपास के शहरों के गुरूद्वारों से आकर सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए। नगर यात्रा के मध्य में एक सुसज्जित ट्राली में गुरूग्रंथ साहब विराजमान कराये गये थे। सिक्ख गुरूद्वारे स्टेशन रोड से निकाले गये इस नगर कीर्तन से गुरूसाहब की पालकी सजाई गई थी। पालकी के सामने पंचप्यारे चल रहे थे।

नगर कीर्तन गुरूद्वारे से निकलकर सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला होते हुए राजेन्द्र पार्क से चर्च रोड, नया बस स्टैंड, को आपरेटिव बैंक, गांधी पुतला, जेआरडी स्कूल से पटेल चौक, पटेल चौक से एकता द्वार पुराने बस स्टैंड से इंदिरा मार्केट पहुंची। इंदिरा मार्केट में मुख्य ग्रंथी जी ने सिक्ख धर्म द्वारा दिये गये प्राणियों के प्रति सद्भावना एवं मानवता के प्रति संदेश दिया तथा सभी संगत को प्रकाश पर्व की बधाईयां दी।

नगर कीर्तन के सामने बाईक पर युवाओं की टीम जोशीले नारेबाजी करते चल रही थी। इसके सामने सिक्ख समाज के लोग गुरूगी का पथ बुहार रहे थे। इंदिरा मार्केट से फरिश्ता काम्पलेक्स, तकियापारा, पोलसाय पारा, अप्सरा टाकीज चौक, अग्रसेन चौक, शहीद चौक होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। यहां पर नगर कीर्तन का समापन किया गया। पूरे रास्ते भर जगह जगह विभिन्न संस्थाओं व समाज प्रमुखों ने तरह तरह से नगर कीर्तन में शामिल होकर स्वागत किया। नगर कीर्तन में विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, परमजीत सिंह भुई, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, राज्य सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राजकुमार नारायणी, पूर्व पार्षद फत्तेह सिंह भाटिया, संदीप सिंह भाटिया ने भी शोभायात्रा में शामिल होकर गुरू की सेवा की।

नगर कीर्तन में गुरूसिंह सभा के प्रधान अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेन्दर सिंह, सुखदेव सिंह, प्रिंस कब्बरवाल, गुरूविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह भाटिया, राजेन्द्र पाल सिंह भाटिया, मनिंदर सिंह भाटिया के अलावा हरमीत सिंह भाटिया के अलावा हम चाकर गोविंद सिंह खालसा पब्लिक स्कूल, खालसा कालेज के छात्र-छात्राएं स्टाफ के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। महिला स्त्री सत्संग का जत्था भी शामिल था।

# हरनाबांधा में भागवत कथा प्रारंभ



**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के वार्ड नंबर 9 विवेकानंद वार्ड हरना बांधा मुक्तिधाम के पास हनुमान मंदिर के सामने श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 19 नवंबर से किया जा रहा है।

इसमें गंडई बिरनपुर के पंडित पूर्णानंद तिवारी द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का कथा वाचन किया जा रहा है। प्रथम दिन वेदी पूजा, कलश यात्रा, गोकर्ण कथा से प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा नियमित रूप से शुकदेव परीक्षित संवाद, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और आज जड़भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र वामन अवतार की कथा वाचन किया गया। कल 22 नवंबर को राजा अंबिकीय कथा, गंगा अवतरण, रामकृष्ण जन्मोत्सव, 23 नवंबर बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा 24 नवंबर मथुरा गमन, कंस वध, रुक्मणी विवाह, 25 नवंबर सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा और 26 नवंबर को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ शोभायात्रा प्रात: 9 बजे से होगी। आयोजन समिति ने अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सपना फाउण्डेशन एवं मोक्षित निरामया के संयोजन में कल रक्तदान



**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। सपना फाउण्डेशन दुर्ग एवं मोक्षित निरामया के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 23 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से वाटिका चौक ऋषिराज मंगलम के पास गंजपारा में आयोजित किया जायेगा।

शिविर में एम्स रायपुर के प्रशिक्षित डाक्टरों एवं टेक्निकल टीम करेगी। आयोजन समिति के प्रमुख कार्यक्रम समन्वयक प्रफुल्ल संचेती एवं शांतिलाल चोपड़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम मोक्षित निरामया की प्रथम वर्षगांठ पर किया जा रहा है। शिविर के आयोजन में दुर्ग-भिलाई चार्टेड एकाउन्टेंट एसोसिएशन एवं श्रमण संघ परिवार का भी सहयोग रहेगा। आयोजन समिति की ओर से प्रफुल्ल संचेती ने बताया कि आयोजन की सफलता के लिये समिति को दिये जाने वाले रक्तदान सहित अन्य प्रकार का सहयोग भी स्वीकार किया जायेगा। सहयोग करने वाले को एम्स रायपुर द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# हिमाशु यादव एवं ग्रेसी पटेल अभा अंतर विवि प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई



**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन कुश्ती पुरूष प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के छात्र हिमाशु यादव ने 97 किलो वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में चयनित हुए। हिमांशु यादव की सफलता परविश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने बधाई व शुभकामनाए दी। संचालक डॉ. डी. के. नामदेव ने बताया की हिमांशु यादव 7 से 8 दिसंबर को चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली (पंजाब) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता मे भाग लेने 4 दिसंबर को रवाना होगे। ज्ञात हो कि इससे पहले महिला वर्ग में कु. ग्रेसी पटेल ने भी 59 किलो ग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर वि.वि. प्रतियोगिता में चयनित हुई। ग्रेसी पटेल 1 दिसंबर को रवाना होगी। अखिल भारतीय अंतर वि.वि. महिला कुश्ती प्रतियोगिता चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली (पंजाब) में आयोजित है।

## विवि की कुश्ती टीम अंर्तमहाविद्यालय स्पर्धा के लिए रवाना

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग कुश्ती पुरूष उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के पश्चात् टीम रवाना हुई टीम के कोच श्री विकास सिंह ठाकुर है। प्रतियोगिता दिनांक 23-24 नवंबर को आयोजित है।

संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त खिलाड़ियों का चयन शास. विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। चयनीत खिलाड़ियों में विशाल पाण्डे सेठ रतनचंद सुराना महा. दुर्ग, लक्की यादव श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, यश पाण्डुरकर शास. विज्ञान महा. दुर्ग, हनिश कुमार शास. विज्ञान महा. दुर्ग, सचिन पासवान शास. महा. वैशाली नगर भिलाई, शेख फरदीन सेठ रतनचंद सुराना महा. दुर्ग शामिल है।

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में दो दिवसीय नि:शुल्क चक्र साधना शिविर 2 दिसंबर से



**दुर्ग,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। महाप्रभाविक श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में 2 एवं 3 दिसम्बर को दो दिवसीय संगीतमय आराधना के साथ नि:शुल्क सप्त चक्र जागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस साधना शिविर में मोटिवेशनल ट्रेनर शेखर बैद (जैन) के द्वारा प्रोजेक्टर स्लाइड, ओरा मापक यंत्र आदि विविध माध्यमों से शिविरार्थीयों को सात चक्रों की जागरण का विधी, उपाय बतलायेगें।

यह शिविर आवासीय होगा। इस शिविर में जैनधर्म के महाप्रभाविक लोगस्स सूत्र की स्मरण एवं व्याख्या के साथ साधक के जीवन में होने वाले परिवर्तन की प्रस्तुति किया जावेगा। शेखर बैद रायपुर के प्रसिद्ध मोटिवेशन स्पीकर के साथ ही करियर काउंसलर है। आम नागरिकों के लिए समय.समय पर वे नि:शुल्क शिविर आयोजन करते है। सात चक्रों के संदर्भ विस्तृत जानकारी देते हुए आरोग्यम् नगपुरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा दानेश्वर टंडन ने बताया कि योग के विभूतिपाद में अष्टसिध्दि के अलावा अन्य अनेक प्रकार की सिद्धियों का वर्णन मिलता है। सभी सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए चक्रों को जाग्रत करना अनिवार्य है। मनुष्य शरीर स्थित कुंडलिनी शक्ति में जो चक्र स्थित है उनकी संख्या कहीं छै: तो कहीं सात बताई गई है। समय-समय पर चक्र वाले स्थान पर ध्यान दिया जाए तो मानसिक स्वास्थ्य और सुदृढ़ता के साथ विविध उपलब्धि प्राप्त किया जा सकता है। हमारे शरीर में स्थित चक्रों को जागरण करने से हमें सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्त होती है। हम अगर इस ऊर्जा का ठीक प्रबंधन कर लें तो असाधारण सफलता भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। चक्रों के जागरण होने पर व्यक्तित्व में चमत्कारी परिवर्तन दिखने लगते हैं।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 16 को

**बेमेतरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 दिसम्बर 2023 को प्रस्तावित था, जिसे परिवर्तित कर 16 दिसम्बर, 2023 को आयोजित किया जाना है। इसी अनुक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा श्री बृजेंद्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बेमेतरा एवं तालुका स्थित व्यवहार न्यायालय साजा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण वर्चुअल एवं फिजिकल मोड के माध्यम से किया जायेगा। इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय व तालुका न्यायालय में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआईएक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंप्रसं तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारा, कब्जे के आधार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# टाउनशिप में डेंगू पूर्ण रूप से नियंत्रण में



## टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू रोकथाम व नियंत्रण अभियान जारी

**भिलाईनगर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से विगत कई महीनों से सम्पूर्ण भिलाई टाउनशिप एवं संयंत्र के भीतर डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एंटीलार्वा अभियान के साथ-साथ दवा का छिड़काव, फॉगिंग, स्प्रे तथा टेमीफॉस दवा का वितरण तथा आमजनों को डेंगु से बचाव हेतु किए जाने वाले उपायों के पर्चे भी बांटे जा रहे है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु चलाये जा रहे इस अभियान के तहत विविध कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टर्स एवं संयंत्र के भीतर एंटीलार्वा अभियान चलाया जा रहा है। कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, इनडोर स्प्रे, आउटडोर स्प्रे, एंटी लार्वा एक्टीविटिस आइलिंग व स्प्रे, बैकलेन स्प्रे व ऑइलिंग कार्य किया जा रहा है। साथ ही रुके हुए पानी में ऑइलिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

**टाउनशिप में निरंतर फॉगिंग**

बीएसपी द्वारा भिलाई टाउनशिप में पोर्टेबल फॉगिंग तथा व्हीकल माउंटेड मशीन द्वारा थर्मल फॉगिंग किया जा रहा है। टाउनशिप के आवासों में लार्वानाशक टेमीफॉस घोल का वितरण किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत लोगों के घर-घर जाकर समझाइश दिया गया। पाम्पलेट वितरण किया गया एवं कूलर चेकिंग किया जा रहा है तथा लोगों को निर्देशित किया गया कि कूलर एवं पानी स्टोरेज की टंकियां साफ रखे व पानी बदलते रहे। कूलर व पानी स्टोर करने वाली टंकियों में प्रत्येक 4 दिनों के भीतर टेमीफॉस घोल डाल दें। साथ ही जल के जमाव की स्थिति में कोई भी जला हुआ ऑइल डाल दें।

**साफ सफाई पर विशेष जोर**

बैक लाइन एवं गार्बेज कंटेनरों के आसपास ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया जा रहा है। टाउनशिप के स्कूलों, बाजारों, एवं सार्वजनिक स्थानों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। टाउनशिप में चिन्हित मच्छरों के ब्रीडिंग प्लेस में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, ऑइलिंग किया गया।

**पानी जमाव को रोकने का प्रयास**

पानी जमा होने वाले स्थानों व गड्ढों में मलबा डालकर समतल किया जा रहा है ताकि पानी का जमाव ना हो सके। जमे हुए पानी में उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। टाउनशिप के समस्त घरों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं टेमीफॉस दवाओं का छिड़काव एवं टेमीफॉस का वितरण किया जा रहा है।

**डेंगू रहित क्षेत्र बनाने का प्रयास**

इस्पात नगरी क्षेत्र के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे सतर्क हो जाये और मच्छरों और लार्वा को समाप्त करने के लिये सामूहिक रूप से निरंतर प्रयास करें। मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय में सहयोग करें। भिलाई टाउनशिप क्षेत्र को मच्छर रहित क्षेत्र बनाकर डेंगू मुक्त बनाने का सतत् प्रयास जारी है।

# फेरो स्क्रैप निगम द्वारा नराकास स्तरीय हिंदी प्रश्नोत्तरी स्पर्धा



**भिलाईनगर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में पंकज त्यागी, महाप्रबंधक का. एवं प्रशा. एवं विधि की अध्यक्षता एवं सौमिक डे, उप- महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन एवं राजभाषा प्रभारी एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमती अनुराधा धनांक, उप-मंडल अभियंता राजभाषा बीएसएनएल, श्रीमती खुशबू पाठक, विभागाध्यक्ष प्रबंधन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के विशेष आतिथ्य में नराकास स्तरीय हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्जवलन एवं विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षयीय उदबोधन प्रस्तुत करते हुए पंकज त्यागी ने कहा कि- भारत सरकार, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत् राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु निरंतर कार्य संपादित किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि सौमिक डे ने कहा कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड राजभाषा के सांविधिक एवं संवैधानिक दायित्वों को निर्वहन करने में निर्बाध रूप से लगा हुआ है। श्रीमती अनुराधा धनांक ने जनजातीय गौरव दिवस की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी एवं श्रीमती खुशबू पाठक ने प्रबंधन विषय पर अपना वकतव्य प्रस्तुत किया। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग स्तरीय हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के हिंदी भाषी वर्ग प्रथम आनंद तिवारी बीएसपी, द्वितीय- उमाशंकर साहू बीएसएनएल, तृतीय संजीव कुमार, एफसीआई, सांत्वना संतोष कुमार पाराशर बीएसपी, अंजली भारती सेल, एसआयू, उमेश साहू बीएसपी, मिनल मिश्रा यूनाईटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, चंद्रभान तिवारी बीएसएनएल, टकेश्वर चंद्रवशीफेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, एवं हिंदीत्तर भाषी वर्ग में प्रथम ग्लोरी एस.पारकर बीएसपी, द्वितीय के.एस.रवि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, तृतीय टी.ईश्वर बीएसपी, सांत्वना- पी.जनार्दन-बीएसपी, अप्पू बेहरा-बीएसपी, वंदना नावकार एचएससीएल, भाबड़ वर्षा सुनिल सशस्त्र सीमा बल, डी.एल.राव, सेल एसआयू, को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, के महाप्रबंधक का. एवं प्रशा., विधि पंकज त्यागी के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किये गए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने हिन्दी भाषा में कार्य करने पर जोर दिया।

# निगम करेगा वृक्षारोपण का आडिट



**भिलाईनगर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लक्ष्य के आधार पर किये गये वृक्षारोपण की आडिट के लिए आयुक्त ने टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने, बिजली पोल में किये गये नम्बरिंग की पूर्णत: प्रमाण पत्र तथा आनलाईन शिकायतो में दर्ज प्रकरणो की समीक्षा आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने किया। आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई के सौदर्यीकरण एवं हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत जी.ई.रोड, उद्यान, शासकीय भूमि, अस्पताल परिसर, गौठान, एस.एल.एम.आर. सेंटर. व्यवसायिक क्षेत्र आदि में वृक्षारोपण के निर्देश वर्षा ऋतु के पूर्व दिये थे। जिसके लिए प्रत्येक जोन को वृक्षारोपण करने लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में किये गये वृक्षारोपण की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने अभियंताओं की टीम गठित कर 3 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रसारित किये है। टीम के सदस्य वृक्षारोपण स्थल का मौका मुवायना कर सुख गये पेड़, क्षतिग्रस्त पाईप की जानकारी एकत्र करेगे, ठेका प्राप्त एजेसी को खाद पानी नियमित रूप से प्रदान किये जाने की जानकारी भी प्रारूप में प्रस्तुत करेगें। उक्त जानकारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रदान करते हुए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने आगे कहा की आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के सभी बिजली खम्बो की नंबरिंग के साथ बंद लाईट को बदल कर चालू करने के निर्देश दिये थे इसकी भी जानकारी टीम के सदस्य उपलब्ध करायेगें। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा जारी आनलाईन शिकायत में दर्ज शिकायत पत्रों के निराकरण की भी उन्होने समीक्षा की। अपर आयुक्त ने सारथी ई.एप्पए जनचैपालए जनशिकायत में दर्ज शिकायतो का एक सप्ताह के भीतर निराकरण कर शिकायतो को विलोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, रमाकांत साहू, सभी जोन के आयुक्त, सहायक अभियंता, उपअभियंता, विभाग प्रमुख सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# तालपुरी में दामाद ने सास से की मारपीट, मामला दर्ज

**भिलाईनगर**, 21 नवंबर देशबन्धु)। दामाद द्वारा मारपीट बाद बेटी और उसके बच्चे को अपने घर वापस लेकर आई मां से भी दामाद ने अभद्र व्यवहार किया। घर वालों ने बाताया कि दामाद अक्सर घर आ कर विवाद करता रहा है। कल शाम फिर दामाद नशे की हालत में तालपुरी पहुंचा और उत्पात मचाया। सास को जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर शराबा सुन जब पड़ोसी एकत्रित हो विरोध करने लगे तो आरोपी दामाद वहां से भाग निकला। घटना दुर्ग जिले के तालपुरी क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि एम एल यादव ने बताया कि पीड़ित महिला ने अपनी बेटी की शादी डेढ़ साल पहले बालाजी नगर निवासी रजत से की थी। उनका एक वर्ष का बच्चा भी है। दामाद रजत नशेड़ी प्रवृत्ति का है तथा शादी के बाद से पत्नी के साथ कई बार मारपीट कर चुका था जिसकी थाना मे पूर्व मे भी रिपोर्ट दर्ज है। महिला का आरोप है कि परिवार के सदस्य जब घर मे नहीं रहते तभी रजत उनके घर आकर गाली गलौज कर विवाद करता रहा है। कल शाम लगभग साढ़े 4 बजे रजत फिर तालपुरी आ धमका और जोर जोर से दरवाजा पीटने लगा। महिला ने जैसे ही दरवाजा खोला रजत ने बलपुर्वक धक्का देते हुये उससे मारपीट करने लगा। जान से मारने की धमकी देकर लोहे जैसे किसी ठोस चीज से उसने सास के सिर में चोट पहुंचाया। उसे धक्का देकर महिला जब अपना बचाव करने लगी तो रजत ने गाली गलौज की। तभी दूसरे कमरे से बेटी और पडोसी आए तो उन्हें देख कर रजत भाग गया। घटना के बारे मे महिला ने बेटे एवं पति को फोन से जानकारी दी तथा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। भिलाई नगर पुलिस ने रजत के खिलाफ धारा 294, 323, 452, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# पैदल जा रहे दंपति को मारी ठोकर, अधेड़ की मौत

**भिलाईनगर** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरमुंडा नारधा मार्ग पर कल रात मोटरसाइकिल चालक द्वारा पैदल जा रहे खुटेल दंपत्ति को ठोकर मार दी गई। जिसके कारण शिवकुमार खुटेल की मौत हो गई सूचना पर से कुम्हारी पुलिस के द्वारा आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर को शिवकुमार खुटेल एवं उनकी पत्नी कस्तूरी खुटेल दोनों ही पैदल मुरमुंदा से अपने घर नारधा जा रहे थे। ग्राम चेटुवा नारधा रोड में मोटर सायकल चालक द्वारा एक्सीडेंट कर दिया है। खेमराज धीवर से सूचना मिलने पर उनके पुत्र प्रेमलाल खुटेल घटनास्थल पहुंचे देखा कि पिताजी की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस के साथ सुपेला मरचुरी में शव को सुरक्षार्थ रखवाया। प्रेमलाल ने देर रात 10.5 बजे थाना कुम्हारी आकर इसकी रिपोर्ट की। पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धारा 304 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया।

# कांग्रेस नेत्री गुरुमीत एक घटना में घायल



**भिलाईनगर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के नेत्री व समाज सेविका श्रीमती गुरुमीत धनई एक हादसे में घायल हो गई है। श्रीमती धनई ने बताया की 20 नवम्बर को प्रात: लगभग 9.30 बजे वे अपने घर स्टील कालोनी का पास खड़ी थी। तभी श्रीमती धनई घर के पास चिल्लाने की आवाज आई। जब श्रीमती धनई ने देखा एक एक युवा जो बुलेट मोटर सायकिल चला रहा है। वे एक युवती के गले से सोने की चैन खीचने का प्रसास कर रहा था। युवती मदद के लिये चिल्ला रही थी। तभी श्रीमती धनई ने उस युवती को बचाने के लिये दौड़कर बुलेट चल रहे युवक को नीचे गिरा दिया। इस घटना में युवती व श्रीमती धनई भी गिर गई। जिससे बाद बुलेट चला रहा युवक वहां से भाग गया। किन्तु इस घटना में श्रीमती धनई का एक पैर में हल्का चोट लगई है। डॉक्टरों के अनुसार उनका पैर हल्का फैक्चर हुआ है। जिनका ईलाज किया जा रहा है।

# सूने घर से लाखों के जेवरात पार

**भिलाईनगर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। कोहका स्थित सूने मकान से अज्ञात चोर 50 हजार कैश और लाखों के जेवरात चोरी हो गया है। घटना की रात फार्मासिस्ट परिवार समेत दशगात्र कार्यक्रम में ग्राम अछोटी मुरमुंदा गई हुई थी। स्मृति नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि न्यू साकेत नगर वार्ड 9 सडक-8 कोहका निवासी कामिनी मार्कंडेय 33 वर्ष शासकीय अस्पताल अहिवारा मे फार्मासिस्ट हैं। वो घर में ताला लगा 18 नवंबर की शाम 6 बजे सपरिवार अपने मौसी के गांव ग्राम अछोटी मुरमुदा दशगात्र कार्यक्रम में गईं तथा जब अगली रात साढ़े 8 बजे घर आई तो देखा कि घर के कमरे के दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर आलमारी का ताला तोड़ चोर नगदी रकम 50 हजार रूपये, सोने का नेकलेस, एक जोड़ी सोने का कंगन, सोने का मंगलसूत्र, सोने का झुमका, सोने की कान की चैन लगा झुमका, दो नग सोने की लेडिस अंगूठी, एक नग हीरे की अंगूठी चांदी की करधन, चांदी के सिक्के, चांदी की पायल दो नग, एक सोने की चैन चोरी कर ले गए।

**मंदिर में चोरी के आरोपी गिरफ्तार**

भिलाई। हुडको भिलाई स्थित कालीबाड़ी में ताला तोड़ चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ज्ञात हो कि 17-18 नवंबर की दरमियानी रात हुडको कालीबाड़ी में चैनल गेट का ताला सब्बल से तोड़ चोर अंदर प्रवेश किया था। मंदिर के अंदर लगे सीसीटीवी को तोड़ दिया गया लेकिन उसके पहले ही चोर का चेहरा उसमें कैद हो गया था। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक ईश्वर यादव उम्र 21 वर्ष निवासी रायपुर नाका से पूछताछ की जा रही है।

**डेम गई युवती गायब परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका**

भिलाईनगर। नेवई थाना क्षेत्र में डेम पर छठ पूजा देखने कह कर घर से निकली 17 वर्ष की युवती पिछले 48 घंटे तक घर नहीं लौटी है। परिजनों ने इस पास पतासाजी के बाद युवती के अपहरण की आशंका जताते हुए थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी निवासी 17 वर्षीय युवती 19 नवंबर की शाम 5 बजे घर में छठ पूजा देखने नेवई डेम जाने की बात कह कर निकली थी और रात भर नहीं लौटी। डेम व रिश्तेदारों और सहेलियों में पतासाजी के बाद परिजनों ने कल रात नेवई थाना में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। युवती 5 फीट, चेहरा गोल, रंग गोरा है तथा वह कक्षा 8वीं तक पढी है।

**लाखों के गहने और कैश ले गए अज्ञात**

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण मतदान के ठीक दो दिन पहले अज्ञात चोरों ने मुख्यमंत्री निवास के पड़ोसी मोहल्ले में निवासी एक सीएसईबी कर्मचारी के सूने मकान को निशाना बनाया और ताला तोड़ लाखों की चोरी की है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस ने बताया कि 37 वर्षीय राजू निर्मलकर निवासी विश्व बैंक कालोनी भिलाई-3 सीएसईबी कर्मचार 14 नवंबर की शाम अपनी पत्नि एवं बच्चों को छोड़ने गृह ग्राम चेटवा गए तथा वहां परिवार को छोड़कर रात्रि ड्यूटी सीएसईबी भिलाई-3 आ गए। रात्रि ड्यूटी कर 15 नवंबर की सुबह 7 बजे अपने घर विश्व बैंक कालोनी पहुंचे और घर के सामने मेन गेट का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो चेनल गेट का ताला टूटा हुआ था। बेडरूम की आलमारी खुली हुई थी पूरा सामान बिखरा हुआ मिला। आलमारी के लाकर मे रखे सोने की एक जेन्स अंगूठी, सोने का टाप एक जोड़ी, बच्चों का सोने का लाकेट 2 नग, एक नग सोने का गणेश का लाकेट, एक नग सोने का ओम का लाकेट, एक सोने का पत्ती, बच्चों की चांदी की करधन, चांदी की गिलास, कटोरी, चम्मच, बच्चे की चांदी की पायल एक जोड़ी, एक नग चांदी का सिक्का 5 ग्राम, चांदी की चैन, चांदी का लाकेट, कार की चाबी व नगदी रकम किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी है।

# रोका छेका के लिए नई टीम गठित



**भिलाईनगर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम द्वारा सरकारी भवन, बिजली खम्बो, पुल एवं पुलिया में लगाये गये बेनर पोस्टर, झण्डे की जप्ती तथा रोका छेका के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नये सिरे से टीम का गठन किया गया है। विधानसभा निर्वाचन के प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने तथा धूमन्तू पशुओं पर लगाम लगाने आयुक्त रोहित व्यास ने नये सिरे से टीम गठन किया है, ताकि संपत्ति विरूपण एवं रोका छेका संकल्प अभियान पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किया जा सके। आगामी 15 दिवस के लिए गठित टीम के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सहायक नोडल अधिकारी रमाकांत साहू उपायुक्त होगें। टीम में अनिल सिंह, धीरज साहू, जगदीश तिवारी, अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी, हरिओम गुप्ता, व्ही के सैम्युएल, अमन पटले, अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, आर के तिवारी, सुदामा परगनिहा, यशवंत मसकरे, कमलेश द्विवेदी, हेमंत मांझी, अंजनी सिंह, योगेश ठाकुर, विश्वकांत सम्मिलित रहेगें, जो सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में घुम कर निर्धारित तिथि अनुसार सभी जोन में सड़क पर घूमने वाले पशुओं की घड़पकड़ तथा शासकीय भवन, पुल पुलिया, बिजली खम्बो एवं पेड़ पौधो में लगाये गये बेनर, पोस्टर व झण्डे को उतार कर जप्ती की कार्यवाही करेगे। पशुओ को गौठान में रखा जायेगा, जहां उनके लिए हरे चारे एवं पानी की व्यवस्था किया गया है।

# ईव्हीएम मशीनों के सुरक्षात्मक अधिकारी नियुक्त




**भिलाईनगर**, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान पश्चात् स्ट्रांग रूम श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में ईव्हीएमध्व्हीवी पैट मशीनों के सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उक्त स्थल में सुरक्षा व्यवस्था निगरानी एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज मो.76469-10755, 8717833848 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मतगणना स्थल कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी के सहायक अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के श्रीमती रीना साहू मो. 99812-83344, नायब तहसील दुर्ग सुश्री ज्योत्सना वर्मा मो. 96447-23855 एवं सहायक कार्यपालन अभियंता शशीकांत वर्मा मो.77460-61880 को 20 से 22 नवम्बर तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे। इसी प्रकार सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार दुर्ग ढालसिंह बिसेन मो. 93032-85570, अधीक्षक भू.अभिलेख दुर्ग अजीत चौबे, उद्यान विकास अधिकारी मुकेश वासनिक मो.99261-71139 को 23 से 25 नवम्बर 2023 तक तथा सहायक अधिकारी अधीक्षक भू.अभिलेख दुर्ग आदित्य कुंजाम मो. 99815-84877, उप अभियंता नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग संदीप पटेल मो. 99071-64145 एवं उप अभियंता जल संसाधन विभाग राजेन्द्र कुमार सोनी मो. 93018-05200 को 26 से 29 नवम्बर तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे। इसी तरह नोडल अधिकारी के सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार धमधा श्रीमती कविता पटेल मो.79995-87670, सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख दुर्ग आलोक शुक्ला एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग बालकिशन साहू मो. 99267-53510 को 30 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं को आदान प्रदान करेंगे। कलेक्टर के आदेशानुसार अधिकारीगण अपनी सहायता के लिए ड्यूटी में सहायक के रूप में एक राजस्व निरीक्षक एवं एक पटवारी की ड्यूटी अपने स्तर से लगा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विधान सभा चुनाव के नतीजे 3 दिसम्बर के आयेगे।

# डेंगू की रोकथाम हेतु अभियान

**भिलाईनगर**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 20 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 1 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव 2 मरीज भर्ती है। जो हाउसिंग बोर्ड कैंप-1 भिलाई का रहवासी है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा. रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 184095 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या 209272 जिनमें से 86043 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 119610 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 180087 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

# छग में भाजपा या कांग्रेस की बनेगी सरकार सबको है इंतजार ?

**छुरिया**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हो चुका हैं, यहा सीधा मुकाबला दो प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस व भाजपा के बीच है, आलम यह है कि दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनाव के दरमियान घोषणाओ का बौछार लगा दिया है,वही आम लोगो का कहना है ,भाजपा चुनाव मे धर्म जाति का कार्ड खेला मगर अब ये मुद्दा युवा व बुधजिवी को प्रभावित नहीं कर रहा है, मतदाता समझदार व चालक हो चुका है ,जनता सभी दलो के रैलियों पर जाकर नेताओं से चुनावी भाषण वादो का लुत्फ उठाते है,मगर वे फैसला अब योग्यता धर्म नहीं घोषणा पत्र देखकर कर तय करते है किस प्रत्याशी को वोट करना है,वह दौर चला गया जब बड़े राजनीतिक पार्टीयां सभाओ मे भीड़ व भाषण के तालियों व धार्मिक भड़काऊ भाषण से जनता पर कितना असर पड़ा उस आधार पर जीत हार का आकलन कर लेते थे मगर मतदाता मत देने के बाद खामोशी अख्तियार कर लेते है ,ऐसे मे कोई भी पार्टी या सर्वे रिपोर्टर का अंदाजा लगाना मुश्किल काम है, अब तो बस ता. 3 .का इंतजार चुनाव रिजल्ट का है उसके बाद ही सब कुछ साफ हो पाएगा और उट किस करवट बैठता है पता चलेगा ?

क्षेत्र के विकास से कम घोषणा पत्र मे कौन पार्टी कितना लाभ देता है उससे मतलब

**धर्म समाज योग्यता वोट करने का मापदंड नहीं घोषणा पत्र है, मतदान का आधार**

छत्तीसगढ़ प्रदेश मे खासकर ग्रामीण क्षेत्र के हिस्सो मे पिछले पाँच वर्षों मे प्रदेश की कांग्रेंस सरकार ने किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ जैसे अनेक लाभकारी योजना के माध्यम से किसान व आम जनता को जो लाभ पहुचाया निश्चित तौर पर उसका लाभ तो कांग्रेंस को वोट के रूप मे मिलना है ,ये अलग बात है ,वर्तमान मे इस चुनाव मे कांग्रेंस मे टिकीट वितरण मे कुछ नए चेहरे को मौका दिया गया उसमें से कुछ उम्मीदवार का क्षेत्र मे वजूद कम है या विवादित है, उसके चलते नेता व कार्यकर्ताओं मे आक्रोश था सरकार के कुछ मंत्रियों विधायको का कार्यकर्ताओं के प्रति रवैया ठीक नहीं होना भी कार्यकर्ताओं का नाराजगी का एक कारण चुनाव मे देखा गया ,कांग्रेंस के अधिकाशं उम्मीदवार अपने बूते नही मुख्यमंत्री के चेहरे व कर्जा माँफी पर ही चुनाव जीतना उनका मकसद रहा आरोप तो यहां तक है.पार्टी व निजी फंड को चुनाव मे खर्च नहीं किया इसके वजह से भी इस चुनाव मे सत्तादल के नेताओं को काफी मेहनत करना पड़ा इस वजह से कुछ अष्तुष्ट नेता व कार्यकर्ताओं को विपक्ष साधने मे सफल रही अमुमन पूरे चुनाव का दारोमदार मुख्यमंत्री के चेहरे पर था कांग्रेंस सरकार का कार्य मतदाताओं का ज्यादा रूझान कांग्रेंस के तरफ दिखा है।

# बिना सूचना के अनाधिकृत अनुपस्थिति पाए जाने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**बेमेतरा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा आज साजा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा, शासकीय प्राथमिक शाला सोनचिरैया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका, शासकीय प्राथमिक शाला तोरन, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थानखम्हरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरांका, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी, शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल सैगोना का निरीक्षण किया गया।



हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में माह जुलाई से ही प्रायोगिक कार्य प्रारंभ कराए जाने के शासन निर्देश के बावजूद भी निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ स्कूलों में प्रायोगिक कार्य निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार नहीं कराए गए हैं यहाँ तक कई विद्यालयों में प्रायोगिक कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने नाराजगी जाहिर करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक थानखम्हरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरांका के प्राचार्यों एवं संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। डीईओ श्री मिश्रा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन पाया गया। डीईओ ने संबंधित मध्यान्ह भोजन संचालन समूह एवं विद्यालय के प्रधान पाठक को मध्यान्ह भोजन में निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं करने के लिए कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

शासकीय हाई स्कूल सैगोना में डीईओ द्वारा कक्षा 9वीं में रसायन विषय का अध्यापन भी कराया गया। श्री मिश्रा ने माहवार निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक प्रयास करने के लिए विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया।

डी.ई.ओ. द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों जिसमें श्रीमती छाया जैन व्याख्याता, श्रीमती नीति तिवारी व्याख्याता, श्रीमती मनीषा सिंह व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका, श्री नंदकुमार वैष्णव, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला तोरन, श्री बेनीराम कश्यप शिक्षक, निशा वर्मा शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनी को बिना सूचना के अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए कारण बताओ सूचना जारी किया गया है।

# सूर्यकांत जैन ने किया पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के बयान पर पलटवार



- भरोसे और विश्वास के साथ कांग्रेस की बनेगी सरकार - सूर्यकांत जैन
- शहर के भांचा गिरिश देवांगन को विधायक बनाने इस बार जनता ने संकल्प लिया : सूर्यकांत जैन

**राजनांदगांव,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि डा. रमन सिंह अपनी सीट बचाने में सक्षम नहीं रहे? वह प्रदेश में सरकार बनाने की हास्यपद दिलासा देने की बात कर रहे हैं। श्री जैन ने कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता ने राजनांदगांव के भांचा गिरीश देवांगन पर भरोसा जताया है और राजनांदगांव के सभी बूथों पर मतदान के रुझान और सर्वे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि गिरीश देवानंद 20 हजार से अधिक वोटों से यह चुनाव जीत रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के दूरदर्शी एवं संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यों को सराहा है। उन्होंने जो कहा सो किया है, बात को चरितार्थ करते हुए धान खरीदी का मूल्य 2500 से बढ़ाकर आगामी घोषणा पत्र में 3200 रुपये तक देने का वादा करके किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देकर उनकी मेहनत का पूरा हक उन्हें दिया है। कांग्रेस सरकार ने अपने किसी वादे को जुमला कहकर अपनी बात से मुकरा नहीं है, बल्कि कांग्रेस सरकार ने अपने उन सभी वादों को अपने घोषणा पत्र में रखा है, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन स्तर में वृद्धि हो। चाहे वह स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, जिसमें किसी व्यक्ति के दुर्घटना होने पर पूर्ण इलाज मुफ्त हो या शिक्षा के क्षेत्र में केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त करके पूरे प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी करने की दिशा में मजबूत कदम रखने की बात हो या फिर गैस सिलेंडर में 500 रुपये की सब्सिडी देने की बात हो, जिससे हमारी माताएं बहने अपनी बचत में इजाफा कर सकें, या 200 यूनिट तक बिजली हर वर्ग के लिए मुफ्त करने जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं हो, ऐसी अनेक घोषणाएं छत्तीसगढ़ की जनता के हर वर्ग के लिए विकास की नई गाथा लिखने वाले वादों को पूरा करने के संकल्प के साथ कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ा है और जनता ने भूपेश है तो भरोसा है, मानते हुए पुन: 75 पार के आंकड़े के साथ कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव पर टिप्पणी करने पर सूर्यकांत जैन ने कहा कि डॉ. रमन सिंह पहले अपनी स्थिति का अपनी ही पार्टी में आंकलन कर ले, बड़े काफिले में घूमने के बावजूद अकेले घूम रहे हैं, कार्यकर्ताओं का अभाव है। सूर्यकांत जैन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आपकी यह चला चली की बेला है। कांग्रेस प्रत्याशी राजनांदगांव के भांचा गिरीश देवांगन प्रचंड बहुमत से राजनांदगांव संस्कारधानी से विजयी होने वाले हैं। श्री जैन ने कहा कि अब कि बार 75 पार प्रदेश में होगी, फिर से एक बार कांग्रेस की सरकार, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह की घर वापसी होगी इस बार।

# नाबालिग अपहृता को बहला फुसलाकर प्रलोभन देकर, भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी थाना नवागढ हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लडकी को आरोपी द्वारा अपहृता को नाबालिग होना जानते हुए भी अपहृता के माता-पिता के वैध संरक्षण से बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को गुम/अपहृता (बालिका) का पतातलास कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी हृदय टंडन द्वारा पीडिता को नाबालिक होना जानते हुए भी प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। थाना पंडरिया जिला कबीरधाम क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी हृदय टंडन पिता रामकुमार टंडन उम्र 20 वर्ष के विरुद्ध धारा 363, 376, 376 (2) (झ) भादवि एवं 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज दिनांक 21.11.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा, आरक्षक अमित यादव, राजआडिल एवं अन्य

# चुनाव बाद डौण्डी क्षेत्र के सोसाइटियों में धान का आवक लगा बढ़ने

- 17 प्रतिशत से अधिक नमी के कारण समिति ने किसानों का धान किया वापस



**डौण्डी/दल्लीराजहरा,**21 नवंबर (देशसन्धु)। दीपावली पर्व और विधानसभा चुनाव निपटने के बाद अब डोंडी क्षेत्र के सोसाइटियों में धान का आवक बढ़ने लगा है मंगलवार को डोडी सोसाइटी में 26 किसानों से 918 चिंटल भरीटोला सोसाइटी में 29 किसानों स 956 चिंटल 80 किलो गुदुम सोसाइटी में 13 किसानों से 675 चिंटल धान की खरीदी की गई ।ब्लाक अंचल के सोसाइटियो में अभी ज्यादातर हरुण किस्म के धान की आवक है। लेट वैरायटी के धान फसल अभी कट रहे हैं। आने वाले दिनों में धान की आवक और बढ़ेगी वही किसान धान की मिजाई के तुरंत बाद धान को बेचने के लिए समिति में पहुंच रहे है ।जहां पर निर्धारित मापदंड 17 प्रतिशत से अधिक नमि आने के कारण सोसाइटियों से किसानों के धान वापस किया गया। सोमवार को डोडी क एक किसान और छिंदगांव के एक किसान की धान वापस किया गया ।इसी तरह मंगलवार को भी नमी के कारण डोडी समिति से दो किसानों के धान वापस किए गए वही धान खरीदी केंद्रो से की परिवहन नहीं होने से सुखत की भी चिंता सताने लगी है इस सीजन में डोडी समिति में 21 नवंबर तक की स्थिति में 8174 चिंटल 80 किलो धान की खरीदी हुई है। जिसमें से मात्र 1680 किवटल धान ही परिवहन किया गया है। 6494 चिंटल 80 किलो धान फड़ में जाम है। इसी तरह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भरीटोला में 246 किसानों से 21 नवंबर तक की स्थिति में 7449 चिंटल 20 किलो धान की खरीदी हुई है परिवहन के लिए 15 दिन पहले ही डियो जारी हो चुका है। परंतु अभी तक एक भी दाना धान का उठाव नहीं हुआ है जिसकी राशि 1 करोड़ 64 लाख 43 रुपए 60 पैसे जिसमें 73 लाख 67 हजार रूपेये की वसूली हुई है। कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि बुधवार को धान खरीदी के लिए भर्रीटोला सोसाइटी में 28 किसानों को टोकन जारी किया गया है गुदुम सोसाइटी में अब तक 5472 चिंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें से मात्र 1200 चिंटल की धान का उठा हुआ है ।शेष धान फड़ में जाम है बुधवार की खरीदी के लिए 20 किसानों को टोकन जारी किया गया है।

# प्रायोगिक पूरक परीक्षा की समय सारणी जारी

**राजनांदगांव,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। स्व. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़, छुईखदान, गडई, जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के समस्त महाविद्यालयों के प्रायोगिक पूरक अर्हता प्राप्त छात्र / छात्राओं की पूरक प्रायोगिक परीक्षा का केन्द्र शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव को बनाया गया है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 28 नवम्बर मंगलवार को बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय, तृतीय रसायनशास्त्र, दिनांक 29.11.2023 बुधवार को बी.एस.सी. भाग प्रथम द्वितीय, तृतीय प्राणीशास्त्र एवं बीए भाग प्रथम, द्वितीय तृतीय भूगोल तथा दिनांक 30.11.2023 को बी.एस.सी. नाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय वनस्पतिशास्त्र एवं भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक पूरक परीक्षा महाविद्यालय में संबंधित विभागीय कक्षों में च्समय प्रात: 11ः00 बजे से आयोजित है। संबंधित विषयों में पूरक अर्हता प्राप्त छात्र / छात्राएं महाविद्यालय से सम्पर्क कर पूरक प्रायोगिक परीक्षा संबंधित विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते है। उक्त सूचना महाविद्यालय के वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर भी जारी की गई है । उपरोक्त जानकारी प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा शास कमलादेवी राठी महिला स्नातक महाविद्यालय ने प्रदान की।

# धान खरही में आग लगने से किसान को हुआ लाखों का नुकसान



**खैरागढ़,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लिमतरा में 16 अक्टूबर को 6 एकड़ के धान खरही में किसी के अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दी गई थी. यह घटना 16 अक्टूबर के मध्य रात्रि की बताई जा रही है. जानकारी अनुसार रामदास पिता द्वारका वर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम लिमतरा का रहने वाला है.धान की कटाई कर फसल को मिजाई करने के लिए खरही बनाकर रखा था. रामदास वर्मा ने बताया कि 6 एकड़ भूमि का फसल आग लगने से किसान को 3 लाख पचास हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है. किसान रामदास ने राजस्व विभाग को इसकी सूचना दी थी. राजस्व विभाग के द्वारा आग लगी फसल का सर्व कर आकलन तैयार किया गया है. जिसकी कीमत 3 लाख पचास रुपए का किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है. यह कमाई किसान के लिए साल भर का मेहनत है.

# अवैध शराब जुआ सट्टा में लिप्त लोगों में लगातार पुलिस कार्यवाही से दशहत

## आरोपी खिलावन दास हिरवानी पर सट्टा लिखते जुआ एक्ट धारा के तहत कार्यवाही

**दल्लीराजहरा,**21 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार यादव व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में जुआ सट्टा अवैध शराब में अभियान चला कर लगातार कार्यवाही से अवैध.धंधों में लिप्त लोगों में दहशत का माहौल निर्मित है। इसी के तहत थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने स्टाफ के साथ मुखबीर सूचना पर 21 नवंबर को वार्ड क्र0 20 चंडी मंदिर के समिप आरोपी खिलावन दास हिरवानी पिता गोपाल दास हिरवानी उम्र 37 वर्ष को अवैध सट्टा लिखते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध धारा (4) क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया ।आरोपी से सट्टा पर्ची डाटपेन 710 रूपय नगद जप्त किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश सिंह प्रधान आरक्षक राकेश साहू आरक्षक प्रीतम ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।



# सड़क दुर्घटना में घायल अजय कुंभकार की रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

**डौण्डी,**21 नवंबर (देशबन्धु)। दो सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए डोडी नगर के युवक अजय कुंभकार की मृत्यु रविवार की रात रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान हो ज्ञात हो कि डोंडी नगर के वार्ड 2 कुम्हरपारा निवासी अजय कुंभकार 23 साल पिता भीष्म कुंभकार जीवन पान भंडार के बेटे 7 नवंबर को दोपहर 2 बजे बाइक पर सवार हो कर दल्ली राजहरा से डोडी अपने घर आ रहे थे इसी दौरान मलकुवर चौक से आगे अपने बाइक से सड़क पर गिरकर गिर गए थे ।इस घटना में उसकी सिर के पीछे भाग में चोट आया था जिसकी जानकारी के बाद परिजनों ने डोडी के सरकारी अस्पताल लेकर आए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया जहां परिजन शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा रायपुर के निजी तथा डोके अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार की रात 11 बजे अजय की मृत्यु हो गई।



# मोटर साइकिल में शराब ले जाते हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## छतीसगढ़ आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत पुलिस ने की कार्यवाही

**खैरागढ़,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम विक्रमपुर में एक व्यक्ति के द्वारा मोटर साइकिल में खैरागढ़ से विक्रमपुर की ओर शराब ले जा रहा था. जानकारी अनुसार छुईखदान पुलिस को मुखबिरी के माध्यम से सूचना मिला कि मोटर साइकिल में भारी मात्रा में शराब ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी. छुईखदान पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही कर प्रवेश द्वार के पास पकड़ा गया पुलिस के द्वारा नाम पता पूछा गया वही शराब रखने का कोई वैध लाईसेंस नही था.आरोपी चंपा पिता स्व मन्नू लाल वर्मा के द्वारा लाल रंग के थैले में 4 नग अधी वही 30 पौवा देशी प्लेन शराब रखा था. जिसकी कीमत 3040 रूपए वही मोटर साइकिल की कीमत 50 हजार रूपए कुल कीमत 53040 रुपए बताई जा रही है. मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एएक्स 4632 के विरुद्ध छुईखदान पुलिस ने छतीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34( 2) के तहत कार्यवाही कर आरोपी चंपा के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है।




# जिलाधीश ने किया हसदा धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

- अवैध धान परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर



**बेमेतरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टरपी.एस.एल्मा ने मंगलवार को जिले मे हों रहे ख़रीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 के धान ख़रीदी के निरिक्षण हेतु जिले के धान उपार्जन केंद्र ग्राम हसदा पहुँच कर समर्थन मूल्य पर की जा रहीं धान खरीदी का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र में किए गए आवश्यक व्यवस्थाओं, धान खरीदी की दरों, पंजीकृत किसानों की संख्या, फड़ की व्यवस्था और धान खरीदी के लिए समितियों में की गई तैयारियों का जायजा लेकर गुणवत्ता के संबंध में उपार्जन केंद्र में मौजूद कर्मी से अब तक की गयी धान ख़रीदी की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस मौके पर धान बेचने आए किसानों से चर्चा की और वहां क्रय धान की तौलाई कराकर वजन की मात्रा भी देखी। कलेक्टर ने किसानों से धान की तौलाई, भुगतान की स्थिति और सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली 7 उन्होंने केंद्र में संधारित की जा रही पंजियों का भी अवलोकन किया। धान की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार धान खरीदी की जानकारी ली।

जिलाधीश ने धान खरीदी में एप के माध्यम से टोकन की व्यवस्था के सम्बंध में समिति के सदस्यों से चर्चा की और किसानों के लिए प्रारंभ किए गए इस सुविधा के संबंध में किसानों को अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई आनलाईन टोकन व्यवस्था से किसानों को टोकन के लिए धान खरीदी केन्द्र आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे भीड़ में कमी आएगी 7 उन्होंने बायोमैट्रिक सिस्टम से हो रही धान खरीदी का मुआयान भी किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये 7

जिले में खरीफ सीजन में जिले में 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल 1 लाख 53 हज़ार किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रकबा 1 लाख 83 हजार 242 हेक्टेयर था। जो बढ़ कर इस साल 1 लाख 85 हजार 928 हेक्टेयर हो गया है। इस साल धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 802842 मैट्रिक टन है। पिछले साल अनुमानित लक्ष्य 679187 मैट्रिक टन था। इसके साथ ही जिले मे धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शुरू हो गया है। उठाव होने से अब खरीदी केंद्रों में धान रखने के लिए जगह की कमी नहीं रहेगी।

कलेक्टर एल्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दशा में धान खरीदी में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए सतर्क रहे। अवैध धान परिवहन पर सख़्त कार्रवाई करें। धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन की ओर से किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

# युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी युवक गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। 20 नवम्बर को लिखित आवेदन पेश कर प्रार्थीया ने चौकी देवरबीजा मे रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना दिनांक 19.11.2023 को अपने पिता एवं भाई के साथ अपने मो0सा0 में वापस अपने ग्राम जाने के लिये निकले थे कि मोटरसायकल कमांक सीजी 04 सीयू 8661 में दो लड़के ओमप्रकाश चक्रधारी एवं प्रतीक मानिकपुरी द्वारा हमारे मो0सा0 को बार-बार पीछा कर शाम करीबन 7ः30 बजे दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर प्रतीक मानिकपुरी द्वारा बेईज्जती करने के नियत से हाथ के कलाई को पकडने कि लिखित आवेदन पर अपराध सदर धारा 354, 354 (घ) 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह व स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण के विवेचना दौरान जिला बेमेतरा के पुलिस चौकी देवरबीजा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत रहने वाले आरोपी 1. प्रतीक मानिकपुरी पिता दशरथ दास मानिकपुरी उम्र 24 साल 2. ओमप्रकाश चक्रधारी पिता रामायण चक्रधारी उम्र 19 साल को आज दिनांक 21.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक भागवत सिंह, आरक्षक कैलाश पाटिल, रमेश च्रद्रवंशी, रामेश्वर पटेल एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनी भुमिका रही है।

संपादकीय

## ट्रेनें रद्द होने की फिर समस्या

छत्तीसगढ़वासी एक बार फिर से बड़ी संख्या में ट्रेंनें रद्द होने के कारण परेशानियों से गुज़र सकते हैं। लगता है कि एक तरह से दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आने वाला छत्तीसगढ़ ही रेल मंत्रालय के निशाने पर है जहां जब चाहे ट्रेनें रद्द कर दी जाती हैं। पिछले करीब चार वर्षों में अनगिनत बार ऐसा हो चुका है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी न तो मंडल कार्यालय इस ओर ध्यान देता है न ही रेल मंत्रालय के कानों पर जूं रेगती है।

पहले से रद्द हुई अनेक ट्रेनें तो अब तक चालू नहीं हुई हैं, अब रेलवे द्वारा फिर से अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंने रद्द की जा रही हैं। त्यौहारी व मांगलिक कार्यों के अवसरों पर ट्रेनों के रद्द होने का सामान्यजनों पर क्या असर होता है, इसकी कल्पना की जा सकती है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को न केवल कई बार अपनी यात्राएं रद्द करनी पड़ती हैं, कई बार सड़क मार्गों से जाना पड़ता है। सभी की आर्थिक क्षमता ऐसी नहीं होती कि वे निजी वाहन करके जा सकें। कई बार पूरे परिवार को यात्राएं करनी होती हैं। सभी के पास चार पहिया वाहन नहीं होते। दो पहिया वाहनों की वहन क्षमता सीमित होती है और इससे लम्बी दूरी की यात्राएं करना सम्भव भी नहीं होता। लोग इसीलिये ट्रेनों से यात्रा करते हैं कि उन पर न शारीरिक दबाव पड़े न आर्थिक बोझ। ट्रेन की यात्रा सुविधायुक्त होती है तथा सस्ती भी पड़ती है।

रेल मंडल ने अब 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 30 ट्रेनें रद्द करने का ऐलान किया है। बिलासपुर से शहडोल लाइन पर मेगा ब्लॉक होना इसका कारण बताया गया है। रायपुर-बिलासपुर होकर गुजरने वाली इन ट्रेनों के रद्द होने से चल रही अन्य ट्रेनों पर दबाव बढ़ेगा। कई ट्रेनों में तो वेटिंग भी बन्द हो चुकी है। पहले भी 8 ट्रेनों को रद्द किया गया था जो आज तक चालू नहीं हुई हैं। अब और ट्रेनों के रद्द होने से और समस्या बढ़ेगी। पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार इस तरह के नज़ारे छत्तीसगढ़ की जनता देख चुकी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अनिल वैष्णव को पत्र लिखे थे। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी रेल मंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद कोई स्थायी हल नहीं निकला है।

बताया तो यह भी जाता है कि रेल मंत्रालय द्वारा कोयला एवं माल ढुलाई को यात्रियों की बजाये तरज़ीह दी जाती है। अगर ट्रेनें रद्द ही करनी पड़ती हैं तो यात्री ट्रेनें ही रद्द होती हैं। इन ट्रेनों के रद्द होने पर बघेल ने तंज किया है- 'चुनाव खत्म होते ही ट्रेनें रद्द होने लगी हैं।'

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंने इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

# कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति जताया आभार



**बलौदाबाजार,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है।

**अधिकारी-कर्मचारियों-मीडिया को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद**

कलेक्टर चंदन कुमार ने आज कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाती है, परंतु मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक बनाने और उन्हें मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने का काम सबसे चुनौती भरा होता है। इसका ही सकारात्मक परिणाम है की जिले में पहली बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान को छुआ है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दिन रात एक कर जी-तोड़ मेहनत की है। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है। कलेक्टर श्री कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार जताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने इलेक्टानिक और प्रिंट, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रकरण की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ बलौदाबाजार भाटापारा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफ्वाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला। उन्होंने मतदान की सही और सटीक खबरों के प्रसारण को प्रमुख स्थान देने के लिए भी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक में सवार मितानिन महिला की मौत, एक घायल



**धमतरी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार 21 नवम्बर को धमतरी-नगरी मार्ग में एक ट्रेलर ने मो.सा. को अपने चपेट में ले लिया, जिससे मो.सा. में एक मितानिन महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के मुताबिक हादसा धमतरी-नगरी मार्ग पर केरेगांव थाना के पास हुआ है। जहां ट्रेलर वाहन ने महिला को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये हादसा उस वक्त हुआ जब सलोनी के भाटापारा निवासी लताबाई मितानिन, जागेश्वरी ओटी और उमेंद्र राम मंडावी एक ही बाइक पर सवार होकर केरेगांव अस्पताल से घर लौट रहे थे।उसी दौरान केरेगांव थाना के पास सामने से आ रही ट्रेलर ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया जिससे मितानिन लताबाई की मौके पर मौत हो गई, वहीं एक महिला जागेश्वरी ओटी गम्भीर रूप से घायल हुई है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले में आगे की कर्रवाई कर रही है। इधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

## कार की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

**बलौदाबाजार,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार मे बीती रात्रि कार की चपेट में आने से ईलाज के दौरान एक युवक की जिला हास्पिटल मे मौत हो गई है। वही घटना के बाद गुस्साए युवकों ने कोतवाली थाना पहुँच कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की मांग करने लगे जिसपर कोतवाली थाना प्रभारी ने युवकों को कानून सम्म्त कार्यवाही की बात करते हुए समझा कर वापस भेजा। वही कोतवाली पुलिस आरोपी कार चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी है।

कोतवाली थाना प्रभारी अमित तिवारी ने बताया कि बीती रात सुभाष चौक में कार से एक्सीडेंट हुआ था जिसमें ईलाज के दौरान युवक ईमरान की मौत हो गयी है। आरोपी कार चालक केशव सोनी को हिरासत में ले लिया गया है। धारा 304 के तहत कार्यवाही करते हुए आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

# गायत्री मंदिर में आंवला नवमी मनाया



**नवापारा राजिम,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में आज आंवला नवमी पुजन विधिवत रूप से मनाया गया। यह कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को होती है। आंवला नवमी अक्षय नवमी और कूष्मांड नवमी भी कहते हैं। आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा का खास महत्व है. मान्यता है कि इस दिन दान आदि करने से पुण्य का फल इस जन्म में तो मिलता ही है साथ ही अगले जन्म में भी मिलता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें टपकती हैं, इसलिए इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने की परंपरा है. ऐसा करने से सेहत अच्छी रहती है. इसके साथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आंवला नवमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया



**बलौदाबाजार,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में आंवला नवमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर समीप सोनबरसा जंगल, स्थानीय वन विभाग परिसर, पलारी स्थित बालसमुंद के अलावा निजी आवास परिसर में भी महिलाओं ने आज आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना की। वही एक दुसरे को सौभाग्य का प्रतीक सिंदूर लगाया। बलौदाबाजार मे यश फिटनेस क्लब के तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में क्लब परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और आंवला नवमी पर वृक्ष की पूजा अर्चना कर उसके नीचे भोजन बनाकर प्रसाद ग्रहण किया। वही भाटापारा शहर थाने में भी पुलिस परिवार ने इसका आयोजन किया। जिसमें पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। वही बच्चों एवं महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# जमीन विवाद को लेकर बाप-बेटे पर युवक ने किया टंगिया से हमला, आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी रामराज साहू के घर के सामने आरोपी धनसाय साहू पुरानी जमीन संबंधी बात को लेकर मां बहन की गंदी गदी अश्लील गाली कर रहा था जिसे प्रार्थी का लड़का उकेश साहू द्वारा गाली गलौच से मना करने पर आरोपी धनसाय साहू द्वारा झगड़ा विवाद कर जान से मारने की धमकी देकर अपने घर से टंगिया लाकर हत्या करने की नियत से उकेश साहू के बायें कान के पास टंगिया से मारा जिससे उकेश साहू को गंभीर चोट लगकर खून निकलने लगा, जिसे देखकर प्रार्थी रामराज साहू छुड़ाने दौड़ा तो उसे भी आरोपी धनसाय द्वारा जान से मारने की नियत से उसी टंगिया से रामराज साहू के गला के नीचे सीना पर मारा जिससे सीना में चोट लगकर खून निकल रहा था प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा त्वरीत कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थी एंव मूर्तजरर का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया हैं, प्रकरण में घटना स्थल निरीक्षण कर प्रार्थी एंव गवाहो का कथन लेखबद्ध कर आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त टंगिया खून लगा हुआ एवं घटना में प्रयुक्त के सामान को विधिवत् जप्त किया गया हैं।

आरोपी के विरुद्ध थाना मगरलोड में अपराध क्र. 263/23 धारा 307 भादवि. कायम कर 21 नवंबर को आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड उनि. चन्द्रकांत साहू, सउनि. अजय बनारसी, प्रआर. दीपक गौतम, जैतराम जोगी, आर. नवीन टंडन, गोविंदा धितलहरे का विशेष योगदान रहा।

# महिलाओं ने किया आंवला नवमीं पर पूजन व आराधना



**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम खरोरा समेत आसपास अक्षय आंवला नवमीं का पर्व मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने आंवला पूजन किया और सुख समृद्धि की कामना के साथ ही पेड़ के नीचे भोजन प्रसादी ग्रहण किया। आंवला नवमीं के दिन आंवला पेड़ के नीचे भोजन ग्रहण करने से अन्न दोष दूर होता है। धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमीं के दिन से द्वापरयुग प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु आंवला नवमीं से कार्तिक पूर्णिमा तक वास करते है इसलिए इस दिन पूजन करने से श्रीहरि विष्णु की पूजा हो जाती है। श्रीहरि विष्णु ने आंवला नवमीं के दिन ही कुष्मांड राक्षस का वध किया था। इसलिए आंवला नवमीं पर कुष्मांड याने कद्दू का दान भी करते है। इस दिन पूजन करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है इसलिए इसे अक्षय आंवला नवमीं कहा जाता है। ग्राम खरोरा की शिव कुमारी चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, फुलेश्वरी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, उतरा चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, लेख चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, डाली चंद्राकर, दिनेश्वरी निर्मलकर आदि ने आंवला पेड़ की पूजन कर भगवान विष्णु की अराधना की।

# बीरेंद्र दीपक कालेज में आंवला नवमीं मनाया गया



**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। बीरेंद्र दीपक कालेज जामगांव में आंवला नवमीं के अवसर पर पूजन कर रक्षासूत्र बांधे गए। इस मौके पर बीएड के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण कर वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। प्रशिक्षर्थियों ने कहा कि वृक्षों की सुरक्षा वर्तमान में बेहद जरूरी है। लोगों को जागरूकता का परिचय देते हुए यह संकल्प लेना चाहिए कि प्रकृति की अनुपम भेंट को हमें बचाए रखना है। प्रकृति ने हमें जीवन रक्षा के लिए पेड़-पौधों के रूप में अनमोल धरोहर भेंट की है। वातावरण को शुद्ध रखने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका है।

# ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने लोमश ऋषि आश्रम में मनाया आंवला नवमी



**नवापारा राजिम,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने आंवला नवमी के अवसर पर महानदी किनारे स्थित लोमस ऋषि आश्रम में आवला पेड़ की पूजा कर परिक्रमा किया वह भोग प्रसादी अर्पित किया इसके साथ ही सामाजिक संगठन पर चर्चा किया व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में महिला विप्र संगठन की अध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा पूनम दीवान पुष्पांजलि तिवारी रेणुका तिवारी रुचि शर्मा अनामिका तिवारी किरण तिवारी रश्मि तिवारी उमा शर्मा योगिता दुबे ने नीरजा पांडे हितेश्वरी द्विवेदी सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित थी.

# भाजपा राजिम विधानसभा की हुई आभार बैठक



**राजिम,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का राजिम विधानसभा स्तरीय बैठक केंद्रीय चुनाव कार्यालय राजिम में संपन्न हुई। उक्त बैठक में राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता गण भाजपा विधानसभा प्रत्याशी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में राजिम विधानसभा के चुनाव संचालक व संयोजक भागवत हरित ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा भाजपा विधायक प्रत्याशी रोहित साहू ने सभी नेताओं व पदाधिकारियों का चुनाव में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस आहूत बैठक को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्षगण कमल सिन्हा राजिम, संदीप पाण्डेय पाण्डुका ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने किया सभी पदाधिकारियों ने भारी बहुमत से राजिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत का दावा किया तथा बड़े अंतर से जीत दर्ज कर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने की बात कही। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष रेखा सोनकर, नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष जगदीश यादव, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, मंडल अध्यक्ष छुरा पीलू राम यादव, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके, मंडल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**सभी वरिष्ठ नेताओं की रही उपस्थिति**

# श्री गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी पर्व मनाया गया



**नवापारा राजिम,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगर की 100 वर्षीय प्राचीन गौशाला में आज मंगलवार 20 नवम्बर को गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जहां गौशाला स्थित हनुमान मंदिर में सर्वप्रथम सुबह 8 बजे सत्यनारायण भगवान की कथा हवन संपन्न हुआ, जिसमें पं. देवेंद्र मिश्रा के मंत्रोच्चारण के साथ समिति के उपाध्यक्ष सपत्नीक पूजा की। वहीं 10 बजे देवी देवता के पूजन पश्चात सोहाई बांधी गई एवं खिचड़ी खिलाकर प्रसाद वितरण दोपहर 12 बजे से किया गया. इसके पश्चात राउत नाचा का आयोजन भी किया गया. नगर से गौपूजा देखने एवं प्रसाद ग्रहण करने लोगों का हुजुम लगा हुआ था. सभी को पूजा प्रसाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर समिति के मनमोहन अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, गोविंद मोहन अग्रवाल, निर्मल नाहर, रमेश काबूरा, अजय अग्रवाल, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मोहतरा में आज सुवा नृत्य प्रतियोगिता

**बलौदाबाजार,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम मोहतरा (बलौदाबाजार) में युवा क्लब मोहतरा द्वारा सुवा नृत्य प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 22 नवम्बर को किया गया है। ग्राम के गोल चौंक में शाम 5 बजे से प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 12 हजार रूपये युवा क्लब आयोजन समिति द्वारा दिया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार 9 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 7 हजार रूपया, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार रूपया एवं पंचम पुरस्कार 4 हजार रूपया युवा क्लब आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया जावेगा।

ग्राम मोहतरा (बलौदाबाजार) में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव उठनी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ की पारम्परिक धरोहर सुवा नृत्य प्रतियोगिता युवा क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आयोजित किया गया है। समिति के सुरेन्द्र साहू, लेखराम साहू, चेतन साहू, कार्तिक साहू, मुकेश साहू, खिलावन प्रसाद साहू ने अंचल के सुवा नृत्य मंडलियों को आमंत्रित कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील किया है। इस प्रतियोगिता में प्रवेश निः शुल्क रखा गया है। जहां सम्मिलित मंडलियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी आयोजन समिति के द्वारा की गयी है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के प्रमुख सुरेन्द्र साहू ने निज सचिव विधायक बलौदाबाजार ने दी।

# अब महासमुंद में भी खुलेगा क्रिकेट एकेडमी, खिलाड़ियों को तकनीकी पहलुओं से कराया जाएगा अवगत



**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद में अपना तीसरा ब्रांच खोलने जा रही है। क्रिकेट खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा और रणजी ट्राफी, विजय हजारे ट्राफी तथा प्रदेश टीम के लिए खिलाड़ी तैयार हो सकते है। उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए संचालक व हेडकोच शबाब कुरैशी ने कही। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी को तैयार करना बड़ा मुश्किल काम होता है और खिलाड़ी अपनी लगन, मेहनत से आगे बढ़ सकता है। उसे खेल की तकनीकियों और बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। पूछे गए सवालों के जवाब में बताया कि राज्य में सबसे बड़ी एकेडमी के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से क्रिकेट के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में एक अलग नाम बन चुका है। महासमुंद में संचालित हो रही है जिले की एकमात्र क्रिकेट एकेडमी महासमुंद क्रिकेट ने पिछले 10 वर्षों में हर ग्रुप से क्रिकेट खिलाड़ी महासमुंद के तरफ से निकाले है। यहाँ उपलब्धि को देखते हुए रायपुर में संचालित हो रही राज्य की सबसे बड़ी और मशहूर क्रिकेट एकेडमी टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी ने अपनी ब्रांच महासमुंद में शुरू करने जा रही है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर, महासमुंद में संचालित हो रही महासमुंद क्रिकेट एकेडमी में अपनी ब्राँच शुरू करेगी अब से महासमुंद क्रिकेट एकेडमी, टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद के रूप में जानी जाएगी। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर के संचालक और हेड कोच एनआईएस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने बताया कि टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर की ये तीसरी ब्रांच होगी जो महासमुंद में मिनी स्टेडियम महासमुंद में शुरू होगी। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के महासमुंद में आने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित सर्टिफाइएड क्रिकेट कोच जमशेद रजा जो कि महासमुंद के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी भी रह चुके हैं। इनकी विशेष सुविधा भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सशिमं नवापारा में आंवला नवमी पर्व मनाया गया



**नवापारा राजिम,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में आंवला नवमी पर्व मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आंवला के पेड़ की पूजा विधि- विधान पूर्वक खीर-पूड़ी का भोग लगाकर श्रीफल अर्पित कर तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव ने आंवला नवमी का महत्व बताते हुए कहा की- कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा के साथ व्रत किया जाता हैं इसे आंवला नवमी कहते हैं ऐसा करने से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता इसलिए इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं।इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता व सुख -समृद्धि की कामना की जाती है।धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं। भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर भोजन किया जाता है ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं इस दिन किया गया तप-जप दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है तथा सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है।शिशु वाटिका प्रमुख बाल्मिकी धीवर ने बताया की- आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके वृक्ष के नीचे भोजन करने की प्रथा की शुरुआत करने वाली माता लक्ष्मी मानी जाती है । यह भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण अपनी बाल लीलाओं का त्याग करके वृंदावन की गलियों को छोड़कर मथुरा चले गए थे। आंवला भगवान विष्णु का सबसे प्रिय फल है और आंवले के वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का निवास होता हैं।आयुर्वेद के अनुसार आंवला आयु बढ़ाने वाला फल हैं यह अमृत के समान माना गया हैं इसीलिए हिन्दू धर्म में इसका ज्यादा महत्व है।इस अवसर पर आचार्य संजय सोनी नरेंद्र साहू,नंद कुमार साहू धनेश्वरी साहू निकिता तराने, मोनिका मालवीय, मंजू साहू, ममता साहू परमेश्वर सिन्हा उपस्थित रहें।

# पुरंदर मिश्रा ने किया सामाजिक सभाकक्ष का भूमिपूजन

**पिथौरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुरंदर मिश्रा मंगलवार को दस लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामाजिक सभाकक्ष का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही बसना विधानसभा के बलौदा उत्कल ब्राह्मण समाज के लोगों को आंवला नवमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन बेहद शुभ है। इस शुभ दिन पर सामाजिक सभाकक्ष के निर्माण के लिए भूमिपूजन होना सुखद संकेत है।



दरअसल, उत्कल ब्राह्मण समाज बलौदा के लोगों ने उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुरंदर मिश्रा को आंवला नवमीं पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। इस दौरान सामाजिक सभाकक्ष के निर्माण के लिए भूमिपूजन का भी आयोजन किया गया। पुरंदर मिश्रा ने धरती मां से आज्ञा लेकर पहली कुदाल चलाई और भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्तिक मास पुण्य मास है, ऐसे में समाज का यह प्रयास उल्लेखनीय साबित होगा। इस मौके पर पुरंदर मिश्रा ने उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की माता-बहनों के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं की चिंता करते हुए सालाना प्रत्येक विवाहित महिला को 12 हजार रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने प्रदेश की प्रत्येक महिलाओं को सक्षम बनाने की दिशा में बड़ी पहल की है। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेशभर के युवाओं के भविष्य की भी चिंता की है और उनके लिए रोजगार की व्यवस्था किए जाने का भी आश्वासन दिया है। आगे कहा कि प्रदेश के सभी गरीबों के लिए प्रधानमंत्री ने आवास योजना शुरु की है, जो सरकार आते ही बहाल की जाएगी और जरुरतमंद लोगों को उनका अधिकार मिल पाएगा। इस मौके पर नित्यानंद मिश्रा, दशरथ महापात्र, कृष्ण मुरारी पाणिग्रही, कपिलेश्वर पढ़ी, अनंत रामकार, केपी तिवारी, महादेव साहू, जितेन दास, रामलाल दास, पूर्णानंद मिश्रा, सुरेश पाणिग्रही, प्रकाश मिश्रा, नरेश तिवारी, संजय दास, चूड़ामणि महापात्र, श्याम सुंदर साहू, अभिलाष पढ़ी, किशोर रथ सहित बड़ी तादाद में समाज के लोग उपस्थित थे।

# सिवनीकला में अवैध कब्जाधारियों को तत्काल हटाए जाने की मांग

**बागबाहरा**, 21 नवंबर (देशबंधु)। कोमाखान तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनीकला में इन दिनों धड़ल्ले से कर रहे अवैध कब्जाधारियों को तत्काल हटाए जाने की मांग ग्रामीणों ने कोमाखान तहसीलदार से की है। उक्त अवैध कब्जाधारियों को शीघ्र नहीं हटाए जाने पर ग्रामीणों द्वारा तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। गांव में हो रहे अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामवासियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत सिवनीकला के निवासी मानसिंह साहू,जिलेस्वर, घनश्याम ,संतूराम,हुमेशवर ध्रुव , पवन कुमार,विजय कुमार,भीम साहू आदि ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर-21 ग्राम पंचायत सिवनीकला के खसरा नंबर-350 शासकीय घास भूमि में गांव के कतिपय लोगों द्वारा दबंगई के साथ अवैध कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य छज्जा लेबल तक पहुंच गया है। गांव के सार्वजनिक आम जगह में अवैध कब्जा होने से ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में भी निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामवासियों द्वारा ?पटवारी, आर.आई. एवं ?कोमाखान तहसीलदार को आवेदन देकर कार्रवाई करने हेतु मांग की गई है। वही ?अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ पंचायत के ग्राम सभा में भी इसकी शिकायत की गई है। लेकिन इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत एवं राजस्व विभाग के ?जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामवासियों द्वारा तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अवैध कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद जान पड़ रहे हैं। उन्हें गांव के आम निस्तारी जगह की जरा भी चिंता नहीं है। यह अवैध कार्य गांव में जोरों से हो रहे हैं। जिस पर रोक लगाना जरूरी है।

# नाम है श्यामला...! वजन, बढ़ाता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

**भाटापारा**, 21 नवंबर (देशबन्धु)। अमरूद की खेती करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर। अब काले अमरूद की भी खेती की जा सकेगी। इस प्रजाति के अमरुद में भरपूर मेडिशनल प्रॉपर्टीज की मौजूदगी की प्रमाणित हुई है।

नाम है श्यामला। काम है पेट से संबंधित व्याधियां दूर करना। जी हां, अमरूद की यह नई प्रजाति, ऐसी कई विशेषताओं से भरपूर है, जिनकी मदद से आम हो चली कई व्याधियां दूर की जा सकेंगी। इस प्रजाति के अमरूद के बीज तो कुछ ज्यादा ही औषधिय गुणों से भरपूर है।

**इसलिए श्यामला**

अमरूद की इस नई प्रजाति के फल का आवरण काला और भीतरी हिस्सा, लाल होता है। फूल और पत्तियां ही नहीं, तना भी श्याम वर्ण का होता है। इसी वजह से इसे श्यामला नाम से पहचाना जाता है। अन्य प्रजातियों की तुलना में श्यामला अमरूद में कहीं ज्यादा औषधिय गुणों का होना पाया गया है।

**मिले यह मेडिशनल प्रॉपर्टीज**

अनुसंधान में श्यामला में आयरन, कैल्शियम, विटामिन ए, बी और सी की मात्रा भरपूर मिली है। इसके अलावा पोटेशियम का भी होना प्रमाणित हुआ है। यह सभी औषधिय गुण रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं।



**यह रोग काबू में**

कब्ज और बवासीर आम रोग है। इसे समूल नष्ट करती है श्यामला। अनुसंधान में इसके बीज में वजन कम करने, ब्लड प्रेशर को काबू में रखने के गुणों का होना प्रमाणित हुआ है। बीज में पोटेशियम और फाइबर की मात्रा होने से पेट की कई अन्य व्याधियां दूर की जा सकती हैं।

**औषधिय गुणों का खजाना है काला अमरूद**

काले अमरूद का सेवन जहां पौष्टिक तत्वों की कमी दूर करने में कारगर है, वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा बहुत अधिक होती है जो बुढ़ापा आने से रोकती है। काले अमरूद को खाने से लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

- **अजीत विलियम्स**, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

# जलाराम जयंती पर 40 यूनिट रक्तदान

**दुर्ग,** 21 नवंबर। श्री जलाराम जयंती पर जिला रक्त केन्द्र द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम, सिविल सर्जन अस्पताल अध्यक्ष डॉ. एके साहू के अनुसार रक्त जिला अस्पताल में भर्ती क्रीटिकल सिकलिंग थैलीसीमिया एवं डिलीवरी, डेंगू से पीड़ित मरीजों के लिये कलेक्टर कर सुरक्षित रखा जाएगा।

## निधन

### जसबीर कौर सलूजा



**रायपुर,** 21 नवंबर। नर्मदापारा निवासी श्रीमती जसबीर कौर सलूजा (पत्नी स्व.भगवंत सिंह सलूजा) का निधन हो गया है। उनकी अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गुरमीत सिंह सलूजा (विक्की) की माता थी ।

### सोनवती साहू



**नवापारा राजिम,** 21 नवम्बर। स्थानीय बगदेहीपारा निवासी सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती सोनवती साहू का आकस्मिक निधन 20 नवंबर सोमवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### पुनउराम साहू



**नवापारा राजिम,** 21 नवम्बर। समीपस्थ ग्राम जौंदा के प्रतिष्ठित नागरिक पुनउराम साहू का 18 नवंबर शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भरत, शत्रुघन, रामाधार, रामनारायण के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम जौंदा में किया गया।

### कमलदेव चंद्राकर



**महासमुंद**, 21 नवंबर। ग्राम बेलसोंडा निवासी कमलदेव चंद्राकर 57 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेलसोंडा में किया गया। वे छन्नूलाल चंद्राकर के पुत्र थे।

### सोनई बाई साहू



**महासमुंद,** 21 नवंबर। स्थानीय सिविल लाईन निवासी श्रीमती सोनई बाई साहू 95 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम मुरकी के मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर साहू, पुनित साहू की मां व छग प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिखी राम साहू की सास थी।

# ग्रामीण चिकित्सा सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चैम्प प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीण चिकित्सा सहायक का दो दिवसीय प्रशिक्षण नीमहंस बेंगलुरु के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है! प्रशिक्षण में डॉ पी माहेश्वरी मनोरोग चिकित्सक उपस्थित हुए। उनके द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के इलाज को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक को मानसिक रोग के जांच, निदान और परामर्श के बारे में रूबरू कराया गया।



मानसिक रोग में मुख्यत: दो प्रकार के बीमारी होते है, पहला समान्य मानसिक बीमारी और दुसरा गंभीर मानसिक बीमारी जिसे हम साइकोसिस और न्यूरोसीस के नाम से जाना जाता है इसमें सिजोप्रेनिया, मेनिया, बाईपोलर डिसऑर्डर, डिप्रेशन, ऐंजाइटी, सोमेटो फार्म, ओसीडी, ऐलकोहल विथड्रॉल डिमेनेसिया, एपिलेपसी, बिहेवियरल, आर्टिस्म, एडीएचडी आदि डिसऑर्डर के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कौन से बीमारी में कितनी मात्रा में कब कब दवाई दी जानी है और कब कौन सी मरीज को कौन सी अवस्था में उच्च अस्पताल में रिफर किया जाना है आदि जानकारी दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य के उदेश्य को पुरा करने के लिए डॉ पी कुदेशोसिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुन्द व श्रीमती नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल मानसिक स्वास्थ्य के समनवय से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिला महासमुंद और गरियाबंद के 40 ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने भाग लिया गया। इसमें जिला महासमुन्द और गरियाबंध जिला से उपस्थित हुये थे। सभी को सर्टिफिकेट दिया गया। जिला महासमुंद से मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, टेकलाल नायक, देवकुमार डडसेना, जाग्रति साहू, टिकेश्वरी गोस्वामी, गौतम यादव उपस्थित हुए।

# मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद**, 21 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतगणना कार्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली अंतर्गत जयदेव सतपति शासकीय महाविद्यालय बसना के सहायक प्राध्यापक विजय कुमार कठाने, नंदकिशोर प्रधान, डॉ सुरेंद्र कुमार साव एवं अजय कुमार जलक्षत्री को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना अंतर्गत बूढ़ानशाह जी शासकीय नवीन महाविद्यालय तेंदूकोना के सहायक प्राध्यापक आशीष एक्का, पंकज कुमार भोई, प्रवीण कुमार चंद्राकर एवं शिव गोपाल रात्रे सहायक प्राध्यापक शासकीय खेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। 41 खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय पिथौरा के सहायक प्राध्यापक बी एस विशाल, पीरी सिंह ठाकुर एवं स्व. राजा विरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के सहायक प्राध्यापक उपेंद्र कुमार बरिहा, देवेंद्र कुमार मांझी तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र 42 अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान, दिलीप कुमार बढाई, प्रदीप कन्हेर एवं अजय कुमार देवांगन को मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## इलेक्ट्रीशियन का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ 24 तक कर सकते है आवेदन

**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबंधु)। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए 21 नवंबर से 30 दिवसीय इलेक्ट्रीशियन घरेलू विद्युत सेवा उपकरण का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है । जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2023 तक है। निदेशक बैंक ऑफबड़ौदा आरसेटी टुटु बेहरा ने बताया कि प्रतिभागियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बीपीएल राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। नि:शुल्क प्रशिक्षण पंजीयन के लिए एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07723.299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997.00673, प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402.81974 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गायत्री मंदिर में आंवला...

ही अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है. । गायत्री शक्ति पीठ के नारी शक्तियों के द्वारा आंवला नवमी पुजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### भाजपा राजिम विधानसभा...

अध्यक्ष फिंगेश्वर प्यारेलाल सोनकर,जितेंद्र सोनकर,लाला साहू, टिंकू ठाकुर,प्रतिक तिवारी,पार्षद पूर्णिमा चन्द्राकर,सोमप्रकाश साहू,बोधन साहू,नेहरू साहू, राजू साहू,मनीष हरित,पूर्णिमा चन्द्राकर,अनिता यादव,पुष्पा गोस्वामी,खुशी साहू,मधु नत्थानी,देवकी साहू, अनिता तंबोलकर,सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्री गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी...

दीपेश किरण काबरा, राजू आरती काबरा, ललित गंडेचा, नंदकिशोर राठी, लालचंद बंगानी, शिव तिवारी, एनके शर्मा, मुन्ना यादव, सुंदरसिंह ठाकुर, रूपेन्द्र चन्द्राकर, चन्दू कंसारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

### अब महासमुंद में भी खुलेगा क्रिकेट...

क्रिकेट खिलाड़ियों को प्राप्त होगी। इसके अलावा अच्छी एकेडमिक सुविधा, खिलाड़ियों को मिलेगी। खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट के साथ टर्फविकेट के मैचेस, नेट्स, हर हफ्ते मैच प्रतिदिन दो टाइम सुबह 3 और शाम 3 घंटे प्रतिदिन 6 घंटे के सैसन, छत्तीसगढ़ की अलग अलग एकेडमियों के साथ मैचेस, बैटिंग, बौलिग, फील्डिंग, कीपिंग की आधुनिक तकनीक के साथ प्रशिक्षण, खिलाड़ियों को आधुनिक फिटनेस के जरिये खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट के लिए तैयार करना, खिलाड़ियों के शरीर के विकास के लिए उनका डाइट प्लान आदि सुविधाए खिलाड़ियों को मिलेंगे। जो भी क्रिकेट खिलाड़ी टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद में शामिल होना चाहते है वो टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के कार्यालय मिनी स्टेडियम महासमुंद में संपर्क कर सकते है। पत्रकार वार्ता जमशेद रजा व इशाक खान भी मौजूद थे।

# भागवत कथा के लिए जल कलश यात्रा से हुआ मंडल प्रवेश, 7 दिनों तक बहेगी ज्ञान की गंगा

**महासमुंद,** 21 नवंबर (देशबंधु)। सात दिनों तक भागवत महापुराण ज्ञान गंगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसकोल रोड व स्थानीय पुराना रायपुर नाका के पास बहेगी। इसके लिए दोनों स्थानों पर जल कलश यात्रा से मंडप प्रवेश हुआ और गौकर्ण की कथा से भागवत महापुराण कथा का बखान किया गया। हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसकोल रोड में विकास कुमार साहू की स्मृति में 21 से 27 नवंबर तक कार्यक्रम आयोजित है।

यहां व्यासपीठ से कान्हाजी महाराज प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम साढ़े 6 बजे तक हरिलीला का बखान करेंगे। 22 नवंबर को परिक्षित जन्म, 23 को कपिल अवतार, प्रहलाद चरित्र, 24 को समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 25 को माखन चोरी, छप्पन भोग, 26 को रास लीला, कृष्ण रूखमणी विवाह व 27 को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा से भागवत महापुराण का विराम होगा।



आयोजनकर्ता ओमप्रकाश हेमलता साहू ने पावन प्रसंग में धर्म प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है। इसी तरह स्थानीय पुराना रायपुर नाका के पास पण्डा परिवार द्वारा श्रीमती ननली पण्डा की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा व्यास में शुक के रूप में डा. श्री यशवंत शर्मा महाराज विराजमान होंगे। वरण के रूप में पं. चित्रेश शर्मा व पारायणकर्ता डा. राजेश शर्मा है। संध्या बेला में आज जल कलश यात्रा निकालकर मंडप प्रवेश हुआ। पोथी पूजन गौकर्ण कथा से भागवत भगवान की कथा प्रारंभ हुई। 22 को सृष्टिवर्णन, परीक्षित जन्म, वारह अवतार, 23 को कपिलो व्याख्यान, शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, 24 को जड़ भरत प्रसंग, राम कृष्ण प्राकट्य प्रहलाद चरित्र का बखान करेंगे। आयोजनकर्ता सुनील, भास्कर, दिवाकर पंडा ने बताया कि कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम की बिजली लाइन कटी, अधिकारी गण पल्ला झाड़ रहे



**कुरूद**, 21 नवंबर (देशबंधु)। नगर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम की बिजली लाइन कटी हुई है. यहां प्रतिदिन कई खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते हैं. खिलाड़ियों के प्रशिक्षक ने बताया कि अभी नगर पंचायत कुरुद से परमिशन लेकर अपने नाम पर स्थाई कनेक्शन ले लिए हैं। ताकि खेल प्रशिक्षकों को परेशानियों का सामना करना मत पड़े क्योंकि यहां के खिलाड़ी कुछ समय बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हैं. विदित हो कि स्टेडियम का लोकार्पण 30 सितंबर 2018 को हुआ था। इसके बाद एसडीओ पीब्ल्यूडी कुरूद के मुताबिक अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम को नगर पंचायत कुरूद को हैंडओवर कर दिया गया था। श्री दीपक खाड़े मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुरूद ने बताया कि स्टेडियम का भूस्वामी तो पीडब्ल्यूडी है। उनके पास हैंडओवर करने का कोई दस्तावेज नहीं है। इस संबंध में पत्राचार भी किया जा चुका है। इस तरह पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आरके गजीर और नगर पंचायत कुरूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक खाड़े दोनों अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।

बैडमिंटन बॉयज क्लब कुरूद के अध्यक्ष प्रसन्न नायडू ने बताया कि वह स्टेडियम में खिलाड़ियों को अभ्यास करवाते हैं यहां बिजली लाइन कटी हुई थी, जिससे अभ्यास में परेशानी हो रही थी, इसलिए नगर पंचायत और आवश्यक संस्थाओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर बिजली लगवा ली है।

उन्होंने बताया कि आचार संहिता अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम हेतु बिजली नहीं देने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त कर बिजली लाइन कटवा देने की बात भी की थी। पीडब्ल्यूडी कार्यालय से जानकारी के मुताबिक राजनीतिक कार्यक्रम हेतु अनुमति पत्र भी पीडब्लयूडी एसडीओ द्वारा जारी किया गया था और ?9000 का मनी रिसिप्ट भी काटा गया है। एसडीओ अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं और नगर पंचायत कुरूद को हैंड ओवर करने का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं ।

यहां पर यह बात सामने आ रही है कि यदि नगर पंचायत को हैंड ओवर कर चुके होते तो पीडब्ल्यूडी एसडीओ कार्यक्रम हेतु अनुमति कैसे प्रदान करते? नगर पंचायत कुरुद के पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने नगर पंचायत कुरूद के कार्यालय पहुंचकर उपरोक्त संबंध में शिकायत की है । पी डब्ल्यू डी से प्राप्त दस्तावेज अनुसार उक्त स्टेडियम को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हैंडओवर किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक खाड़े से स्टेडियम के बिजली बिल का भुगतान कौन से विभाग द्वारा किया जाता हैं इस संबंध में जानकारी चाही गई तो बताने में असमर्थता जाहिर की इतना बड़ा स्टेडियम कौन से विभाग के अधीन है कौन से विभाग इसके लिए जिम्मेदार है भगवान हि मालिक है।

# रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर चोरी के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिमगा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण कुमार बंजारे पिता स्व. खोरबाहरा बंजारे उम्र 53 वर्ष साकिन मांढर कला थाना सिमगा का दिनांक 20.11.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह खेती किसानी का काम करता है धान को मिसाई के बाद गांव के मजदूरो से घर के आंगन मे बाहर रखवाया था जो कुल 74 बोरी महामाया धान जिसमे शक्कर वाली सफेद रंग की 13 बोरी एवं 61 बोरी खाद वाली थी 11 नवंबर को रात्रि मे सह परिवार भोजन करके घर अंदर सोने चले गये सुबह उठे तो देखा कि रखे गये बोरी में एक बोरी अलग से गिरा हुआ था। शंका होने पर पूरे बोरी को गिना जिसमे 4 शक्कर वाली बोरी महामाया धान भरा हुआ प्रत्येक 50 किलो ग्राम कुल 02 चिंटल किमती 5000 रू को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया था। तब प्रार्थी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा पंजीबद्ध कर ममाले को विवेचना मे लिया था । विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि उक्त चोरी गई मशरूका को संदेही आशीष दिवाकर व हरजीत दिवाकर के द्वारा चोरी कर उक्त धान को ग्राम दरचुरा में बिक्री किये है दोनो संदेहियो को हिरासत मे लेकर गवाहो को तलब कर धारा 160 का नोटिस देकर समक्ष गवाहो के पूछताछ कर मेमोरंण्डम कथन लिया जो प्रार्थी के घर रखे धान भरे बोरी मे से 04 बोरी को दोनो आरोपी के द्वारा चोरी कर ले जाना एवं दिनांक 11.11.2023 को सुबह दरचुरा के रामशंकर साहू के रोहित किराना दुकान मे विक्रय किये है कि आरोपी आशीष के पेश करने पर एक टीव्हीएस मोटर सायकल सीजी-10-एच-3015 की जप्ती कर मेमो कथन अनुसार ग्राम दरचुरा पहूच कर आरोपियो के निशानदेही मे रोहित किराना दुकान पहूचा जहां रामशंकर साहू से पूछताछ किया जो 04 बोरी महामाया धान 3000 रू मे खरीदना बताया कि रामशंकर का कृत्य धारा 411 भादवि का घटित करना पाये जाने से धारा जोडी गई। रामशंकर के पेश करने पर 04 बोरी महामाया धान किमती 5000 रू मुताबिक जप्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया प्रकरण कि विवेचना मे आरोपीगण 1. आशीष दिवाकर 2. हरजीत दिवाकर के द्वारा धान को चोरी करना व चोरी के धान को आरोपी 3. राम शंकर साहू के द्वारा खरिदना पाये जाने से उपरोक्त आरोपीगण के द्वारा अपराध धारा 457,380,411,34 भादवि का घटित करना सबूत पाये जाने से आरोपीगण को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



**आरोपीगण से चोरी का पूर्ण मशरूका बरामद**

# मां लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाल किया विर्सजन



**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। लक्ष्मी उत्सव समिति धुर्राबांधा के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली की पावन पर्व में लक्ष्मी पूजा के दिन गांधी चौक में मां लक्ष्मी की मूर्ति बैठक कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करतें हैं, मां लक्ष्मी जी को भाई दूज के दुसरे दिन, 16 नवंबर को बाजे गाजे के साथ गांव के हर चौक चौराहों तक ले जा कर विधि - विधान से खुशीयों के साथ सोभा यात्रा निकाला गया, तलाब ? में ले जा कर माता रानी की पूजा अर्चना करने के बाद तलाब में विसर्जन किया गया, साथ ही सभी सदस्यों ने पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की कामना किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित समिति के सदस्य, अशोक वर्मा, तिहारु वर्मा, कन्हैया वर्मा रोहित वर्मा, कामत वर्मा, रोहित वर्मा, राजू गब्बर वर्मा, छगन वर्मा, प्रमोद वर्मा भूपेंद्र वर्मा गणेश वर्मा, मनोज वर्मा, बिमल वर्मा, राजू वर्मा, टेकराम वर्मा, कमलेश वर्मा, गैंद वर्मा, सेवक राम वर्मा, कमलेश वर्मा, तेज राम वर्मा, नरशीग वर्मा, रज्जू वर्मा, विनोद वर्मा, सोनू वर्मा, अजय वर्मा, छबीलाल वर्मा, नागेश्वर वर्मा, करण वर्मा, रूबी वर्मा, दुर्गेश वर्मा, धनीराम वर्मा, बलराम वर्मा, रवी वर्मा, कोमल वर्मा, हर्षद वर्मा, टिकेश्वर, मनोहर, रोशन, वियाश, गोलू, गोविंद यादव, डाकेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, गणराज वर्मा, राकेश वर्मा, पुरन वर्मा, मुकेश वर्मा, परमेश्वर, राजेन्द्र वर्मा, धनीराम वर्मा, उमेश वर्मा, हेमंत वर्मा, इस कार्यक्रम गांव के प्रमुख सियान कलेशर वर्मा, दुखीत वर्मा, रामखिलावन वर्मा, दिलीप वर्मा, पवन, मोहित वर्मा, भागवत, अश्वनी वर्मा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अभी तक जिले के 9 हजार 523 किसानों ने बेचा 72 करोड़ से अधिक राशि का धान



- समितियों में 3 लाख 29 हजार क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी
- खरीदी केन्द्रों से धान उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी

**गरियाबंद,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले में 01 नवम्बर से धान खरीदी शुरू हुई है, जो कि निरंतर जारी है। धान उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ी है। अभी तक जिले के 9 हजार 523 किसानों ने 72 करोड़ 6 लाख रूपये का धान सहकारी समितियों में बेच चुके है। इस प्रकार समितियों में 3 लाख 29 हजार 17 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। साथ ही खरीदी केन्द्रों से मिलरों को धान उठाव के लिए डीओ भी जारी किये जा रहे है। अभी तक 1 लाख 87 हजार 771 चिंटल धान उठाव के लिए डीओ जारी किये जा चुके है। उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के साथ-साथ किसानों को धान बेचने में सहुलियत प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई है। साथ ही टोकन प्राप्त करने के लिए मोबाईल एप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से आसानी से धान बेचने के लिए किसानों को टोकन मिल जा रहा है। इसके अलावा समितियों के माध्यम से भी टोकन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

डीएमओ श्री अमित चन्द्राकर ने बताया कि धान खरीदी की सतत् व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्बाध धान खरीदी करने के लिए मैदानी अमला जिले के प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में किसानों से धान की आवक और भी बढ़ेगी। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों में व्यापक व्यवस्था की गई है। साथ ही बारदानों की भी पर्याप्त व्यवस्था खरीदी केन्द्रों में की गई है। डीएमओ ने बताया कि अभी तक चरौदा समिति के कुंडेलभाठा उपार्जन केन्द्र में सबसे अधिक 349 किसानों ने 10 हजार 156 चिंटल धान बेचा है। जिसकी कीमत 2 करोड़ 23 लाख रूपये है।

# आंवला नवमी में आंवला की विशेष पूजा-अर्चना



**पिथौरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में आज आंवला नवमी के अवसर पर वनांचल क्षेत्रों, वन भोज स्थलों में आंवला वृक्ष की महिलाओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। खीर पूड़ी का भोग लगा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रणीता, नीलिमा, नमिता, रानू, शालू आदि ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना करते हुये कहा कार्तिक माह में आंवला नवमी को औषधि युक्त आंवला वृक्ष , पौधा की पूजा-अर्चना करने से श्री की प्राप्ति होती है परिवार में सुख, शांति, समृद्धि आती है आगे उन्होंने कहा कि हमें पेड़ पौधों की पूजा के साथ उनकी सुरक्षा करनी चाहिए चाहे वह कोई भी वनस्पति क्यों ना हो पेड़ पौधे पर्यावरण की शुद्धता बनाते है है जो जीव जगत के लिए वरदान होता है। इस अवसर पर युवक, युवतियां, महिला पुरुष सहित बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना के पश्चात वहीं पर भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।

# नर को नारायण पद प्राप्त करने के लिए उत्तम सोपान है श्रीमद् भागवत : पं. हरगोपाल शर्मा

**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। विश्नोई परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्ति की गंगा बह रही है जिसका श्रद्धालु जन भरपूर लाभ ले रहे है।

व्यास पीठ पर कथा वक्ता के रूप में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा द्वारा अपनी ओज पूर्ण वाणी से भगवान व उनके भक्तों के दिव्य चरित्र को संगीतमय कथा के माध्यम से बताया जा रहा है ।भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया की भागवत समस्त वेदों और उपनिषदों का सार है जीव के एक जन्म ही नहीं अन्नत जन्मों के भाग्य उदय होते है तो ही श्रीमद् भागवत कथा श्रवण में रुचि हो पाती है ।चिंतन कैसे बढ़े और चिंता से मुक्ति कैसे मिले इसकी शिक्षा हमें जिस सदग्रंथ से मिलती है वो श्रीमद् भागवत है । व्यक्ति अगर अपना कल्याण चाहता है तो उसे जिस परमात्मा की इच्छा शक्ति से ये पूरा विश्व पालित होता और लय होता है उस सत्य स्वरूप भगवान का चिंतन सदैव करते रहना चाहिए ।



पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया की विपत्ति को विपत्ति व संपत्ति को संपत्ति नहीं कहते भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपत्ति व भगवान की याद बनी रहना ही सबसे बड़ी संपत्ति है ।शरीर की पवित्रता सेवा करने से,धन की पवित्रता दान से और मन की पवित्रता भगवान के कीर्तन करने से होती है ।सुकदेव जी व परीक्षित के जन्म के साथ ही परीक्षित व कलयुग के संवाद को बड़े ही विस्तार से कहा ।उन्होंने कहा की व्यक्ति को अगर ब्रह्मतेज चाहिए तो उसे ब्रहस्पति,इंद्रिय बल के लिए इंद्र,संतान प्राप्ति हेतु प्रजापतियों,लक्ष्मी के लिए मायादेवी,आयु के लिए अश्विनी कुमार,सौंदर्य के लिए गंधर्वों,विवाह के लिए उर्वशी अप्सरा, विद्या के लिए शंकर व पति पत्नी में प्रेम के लिए मां पार्वती की उपासना करनी चाहिए किंतु जो निष्काम अथवा सभी कामनाओं को पूर्ण करना चाहे या मोक्ष चाहे उसे श्री हरी का भजन करना चाहिए जिसमे नर को नारायण बनाने का सामर्थ है जो व्यक्ति मानव शरीर पाकर भगवान का भजन नहीं करते उनका जीवन सुअर,कुत्ता,ऊंट व गधे के समान व्यर्थ होता है इसलिए जीव को सदा भगवान नाम का आश्रय लेना चाहिए ।

प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु काफी संख्या में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालु उपस्थित हो रहें है एवं कथा के मध्य श्याम मित्र मंडल के गिरधर महाराज,संजू महाराज व गुड्डू भाई के द्वारा संगीत के साथ गाए जा रहे भजनों पर भाव विभोर हो नाच गा रहे है ।

# लूट करने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को संपत्ति संबधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है कि अति। पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में अपराध क्र. 424/2023 धारा 394 भादवि के आरोपीयों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी पुरूषोत्तम दिवाकर 17 नवंबर को वोट डालने के बाद अपने मोहल्ला के काली मंदिर के पास खडा था एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति पास आये और बोला कि तुम्हे एक व्यक्ति बुला रहा है काम है। कहकर मुझे अपनी मोटर सायकल मे बिठाकर ले गया शहर से बाहर निकले तो कहा ले जा रहे हो कहने पर मुझे चुप बैठो जाने के बाद पता चल जायेगा कहकर एक गांव के नर्सरी में ले गया और मोटर सायकल से उतारने के बाद तुम कितना पैसा रखे हो हम लोगो को दे दो कहने लगा। तब मैं मेरे पास कोई पैसा नही है कहने पर एक व्यक्ति ने थप्पड से मुझे मारा पेंट की जेब मे हाथ डालकर जेब में रखे 200 को लुट लिया। प्रार्थी कि लिखित रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान लूट की गई 200 को जप्त की गई है। कि प्रकरण के आरोपी 01- राहुल सोनवानी पिता रामसिंग सोनवानी 02 अनिल लहरे पिता तारन लहरे 03. राहुल नवरंगे पिता दिनदयाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे , थाना भाटापारा ग्रामीण प्रभारी अमित पाटले, उप.निरीक्षक राजकुमार डहरिया, आरक्षक सीताराम ध्रुव, उमेश वर्मा, विजय ठाकुर एवं थाना भाटापारा ग्रामीण से सउनि संजीव सिंह, आर. गौरी कश्यप संयुक्त रूप से योगदान रहा।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आधार से मोबाईल नम्बर लिंक करना अनिवार्य

**बलौदाबाजार,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आंनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर के वर्ष 2021-2022 से आधार आधारित आवेदन पोर्टल पर छात्र-छात्राएं स्वयं छात्रवृत्ति पोर्टल पर कर रहे है। वर्तमान सत्र 2023-24 से छात्र-छात्राएं को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से किया जाना है। इस हेतु आंनलाईन पोर्टल में विद्यार्थी अपना आधार नम्बर से पंजीकृत लिंक मोबाईल नम्बर की प्रविष्टी कराना अनिवार्य होगा। जिसे उक्त मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत ही विद्यार्थियों का आवेदन लॉक हो सकेगा। तत्पश्चात विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार किया जावेगा।

# कंचनपुर में होगा रास पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम

**पिथौरा,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम कंचनपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रास पूर्णिमा पर विविध आयोजन किया जाएगा। कंचनपुर के सरपंच राजेश साव ने जानकारी देते हुए बताया की 5 दिन तक ग्रामवासियों के द्वारा रात्रि कालीन कार्यक्रम 23 नवंबर से 27 नवंबर तक होगा। प्रथम रात्रि 23 तारीख गुरुवार कलश यात्रा एवं श्री राधा कृष्ण का मूर्ति स्थापना, 24 तारीख रात्रि शुक्रवार को रामायण (1) आंचल मानस परिवार रीकोकला (सपोस) (2) श्री राम जानकी मानस परिवार (रायगढ़ )रागिनी चौहान 25 तारीख रात्रि शनिवार भागवत (1) कीर्तन पार्टी चकरदा (सरायपाली) (2) नगेडी (राजादेवरी ) (3) पोटापारा बसना 26 तारीख रात्रि रविवार राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता। (दसवां वर्ष )27 तारीख रात्रि सोमवार गम्मत गवई के हीरा नाच पार्टी (जेवरा) (2) रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी गरियाबंद (छुरा) का कार्यक्रम है, आयोजन को सफल बनाने में त्रिलोचन पटेल ,सरपंच राजेश साव, हरिलाल सिदार, सीताराम पटेल,पुनीत लाल साहू , पूर्व सरपंच करमसिंग साव ,राधेश्याम पटेल, सागर पटेल ,तेजलाल पटेल, परती सिदार,हेमराज सिदार, बुंदराम सिदार, काशीनाथ पटेल, हेमकुमार पटेल ,पंच मोहन पटेल , तेजराम पटेल ,फ़गुलाल रात्रे ,श्रवण पटेल ,बंशीधर पटेल, खगेश्वर पटेल, पालेश्वर यादव, कोटवार रोहित चौहान, केतन पटेल, मुन्ना पटेल, अरुण पटेल, रंजिलाल चौहान, श्रीधर चौहान ,जीवन लाल साहू , सेतराम पटेल, बिंदा प्रसाद पटेल, रोहन पटेल, कृपाराम पटेल, हराधन पटेल, वेदराम पटेल, पंचराम साहू, बसंत पटेल ,जितेंद्र पटेल, नंदू पटेल, रोहित पटेल, दिनेश पटेल, संतराम पटेल, सनत पटेल, जलसाय पटेल, हितेश पटेल, अशोक पटेल, वीरेंद्र सिदार, घासीयाराम पटेल, रविशंकर साव, बरुन साहु, गिरधर ,वासुदेव पटेल ,मानसिंह सिदार, विजय रात्रे, संतोष सोनी, बरातू पटेल, संदीप पटेल, हरिचंद्र पटेल, जनकराम पटेल, राहुल पटेल, सुमित पटेल, मनीष सिदार, सूरज साव, टेकराम पटेल, हरीश पटेल ,गोभीर पटेल ताराराम साव सहित ग्रामवासी जुटे है। आयोजन समिति द्वारा इस अवसर पर श्रद्धालुओं को उपस्थिति की अपील की है।

# गांवों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला

## स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों में बढ़ चढ़कर सहयोग किया

**फिंगेश्वर,** 21 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला के स्काउट गाइड की छात्र-छात्राओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिंकारा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रामेंद्र कुमार जोशी, जिला सचिव रोमन लाल साहू जिला संगठन आयुक्त आशीष साहू जिला गाइड आयुक्त श्रीमती सीमा साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग पर मतदान दिवस के दिन भिन्न-भिन्न मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला भवन परसदाकला शासकीय प्राथमिक शाला भवन परसदाकला भाग ब प्राथमिक शाला भवन गनियारी प्राथमिक शाला भवन पतोरा में मतदाता मित्र के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला के स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं ने दिव्यांग, निशक्तजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान कराने में विशेष सहयोग दिए इसके साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं को पानी पिलाने, लाईन लगवाने ,मतदान हेतु प्रेरित करने जैसे अनेक सेवा कार्य मतदान दिवस पर किए ।उनके इस कार्य पर संस्था प्रमुख श्री नारायण सिंह ठाकुर सर स्काउट प्रभारी श्री गिरवर यादव एवं विद्यालय की समस्त स्टाफ का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा उपरोक्त स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं में कुमारी सोनाली निषाद ,रुपाली ,कोयल साहू ,भुनेश्वरी साहू डोमेश्वरी साहू योगेश्वरी सेन गीतांजलि तथा स्काउट शशिकांत साहू, हरिश्चंद्र मनीष निषाद लोकेश सेन खेमराज एवं अन्य स्काउट गाइड मतदाता मित्र के रूप में अपने कार्य पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से निभाए ,हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।



# मतगणना कार्य के व्याख्याताओं की लगी ड्यूटी

**धमतरी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में होगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मतगणन कार्य का टेब्यूलेशन करने हेतु प्राचार्य, भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रूद्री श्री जी.आर. साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने इस कार्य के लिए पॉलीटेक्निक के व्याख्याताओं की ड्यूटी विधानसभावार लगाई है।